RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 15
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 17 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार
स्पोर्ट्स-12

# बाली घोषणापत्र में भी गूंजी मोदी की अपील

## यूक्रेन विवाद पर हाल ही में प्रधानमंत्री ने कहा था-यह जंग लड़ने का युग नहीं, घोषणापत्र में दुनिया भर के नेताओं की भी यही रही राय

- रूस-यूक्रेन युद्ध पर सदस्यों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया गया, लेकिन इस बात पर जोर दिया गया कि संघर्षों में फंसे नागरिकों की सुरक्षा करना आवश्यक
- भारत ने आने वाले वर्ष के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बाली, इंडोनेशिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की यूक्रेन विवाद के संदर्भ में हाल ही में की गई अपील कि 'आज का युग युद्ध का नहीं है', की गूंज बुधवार को जी20 शिखर बैठक के बाद जारी बाली घोषणापत्र में भी सुनाई दी। हालांकि घोषणापत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध पर सदस्यों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों में फंसे नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना आवश्यक है। इस दौरान पीएम मोदी समेत वैश्विक नेताओं ने जारी युद्ध को तुरंत खत्म करने का आह्वान किया तथा सभी मुद्दों को बातचीत और राजनयिक चैनल के जरिये हल करने का समर्थन किया। इंडोनेशिया के बाली में दो दिवसीय सम्मेलन के बाद घोषणापत्र जारी किया गया। सम्मेलन में रूसी सैन्य कार्रवाई तथा ईधन, खाद्य सामग्री और उर्वरक सप्लाई चेन पर पड़ने वाले उसके विपरीत असर पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में यह संदेश दिया था। घोषणापत्र में नेताओं ने यूक्रेन युद्ध को तत्काल खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए। संवाददाताओं से बात करते हुए विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निर्देशित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सहमति बनाने में अहम भूमिका अदा की। जैसे ही शिखर सम्मेलन समाप्त हुआ, भारत ने आने वाले वर्ष के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले इस समूह के लिए मोदी ने समावेशी और महत्वाकांक्षी एजेंडे का वादा किया। घोषणापत्र में समूह के सदस्यों ने शांति, शत्रुता को समाप्त करने और यूक्रेन में युद्ध को खत्म करने का आह्वान करते हुए यह रेखांकित किया कि मौजूदा स्थिति के जारी रहने से खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान, संकटों को दूर करने के प्रयास, साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं। आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए। घोषणा में कहा गया है कि कई जी -20 सदस्यों ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध की कड़ी निंदा की और यह विचार व्यक्त किया कि मास्को का यूक्रेन के खिलाफ अवैध, अनुचित और अकारण युद्ध वैश्विक आर्थिक सुधार को बाधित ( शेष पेज 8 )

## युवा शिक्षित भारतीयों को ब्रिटेन हर साल देगा तीन हजार वीजा

- वहां रहने और दो साल तक काम करने का मिलेगा मौका, पीएम नरेंद्र मोदी की अपने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक के साथ बैठक के बाद नई योजना को मंजूरी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बाली

**ब्रिटेन** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक के बीच जी20 सम्मेलन के इतर पहली बैठक के बाद बुधवार को उस नई योजना को मंजूरी दी, जिसके तहत 18-30 वर्षीय डिग्रीधारी-शिक्षित भारतीयों को ब्रिटेन में आकर रहने और दो वर्ष तक काम करने के लिए हर साल 3,000 वीजा प्रदान किए जाएंगे।

मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं और सभी बैठकों का प्रमुख ध्यान रक्षा और आर्थिक संपर्क को बढ़ावा देने पर था। सुनक के साथ अपनी बातचीत के बाद, मोदी ने कहा कि भारत मजबूत भारत-ब्रिटेन संबंधों को बहुत महत्व देता है, जबकि विदेश मंत्रालय ने कहा कि चर्चा व्यापार, गतिशीलता, रक्षा और सुरक्षा जैसे सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर हुई।


बाली में ब्रिटेन के समकक्ष ऋषि सुनक से मिलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

मोदी ने ट्वीट किया, बाली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत अच्छा लगा। भारत मजबूत भारत-ब्रिटेन संबंधों को बहुत महत्व देता है। हमने वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाने, भारत के रक्षा सुधारों के संदर्भ में सुरक्षा सहयोग का दायरा बढ़ाने और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को और भी मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक यहां जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर हुई। कुछ सप्ताह पहले भारतीय मूल के नेता के ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। सुनक ने कहा, हमारी सुरक्षा और समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र गतिशील और तेजी से बढ़ती ( शेष पेज 8 )

## श्रद्धा हत्याकांडः आफताब का नार्को टेस्ट कराना चाहती है दिल्ली पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस महरौली हत्या मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट कराना चाहती है। वहीं, छतरपुर के जंगली इलाके में लगातार दूसरे दिन पुलिस ने पूनावाला की लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा वालकर के शव के शेष हिस्सों की तलाश की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि दोनों के बीच वित्तीय मामलों को लेकर अक्सर लड़ाई होती थी और आशंका है कि 18 मई की शाम दोनों के बीच कहासुनी हुई होगी, जिसके बाद पूनावाला ने श्रद्धा (27) की हत्या कर दी।

जांचकर्ताओं के अनुसार, पूनावाला अपने बयान बदल रहा है और जांच में सहयोग नहीं कर रहा है, लिहाजा नार्को टेस्ट की जरूरत है। शव के अब तक बरामद 13 हिस्सों के डीएनए विश्लेषण के लिए वालकर के पिता के रक्त के नमूने भी एकत्र किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पूनावाला ने कथित तौर पर श्रद्धा का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव के 35 टुकड़े करके दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने घर पर लगभग तीन सप्ताह तक 300 लीटर के फ्रिज में रखा और कई दिनों तक विभिन्न हिस्सों में फेंकता रहा। पुलिस ने कहा कि वालकर का सिर, फोन और अपराध में इस्तेमाल हथियार अब तक बरामद नहीं हुआ है। आशंका है कि पूनावाला ने उसे



पहले भी मारने की कोशिश की थी और इसकी जांच की जा रही है। पूनावाला को बृहस्पतिवार को साकेत कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस उसकी हिरासत मांगेगी। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि पूछताछ के दौरान उसमें पश्चाताप के कोई संकेत नहीं दिखे। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान, पूनावाला और वालकर के तनावपूर्ण संबंधों के बारे में अधिक जानकारी सामने आई है।

दोस्तों और परिवार ने आरोप लगाया है कि महिला उससे नाखुश थी और वित्तीय मामलों व बेवफाई के संदेह को लेकर उनके बीच अक्सर झगड़े होते थे। पुलिस ने यह भी पाया कि 22 मई के बाद, 54,000 रुपए वालकर के बैंक खाते से पूनावाला को हस्तांतरित किए गए थे और जांचकर्ता दोनों के बीच सोशल मीडिया पर हुई बातचीत की भी जांच कर रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि वालकर पूनावाला पर मुंबई वाले घर से अपना सारा सामान लाने के लिए जोर डाल रही थी, लेकिन दोनों के पास मुंबई वापस जाने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे। इससे उनके बीच और तनाव पैदा ( शेष पेज 8 )


## टिकट के लिए रिश्वत के आरोप में आप विधायक का साला गिरफ्तार

- निगम चुनाव में टिकट दिलाने के एवज में 90 लाख रुपये मांगने का आरोप, एसीबी ने पीए व सहयोगी को भी धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एमसीडी** चुनाव की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में मॉडल टाउन से आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के साले और पीए समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर गोपाल खारी नाम के शख्स से 90 लाख रुपये लेने का आरोप है।

गोपाल ने यह शिकायत सोमवार शाम को एसीबी से की थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। गोपाल खारी ने दावा किया है कि वह साल 2014 से आप के साथ सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़ा हुआ है। एसीबी ने



बताया कि खारी ने पिछले बुधवार को मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी से मुलाकात कर अपनी पत्नी को कमला नगर के वार्ड नंबर 69 से पार्षद चुनाव के लिए आप का टिकट दिलाने का अनुरोध किया था।

त्रिपाठी ने टिकट के बदले कथित तौर पर 90 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। खारी ने उन्हें 35 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। शिकायत के अनुसार, त्रिपाठी के कहने पर खारी ने आप विधायक राजेश गुप्ता को भी 20 लाख रुपए दिए। इसमें दावा किया गया है कि खारी ने त्रिपाठी से कहा था कि वह बाकी राशि का भुगतान टिकट मिलने के बाद करेगा। हालांकि रविवार को जारी उम्मीदवारों की सूची में खारी को अपनी पत्नी का नाम नहीं ( शेष पेज 8 )

## हवाई यात्रा के दौरान मास्क पहनना अब अनिवार्य नहीं रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नागरिक** उड्डयन मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हवाई यात्रा के दौरान मास्क पहनना अनिवार्य नहीं है, लेकिन कोरोना वायरस मामलों की घटती संख्या के बावजूद उन्हें मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। अब तक, उड़ानों में यात्रा करते समय मास्क का उपयोग अनिवार्य था। एयरलाइन को जारी एक संचार में मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सरकार की कोविड-19 प्रबंधन प्रतिक्रिया के लिए एक श्रेणीबद्ध दृष्टिकोण की नीति के अनुरूप लिया गया है। इसमें कहा गया है, अब से इन उड़ानों में केवल यह उल्लेख किया जा सकता है कि कोविड-19 महामारी के खतरे के मद्देनजर सभी यात्रियों को मास्का/फेस कवर पहनने को प्राथमिकता देनी चाहिए। अद्यतन आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 7,561 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों ( शेष पेज 8 )

## कठुआ गैंगरेपः आरोपी के खिलाफ चलेगा वयस्क के रूप में मुकदमा

- शीर्ष न्यायालय ने कहा, वारदात के समय नाबालिग नहीं था आरोपी, कहा-उम्र के संबंध में चिकित्सकीय राय को दरकिनार नहीं किया जा सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कठुआ में आठ साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार एवं उसकी हत्या के सनसनीखेज मामले का एक आरोपी अपराध के समय नाबालिग नहीं था और अब उसके खिलाफ वयस्क के तौर पर नए सिरे से मुकदमा चलाया जा सकता है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को दरकिनार कर दिया। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि वैधानिक सबूत के अभाव में किसी अभियुक्त की उम्र के संबंध में चिकित्सकीय राय को दरकिनार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति



जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि अभियुक्त की आयु सीमा निर्धारित करने के लिए किसी अन्य निर्णायक सबूत के अभाव में चिकित्सकीय राय पर विचार किया जाना चाहिए। चिकित्सकीय साक्ष्य पर भरोसा किया जा सकता है या नहीं, यह साक्ष्य की अहमियत पर निर्भर करता है। पीठ ने कठुआ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) और उच्च न्यायालय के आदेशों को रद्द कर दिया।

इन आदेशों में कहा गया था कि मामले में आरोपियों में शामिल शुभम सांगरा अपराध होने के समय नाबालिग था और इसलिए उस पर अलग से मुकदमा चलाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने फैसला सुनाते ( शेष पेज 8 )

## जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भारत, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने कहा- तमाशबीन बने हुए हैं विकसित देश, अपना रहे दोहरे मानदंड

**जलवायु** परिवर्तन के प्रभावों पर नियंत्रण के लिए काम करने में भारत, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के समूह बेसिक ने अमीर देशों पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। मिस्र में चल रहे जलवायु परिवर्तन सम्मलेन में बेसिक ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों को आर्थिक सहायता देने के अपने वादे से पीछे हटे हैं।

संयुक्त राष्ट्र के इस सम्मेलन में चारों विकासशील देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बेसिक देश इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं कि विकसित देश अब भी नेतृत्व नहीं दर्शा रहे और उनके प्रयासों में कोई प्रगति नहीं दिख रही है। विकसित देश वित्तपोषण और जलवायु परिवर्तन को कम करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखा रहे हैं। बयान के अनुसार, पिछले साल विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधन की खपत और उत्पादन में काफी वृद्धि देखी गई, जबकि वे विकासशील देशों पर इन संसाधनों से दूरी बनाने पर दबाव बनाते रहते हैं। ये दोहरे मानदंड जलवायु समानता और न्याय से मेल नहीं खाते।

बेसिक देशों के मंत्रियों ने मंगलवार को सीओपी27 से इतर मुलाकात के दौरान इस बात पर चिंता जताई कि विकसित देश जलवायु वित्तपोषण को 100 अरब डॉलर प्रति वर्ष रखने की प्रतिबद्धता से पीछे हैं एवं 2009 में इस लक्ष्य के निर्धारण के बाद से ही हर साल यह प्रतिबद्धता पूरी नहीं होती।

बैठक में भाग लेते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में कार्रवाई के लिए किसी क्षेत्र को या ईंधन स्रोत को अलग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेरिस समझौते की भावना में देश वही करेंगे जो उनकी राष्ट्रीय परिस्थितियों के लिहाज से उचित हो। भारत ने शनिवार को प्रस्ताव दिया था कि सभी तरह के जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से कम करने के फैसले के साथ बातचीत समाप्त होनी चाहिए। यूरोपीय संघ ने मंगलवार को इस पर समर्थन जताया। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत और चीन के बेसिक ग्रुप (बीएएसआईसी समूह) के मंत्रियों की मंगलवार को मिस्र के शर्म-अल-शेख में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र प्रारूप सम्मेलन की 27वीं पक्षकार संगोष्ठी (कॉप-27) में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

यादव ने कहा कि कॉप-27 में हमें अपने साथी विकसित देशों को एक बार फिर इस बात पर राजी करना चाहिए कि कार्रवाई महत्वपूर्ण होती है, वादे नहीं। हर कॉप बैठक में संकल्प पर संकल्प किए जाते हैं, जो जरूरी नहीं कि फायदेमंद हों। यादव की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका, जापान और अन्य देशों ने दुनिया के पांचवें सबसे बड़े ग्रीनहाउस उत्सर्जन करने वाले देश इंडोनेशिया की मदद करने के लिए धन जुटाने का संकल्प व्यक्त किया है, ताकि वह कोयले के उपयोग से दूर होकर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की तरफ बढ़ने के प्रयास तेज कर सके। उन्होंने कहा कि भारत मानता है कि सभी देशों का वैश्विक कार्बन बजट में अपने-अपने हिस्से पर अधिकार है तथा सभी को अपनी-अपनी समग्र उत्सर्जन सीमा में ही रहना चाहिए।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,980 | ↑ 107 | |
| निफ्टी | 18,409 | ↑ 06 | |
| सोना | 53,449 | ↑ 320 | /10g |
| चांदी | 62,682 | ↓ 125 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आबकारी मामले में दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के कथित करीबी सहयोगी और आबकारी नीति मामले के आरोपी व्यापारी दिनेश अरोड़ा को मामले में सरकारी गवाह बनाने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका को बुधवार को स्वीकार कर लिया। इससे सिसोदिया की मुश्किलें नए सिरे से बढ़ सकती हैं। अदालत के एक सूत्र ने कहा कि विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने मामले में अरोड़ा को छूट देने की अनुमति देते हुए आदेश जारी किया। अरोड़ा ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा था कि वह स्वेच्छा से सच का खुलासा करने को तैयार है। उसने मामले में सरकारी गवाह बनाने की इच्छा जताई।

## माकन का इस्तीफा, राजस्थान में सतह पर आई कांग्रेस की कलह

- पार्टी के प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने खड़गे को लिखे पत्र में किया सितंबर के जयपुर घटनाक्रम का जिक्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**राजस्थान** में कांग्रेस की अंदरूनी कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को राज्य का संकट दूर करने का अल्टीमेटम देने के एक सप्ताह बाद अब प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने इस्तीफा दे दिया है।

इससे पार्टी का संकट एक बार फिर उभर कर सामने आ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने 25 सितंबर के जयपुर के राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए राजस्थान प्रभारी की जिम्मेदारी छोड़ी है, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि खड़गे पार्टी में लंबे समय से चले आ रहे संकट को सुलझाने में लगे हैं, इसलिए माकन ने सम्मानजनक विदाई का रास्ता अख्तियार किया है।

विशेष यह कि माकन ने ऐसे समय इस्तीफा दिया है जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान में प्रवेश करेगी और पार्टी की राज्य इकाई इसकी तैयारी में जुटी है। माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे इस्तीफे में आग्रह किया है कि यह पार्टी के हित में होगा कि राजस्थान के लिए नया प्रभारी नियुक्त किया जाए। माकन ने यह पत्र गत आठ नवंबर को लिखा था। सूत्रों ने बताया कि एक पृष्ठ के इस पत्र में माकन ने ( शेष पेज 8 )

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे रामायण और महाभारत सर्किट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मंत्रिपरिषद की बैठक में नई पर्यटन नीति को मंजूरी
- बुद्ध सर्किट, शक्ति पीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के निर्माण की भी परिकल्पना

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार पर्यटन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। प्रदेश में धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक स्थलों की बहुतायत संख्या को देखते हुए अलग-अलग सर्किट का विकास किया जाएगा, जिसमें एक समान पर्यटन केंद्रों को शामिल किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर भगवान राम से जुड़े स्थलों को रामायण सर्किट, भगवान कृष्ण से जुड़े धार्मिक स्थलों को कृष्ण सर्किट के तौर पर विकसित किया जाएगा।

इस योजना को नई पर्यटन नीति में शामिल किया गया है। बुधवार को मंत्रिपरिषद ने नई पर्यटन नीति को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद सरकार इन सर्किट के जरिए पर्यटन के नए क्षेत्रों का विकास करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर एके शर्मा ने नई पर्यटन नीति और पर्यटन के नए क्षेत्रों के विकास से जुड़ी जानकारी साझा की। जिन नए पर्यटन गंतव्यों का विकास किया जाएगा। इसमें रामायण सर्किट प्रमुख होगा।

रामायण सर्किट में अयोध्या, चित्रकूट, बिठूर समेत अन्य धार्मिक स्थल शामिल होंगे। इन धार्मिक स्थलों को भगवान राम एवं माता सीता के प्रतीकों के तौर पर देखा जाता है। इसी तरह कृष्ण सर्किट में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, बलदेव से लेकर अन्य धार्मिक स्थलों को जोड़ा



जाएगा। इसी तरह बुद्धिस्ट सर्किट में कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, रामग्राम समेत अन्य स्थल शामिल होंगे। इसी तरह वाइल्डलाइफ और इको टूरिज्म को एक साथ रखते हुए इसमें सैंचुरी और फॉरेस्ट रिजर्व को विकसित किया जाएगा। इनके तहत हमारे जो प्राकृतिक स्थल हैं, उनको विकसित किया जाएगा। इस प्रस्ताव के तहत प्रदेश में ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाएगाए जहां पर इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। वहीं वाइल्डलाइफ से जुड़े क्षेत्रों को भी पर्यटन के लिहाज से विकसित करते हुए यहां पर्यटकों के अनुकूल सुविधाओं में इजाफा किए जाने ( शेष पेज 8 )

## हर डिवीजन में बनेगा आईटी पार्क हर अंचल में आईटी सिटी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिपरिषद** की बैठक में नई आईटी नीति को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पूर्वांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में आईटी सिटी बनाने और हर डिवीजन में एक आईटी पार्क बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

निजी क्षेत्र के निवेशक आईटी पार्क बनाते हैं तो उन्हें 25 प्रतिशत या 20 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। साथ ही स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। वहीं, आईटी सिटी को विकसित करने पर प्रदेश सरकार 25 प्रतिशत या 100 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी प्रदान करेगी। यदि कोई निवेशक आईटी सिटी बनाने का इच्छुक है तो केस टू केस उसे अलग-अलग तरह की सुविधाएं मिलेंगी।

अभी तक आईटी सिटी की परिकल्पना लखनऊ और गाजियाबाद या नोएडा तक ही सीमित थी। अब इसे विस्तार दिया गया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए निजी आईटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत यदि कोई कंपनी यूपी ( शेष पेज 8 )

# कमांड कंट्रोल टावर से ऑपरेट होगा साइबर सेल

## मॉडर्न तरीकों से होगा लैस, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एसपी क्राइम खुद करेंगे देखरेख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

साइबर क्राइम की संख्या बढ़ती जा रही है। उसे कंट्रोल करने के लिए अब पश्चिमी यूपी के साइबर एसपी नोएडा बैठेंगे। यहीं से पूरे पश्चिमी यूपी का साइबर फ्रॉड का निस्तारण और कंट्रोल किया जाएगा।

इनका नया ठिकाना सेक्टर-94 कमांड कंट्रोल रूम होगा। यहां साइबर कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। जिसे मॉडर्न तरीकों से लैस किया जाएगा। शहर में रोजाना दो से तीन मामले साइबर फ्रॉड के आते है।

आते इससे भी ज्यादा है लेकिन कुछ लोग ही साइबर सेल या पुलिस के पास आते है। साइबर ब्लैक मेलिंग, फर्जी कॉल सेंटर के जरिए भी यहां ठगी की जा रही है।

साइबर सेल पुलिस की जॉइंट यूनिट इस तरह के अपराधियों को पकड़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है


फाइल फोटो

सोशल नेटवर्किंग का दायरा इतना बड़ा हो चुका है इसको आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पूरी कंट्रोलिंग और लोगों में जागरूकता चाहिए। ऐसे में नोएडा में बन रहा साइबर कंट्रोल रूम नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ के अलावा एनसीआर के और शहरों की समस्याओं का निपटारा करेगा। पूरे पश्चिमी यूपी के केसों का निस्तारण यही से किया जाएगा।

विभिन्न प्रदेशों की पुलिस ने जनवरी से अक्तूबर 2022 तक नोएडा में पनाह लेने वाले करीब 32 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने विभिन्न बहाने बनाकर सैकड़ों लोगों से लाखों.करोड़ों रुपए की ठगी की थी। यह सिलसिला अभी भी जारी है। अधिकतर ठगों ने महाराष्ट्र, तेलंगाना, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक सहित अन्य प्रदेशों के लोगों के साथ ठगी की है।

### अन्य प्रदेश की पुलिस ने नोएडा से पकड़े ठग



**13 मार्च 2022** कोलकाता पुलिस ने बरौला गांव में छापेमारी कर एक ठग को गिरफ्तार किया था। उसने पश्चिम बंगाल के लोगों से लाखों रुपए ठगे थे। 22 मार्च 2022 तेलंगाना पुलिस ने सेक्टर 61 में छिपे एक ठग को गिरफ्तार किया था। उसने तेलंगाना में 20 लाख रुपया ठगे थे।

**26 नवंबर 2021** तेलंगाना पुलिस ने छापेमारी कर सेक्टर 63 से 15 ठगों को गिरफ्तार किया था। यह फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से ठगी कर रहे थे। 15 दिसंबर 2020 मध्यप्रदेश की जबलपुर साइबर सेल ने पोंजी स्कीम के बहाने ठगी करने वाले आरोपी सूर्यभान को गिरफ्तार किया था।

# तुस्याना भूमि घोटाले में भाजपा एमएलसी नरेंद्र भाटी के भाई समेत तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्धनगर के गांव तुस्याना में हुए भूमि आवंटन घोटाले में स्पेशल टास्क फोर्स ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने तुस्याना भूमि घोटाले में आरोपित भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी नरेंद्र भाटी के भाई कैलाश भाटी को धर दबोचा। इसके अलावा कैलाश भाटी के दो अन्य साथी कमल और दीपक को भी गिरफ्तार किया गया है। यह भूमि घोटाला 150 करोड़ रुपये का था।

आरोप है कि तुस्याना गांव में फर्जी तरीके से भूमि के पट्टे आवंटित किए गए थे। जब भूमि घोटाला हुआ था तो कैलाश भाटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बतौर वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर तैनात था। जांच के दौरान भूमि घोटाले में उसकी अहम भूमिका का खुलासा हुआ था। इसमें पाया गया था कि जिन्हें लाभ मिलना था वे तो वंचित रह गए, लेकिन संपन्न लोगों ने गड़बड़ी कर पट्टा हासिल कर लिया। जांच में यह भी सामने आया था कि पट्टा आवंटन में पात्रता के सभी नियम तार-तार हो गए थे।

कुल मिलाकर पात्र लोगों को कुछ नहीं मिला और गलत तरीके से लोगों को पट्टे का आवंटन कर दिया गया। इतना ही नहीं, ग्रामीणों के साथ बाहर के लोगों ने मिलीभगत कर पट्टा ले लिया। इसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की भी भूमिका थी, क्योंकि बड़ी मिलीभगत के बगैर इतना बड़ा घोटाला संभव ही नहीं था। जांच में यह भी सामने आया था कि कुछ पट्टेधारकों ने पट्टे की जमीन का मुआवजा उठाने के साथ.साथ छह प्रतिशत का प्लाट भी ले लिया था। उन्होंने ग्रेनो प्राधिकरण को भी चूना लगा दिया था। फर्जीवाड़े में कई पूर्व प्रधानों की भूमिका सामने आई है। एक अन्य गांव के प्रधान की भी भूमिका सामने आई थी। शासन ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है।

# लिफ्ट में बच्चे को फिर पालतू कुत्ते ने काटा

- मालिक पर लग सकता है दस हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की लारेजिडेसिया सोसायटी की लिफ्ट में फिर एक बच्चे को पालतू कुत्ते ने घायल कर दिया। मामला मंगलवार दोपहर बाद का है। सोसायटी के टावर संख्या सात फ्लैट संख्या 1302 में राहुल प्रियदर्शन अपने परिवार के साथ रहते हैं।

राहुल प्रियदर्शन की पत्नी स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद अपने सात वर्षीय बच्चे को सोसायटी के गेट के बाहर से लेने गई थी। बच्चे को लेकर वह सोसायटी की लिफ्ट में सवार हुई। उनके साथ पालतू कुत्ते को लेकर एक व्यक्ति भी सवार हो गया। लिफ्ट में प्रवेश करते हुए कुत्ता बच्चे के हाथ पर झपट पड़ा। किसी तरह बच्चे की मां ने कुत्ते से उसे मुक्त कराया। बच्चे के हाथ में पालतू कुत्ते ने दांत गड़ा दिए। घटना के बाद से बच्चा काफी डरा और सहमा हुआ है। सोसायटी के लोगों का आरोप है कि इससे



पहले भी पालतू कुत्तों द्वारा लिफ्ट में लोगों को काटने की कई घटनाएं घटित हो चुकी है।

नोएडा में पालतू कुत्तों के लगातार बढ़ते आतंक को लेकर नई डॉग पॉलिसी को मंजूरी दी गई है। पिछले दिनों शहर में कुत्ते के काटने से 8 महीने की एक बच्ची की मौत हो गई थी।

डॉग पॉलिसी आने के बाद अब पालतू जानवर रखने के लिए नोएडा अथॉरिटी में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति को पालतू कुत्ता काटता है तो इलाज का खर्चा और उसके मालिक से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

# हैकाथॉन 2022 की तैयारियों का सीईओ ने लिया जायजा

- जीबीयू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विदेश एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से आगामी 22 नवंबर से 25 नवंबर तक गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय जीबीयू में यूनेस्को भारत अफ्रीका हैकाथॉन 2022 का आयोजन किया जाएगा।

इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन भी प्रस्तावित है। इसमें 41 देशों के छात्रों के आने की संभावना है। इस हैकाथॉन के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों व पुलिस.प्रशासन के साथ मौके पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

सीईओ ने जीबीयू को चमकाने के लिए सभी आवश्यक निर्देश दिए। साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए बड़ी संख्या में सफाईकर्मी लगे हुए हैं। रंगाई-पुताई का काम भी जोरों पर है।


अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी मंडप का निरीक्षण सकते सीएम आदित्यनाथ योगी व नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

## संक्षिप्त समाचार


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुष्टाहार वितरित करते डॉ. मनपाल व अन्य

### यशोदा अस्पताल ने 200 क्षय रोगी और गोद लिए

**गाजियाबाद/लोनी।** कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल ने बुधवार को दो सौ क्षय रोगी और गोद लिए। सभी को लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुष्टाहार वितरित किया गया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डा. मनपाल ने क्षय रोगियों को नियमित रूप से दवा खाते रहने और अपने सभी परिजनों की टीबी जांच कराने के लिए प्रेरित किया। डा. मनपाल ने क्षय रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि उपलब्ध कराया गया पुष्टाहार उच्च प्रोटीन युक्त है। इसके सेवन से उन्हें टीबी के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी। विजय शर्मा ने बताया कि उपचार जारी रहने तक गोद लिए गए सभी क्षय रोगियों को हर माह पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में क्षय रोग विभाग से लैब सुपरवाइजर डॉ. महेश कौशिक, एसटीएस गौरव और रविन्द्र कुमार के अलावा टीबीएचवी सचिन त्यागी व सौरभ मौजूद रहे।

### लेटलतीफ कर्मचारियों पर सीईओ की सख्ती

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की तरह अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भी लेट लतीफ आने वाले कर्मचारियों पर प्रभारी सीईओ रितु माहेश्वरी ने शिकंजा कस दिया है। हर अधिकारी व कर्मचारी को अब सुबह 9.30 बजे तक कार्यालय पहुंचना होगा। इसका उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस आशय के निर्देश सीईओ रितु माहेश्वरी ने जारी किए हैं। अपने आदेश में सीईओ ने कहा है कि अक्सर देखा जाता है कि कर्मचारियों के देर से कार्यालय आने पर आम जनता तथा कार्यालय का कार्य प्रभावित होता है। इसलिए प्रत्येक दशा में सभी कर्मचारियों को 9.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। जो भी इस आदेश का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सीईओ ने तीनों एसीईओ को भी हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के दौरान 10 बजे तक कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए हैं। जिससे तय समय पर जनसुनवाई प्रारंभ की जा सके।

### किशोर की हत्या के मामले में 1 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बागू में दोस्तों के बीच हुई मजाक के दौरान 17 वर्षीय केशव पुत्र राजकुमार की हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता राजकुमार ने विष्णू, सुधीर व मनीष समेत पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस संदर्भ में सीओ फर्स्ट अंशू जैन ने बताया कि उक्त मर्डर के खुलासे के लिये एसएचओ थाना विजयनगर अनिता चौहान ने जहां कई ऐंगल पर जांच शुरू कर दी थी वहीं कई लोगों को फौरी कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया था। उसके बाद पुलिस ने एक हत्यभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया।

### हिंडन बैराज के पास पेड़ से फंदे पर लटका मिला शव

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी गांव से तीन दिन से लापता युवक का शव बुधवार को हिंडन बैराज के पास पेड़ से फंदे पर लटका मिला। परिवार वालों ने दो लोगों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से मेरठ जिले के सरधना, गांव छुर के रहने वाले 22 वर्षीय कुलदीप परिवार के साथ कनावनी गांव में रहते थे। उनका एक वर्षीय बेटा और ढ़ाई वर्षीय बेटी है। कुलदीप निजी फूड कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का काम करते थे।

# जेपी ग्रींस सोसाइटी में बना हेलीपैड पूरा ध्वस्त

- रेजीडेंट्स एसोसिएशन की शिकायत पर हुआ एक्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर की पॉश सोसाइटी जेपी ग्रींस में बने हेलीपैड को पूरी तरीके से ध्वस्त कर दिया है। यहां से बिना अनुमति के चारधाम की यात्रा कराई जाती थी। यहां पर हेलीकॉप्टर की मरम्मत भी होती थी।

हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते समय इस बात का जिक्र यहां के निवासियों ने किया था। शिकायत के बावजूद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद जेपी ग्रींस रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन हाईकोर्ट चली गई थी। जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर जेपी ग्रींस



में बने हेलीपैड को पूरी तरीके से ध्वस्त कर दिया है। यहां पर हेलीपैड और अवैध निर्माण को लेकर अलग.अलग याचिका दाखिल की गई।

हाईकोर्ट ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से कार्रवाई करने के लिए कहा था। प्राधिकरण ने 10 नवंबर से एक हफ्ते के भीतर हेलीपैड खत्म करने के लिए कहा है। हेलीपैड की पट्टी के अलावा वहां बहुत स्ट्रक्चर है। पट्टी को ध्वस्त कर दिया गया। अब स्ट्रक्चर भी हटाया जा रहा है। हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वालों में शामिल शुभ गौतम ने बताया कि इस आवासीय परियोजना में हेलीपैड से व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही थी। गौतम ने बताया कि संचालक इस हेलीपैड से चारधाम की यात्रा तक करा रहे थे।

यहां पर हेलीकॉप्टर की मरम्मत भी होती थी। टेस्टिंग उड़ान भी यहां की जाती थीं। ऐसी गतिविधि देखकर यहां के निवासी भयभीत हो गए थे। जब कार्रवाई नहीं की तो अदालत का दरवाजा खटखटाया गया। गौतम ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से लोगों में डर रहता था कि कहीं उनके घर में हेलीकॉप्टर ना घुस जाए। अब पूरे हेलीपैड को ध्वस्त कर दिया।

# होटल से पीतल के बर्तन चुराकर ले जा रहे बदमाश गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के जीआईपी मॉल में बंद पड़े एक होटल से कथित तौर पर पीतल के कीमती बर्तन चुराकर ले जा रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सेक्टर-39 थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि जीआईपी मॉल में सुरक्षा प्रभारी के रूप में तैनात जवरील नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि अर्जुन और बलराम नाम के दो चोर जीआईपी मॉल में बंद पड़े एक होटल से कथित तौर पर पीतल व अन्य धातु के बर्तन चुराकर जा रहे थे। अर्जुन और बलराम एक कट्टे में चोरी के बर्तन भरकर ले जा रहे थे। सुरक्षा प्रभारी ने कहा कि शक होने पर उसने दोनों की तलाशी ली और पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया। थाना प्रभारी बालियान ने बताया कि सुरक्षा प्रभारी की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर अर्जुन और बलराम को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से पीतल के 45 बड़े चम्मच, 10 छोटे चम्मच, करीब 14 गिलास और अन्य कीमती सामान बरामद हुआ है।

# एक घंटा चली वेंडिंग कमेटी की बैठक लिखित में नहीं रखा गया प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मंगलवार की देर रात वेंडिंग जोन कमेटी की बैठक हुई। करीब एक घंटा चली बैठक में सदस्यों को कोई भी लिखित में एजेंडा नहीं देकर मौखिक प्रस्ताव पेश किया गया है। मात्र एक प्रस्ताव पेश किया गया।

यह प्रस्ताव भी वसुंधरा सेक्टर 16 से हटाए गए खोखों को दूसरी जगह रखने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके लिए पांच स्थान सुझाए गए है। इनमें इंदिरापुरम कॉलोनी में तीन और वैशाली में दो स्थान बताए गए है। हालांकि इस मामले में कोई प्रस्ताव डूडा की ओर से वेंडिंग कमेटी को लिखित में कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया। वेंडिंग कमेटी की अध्यक्षता नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ ने किया। करीब साढ़े सात बजे शुरु हुई। इस बैठक में आधे से अधिक सदस्य शामिल हुए है। करीब डेढ़ वर्ष बाद हुई इस बैठक में कई प्रस्ताव पेश होने की संभावना थी। इसमें केवल एक प्रस्ताव ही पेश किया गया। वह भी वसुंधरा सेक्टर 16 से हटाए गए 63 खोखों को दूसरी जगह रखने के का प्रस्ताव है। हालांकि नगर निगम के कई सदस्यों ने कमेटी में खोखों को फिर से स्थापित करने का विरोध किया। इन सदस्यों का कहना है कि वेंडिंग जोन में कहीं भी खोखे रखने की इजाजत नहीं है। फिर से लोहे के खोखे स्थापित नहीं होने चाहिए। ताकी उन्हें फिर से उठाने की जरूरत नहीं हो।



# गाजियाबाद में खेल-खेल में दोस्त की ली जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- दोस्त के ऊपर बोरी डाली, गर्दन पकड़कर बरसाए घूसे

गाजियाबाद में बच्चों के खेल में नाबालिग की जान चली गई। दोस्त एक.दूसरे के ऊपर बारी-बारी से बोरी डालकर थप्पड़ मारने जैसा खेल-खेल रहे थे। इस दौरान नाबालिग को गहरी चोट आई और उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार केशव अपने दोस्त के साथ खेल रहा था।

खेल-खेल में नाबालिग दोस्त ने केशव का गला पकड़ लिया और उसे घूसे मारे। इसके बाद केशव बेहोश हो गया। अब दोस्त घबरा गए। कुछ देर में ही केशव ने दम तोड़ दिया। यह घटनाक्रम विजयनगर इलाके के कृष्णानगर बागु 20 फुटा रोड का है। इंस्पेक्टर अनीता चौहान ने बताया यहां रहने वाला 17 साल का केशव एक मार्ट में जॉब करता था।

मंगलवार रात करीब 8 बजे वह मोहल्ले में एक बाउंड्रीवॉल के पास दोस्तों संग खेल-खेल रहा था। खेल ये था कि किसी एक दोस्त के ऊपर बोरी डाली जाएगी और बाकी दोस्त उसको थप्पड़ मारेंगे। जो पहचान में आ गया, अगली बार उसके ऊपर बोरी डाली जाएगी। इस तरह ये क्रम चलता रहेगा। मृतक केशव के भाई कृष गौतम ने कहा-मुझे पता चला कि मेरे भाई को 8 लोगों ने पकड़कर पीटा। इस दौरान केशव का एक थप्पड़ दोस्त की आंख के पास लग गया और वो उसको पहचान गया। आंख के पास आई चोट का बदला लेने के लिए दोस्त ने केशव की गर्दन पकड़ ली और उसको कई घूसे मार दिए। इससे केशव मौके पर ही बेहोश हो गया। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के पिता राजकुमार ने दोस्त समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी को कस्टडी में ले लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

# 116 तालाब को पुनर्जीवित करेगी यमुना अथॉरिटी

- स्विट्जरलैंड जैसा होगा नजारा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण अपने अधीन गांवों के 116 तालाब को पुनर्जीवित करेगा। तालाबों की साफसफाई करने के साथ ही उनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। तालाब के किनारे लोगों के बैठने का भी इंतजाम किया जाएगा।

इसकी कार्ययोजना बना ली गई है। यमुना प्राधिकरण ने दिसंबर तक इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। दावा किया जा रहा है कि यमुना सिटी में तालाब के पास बेहद सुन्दर नजारा होगा। एनसीआर में खराब जल प्रबंधन को लेकर एनजीटी ने पुराने जल श्रोतों को



पुनर्जीवित करने और जल संचयन करने के लिए कहा था। इसके बाद यमुना प्राधिकरण ने अपने अधीन गांवों के तालाबों की सूरत बदलने की तैयारी शुरू कर दी। 96 गांवों के 116 तालाबों को पुराने स्वरूप में लौटाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने कार्ययोजना बना ली है। दिसंबर तक इस काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बहुत से तालाबों पर कब्जा है। कहीं पर लोगों ने कूड़ा डालकर पाट दिया है तो कहीं तालाबों तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। यमुना प्राधिकरण इन सारी समस्याओं को दूर करेगा। तालाबों से कब्जा हटवाने के साथ ही उनकी सफाई कराई जाएगी।

तालाबों तक पहुंचने का रास्ता बनवाया जाएगा। तालाब बचाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण तालाबों पर काम करने वाले पॉन्डमैन रामवीर तंवर ने बताया कि अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें तालाब की साफ सफाई, पौधरोपण आदि के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि तालाबों का सौंदर्यीकरण एनजीटी के आदेश पर हो रहा है। यह बहुत ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि तालाब बचेंगे तभी भूजल स्तर बचेगा। पानी रहेगा तभी जीवन रहेगा।

# प्राधिकरण को मिलेगा 2700 करोड़ का राजस्व और निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- कॉमर्शियल के 55 भूखंड में सात के लिए इकलौती बोली लगी

प्राधिकरण को बिल्डर भूखंड योजना कॉमर्शियल के 55 भूखंड में सात के लिए सिंगल बिड प्राप्त हुई।

मंगलवार को इन भूखंड के लिए ई नीलामी कराई गई। जिससे प्रीमियम के रूप में 1296.79 करोड़ के राजस्व और 1396.42 करोड़ के निवेश मिलेगा। ऐसे में प्राधिकरण को कोरोना काल के बाद करीब 2700 करोड़ राजस्व और निवेश मिलेगा। इस योजना के तहत भूखंड पर जनरल कॉमर्शियल शाप्स, ऑफिस, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शॉपिंग माल्स, शो रूम, रिटेल आउटलेट्स, होटल और रेस्टोरेंट बनाए जा सकते है। प्राधिकरण के ओएसडी कुमार संजय ने बताया कि ई नीलामी के जरिए लवीश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड एम3एम के भू लागत के साथ 2002.41 करोड़ रुपए का निवेश मिलेगा। इसके अलावा पूर्वांचल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने भू लागत के साथ 307.50 करोड़ का निवेश, डिजाइन आर्च इन्फ्र स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दो कॉमर्शियल भूखंड 170.70 करोड़ का राजस्व व निवेश व एवेन्यू सुपर.मार्ट लिमिटेड की ओर से 119.56 करोड़ का निवेश नोएडा में किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप पर हमलावर हुई कांग्रेस और भाजपा

**● राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करने आई पार्टी टिकट के लिए रिश्वत के खुलासे से हुई रक्षात्मक**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भ्रष्टाचार खत्म करने के मुद्दे पर राजनीति में आई आम आदमी पार्टी अब दिल्ली नगर निगम चुनाव में टिकट देने में रिश्वत लेने के आरोपों में घिर गई है। इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस ने सत्ताधारी दल पर तगड़ा हमला बोला है। इससे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तक को सफाई देनी पड़ रही है।




भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग प्रभारी अमित मालवीय ने बुधवार को ट्वीट कर आरोप लगाया कि आप विधायकों ने चुनाव के टिकट बेचे हैं। उन्होंने सवाल किया, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विधायक एमसीडी चुनाव के टिकट बेच रहे हैं। अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आप विधायक वही कर रहे हैं जो केजरीवाल और उनके साथी करते हैं।

इसलिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि लिए गई कथित रुपये में कितना प्रतिशत केजरीवाल को भेजा जा रहा है। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मांग की कि आप संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, त्रिपाठी और गुप्ता दोनों को तुरंत पार्टी से निष्कासित करें। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि त्रिपाठी टिकटों की बिक्री में शामिल एकमात्र विधायक नहीं हैं और उनके जैसे और भी विधायक हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, एमसीडी चुनावों के लिए आप के 90 प्रतिशत से अधिक टिकट 70 लाख रुपए से एक करोड़ रुपये तक बिके हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्लीवाले आप की वजह से शर्मिंदा हैं, जिसके मंत्री जेल में हैं और विधायकों पर टिकट बेचने का आरोप लगा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि मामले में गिरफ्तारी ने इन आरोपों की पुष्टि है कि आप के नेताओं ने एमसीडी चुनावों के लिए टिकट बेचे हैं।

उन्होंने सवाल किया, आप द्वारा एमसीडी चुनावों के लिए टिकट वितरण में खुली लूट की गई जिसकी अब पोल खुल रही है। दिल्ली के लोग आप पार्षदों से क्या उम्मीद कर सकते हैं जो भ्रष्टाचार से लड़ने के बजाए चुनाव लड़ने को लेकर टिकट के लिए रिश्वत दे रहे। मामले के तुल पकड़ने पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सामने आए और कहा कि वह लोगों से कहना चाहता है कि अगर कोई आपसे कहता है कि पैसे देकर आम आदमी पार्टी से पार्टी का टिकट मिलेगा, तो उस पर भरोसा न करें।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही कहय भी कहा कि संतोष की बात है और इस घटना से पता चलता है कि आप टिकट नहीं बेचती।

## भाजपा ने उठाया पानी की किल्लत का मुद्दा



प्रेस वार्ता के दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी

**● दक्षिण दिल्ली की झुग्गियों और गांवों में आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो करेंगे प्रदर्शन : बिधूड़ी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निगम चुनाव के मद्देनजर दक्षिणी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरा है। पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में खासकर दक्षिणी दिल्ली में पिछले कई दिनों से चल रही पानी किल्लत पर केजरीवाल सरकार पर सवाल खड़े करते हुए पूछा कि सत्ता में आने से पहले केजरीवाल कहते थे कि 24 घंटे दिल्ली वालों को पानी मुहैया कराएंगे। साथ ही टैंकर माफियाओं से भी छुटकारा दिलाएंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि पहले टैंकरों की संख्या 892 थी जो केजरीवाल शासन के आठ सालों में बढ़कर 1204 हो गई है। जो साफ दर्शाता है कि केजरीवाल सरकार ने पाइपलाइन से पानी सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कोई काम नहीं किया।

रमेश बिधूड़ी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज राजधानी दिल्ली में 48 फीसदी ऐसे टैंकर चल रहे हैं जिनमें जीपीएस नहीं है और यही कारण है कि आम आदमी पार्टी के विधायक इसका फायदा उठाकर खुलेआम वसूली कर रहे हैं। इंडस्ट्री, फैक्ट्री और घरों में खुलेआम पैसे लेकर पानी बेचा जा रहा है। संगम विहार में टैंकर मालिक ने आत्महत्या की थी जिसके कारण केजरीवाल का एक विधायक प्रकाश जरवाल जेल भी जा चुका है। आज लोग दूषित पानी पी कर कैंसर, लीवर समेत अन्य पेट संबंधित गंभीर बिमारियों के शिकार हो रहे हैं। सांसद ने दावा किया कि पिछले आठ सालों में ना ही कोई नया ट्रीटमेंट प्लांट लगा जबकि पानी की खपत जो पहले 900 एमजीडी थी वह अब 1300 एमजीडी हो गई है। इसके बावूजद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। यमुना के किनारे गड्ढे खोदकर पानी की उपलब्धता बढ़ाने की केजरीवाल सरकार की योजना भी धरी की धरी की रह गई है। बिधूड़ी ने चेतावनी दी है कि अगर अगले 48 घंटें में दक्षिण दिल्ली की झुग्गीवस्तियों एवं गांवों में पानी की सप्लाई सुनिश्चित नहीं की गई तो भाजपा प्रदर्शन करेगी।

## आप ने सभी वार्डों के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने एमसीडी चुनावों को लेकर पार्टी नेताओं के साथ बैठक की जिसमें विधानसभा स्तर पर पर्यवेक्षक नियुक्त करने का फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह पर्यवेक्षक सभी वार्डों में पदयात्रा, डोर-टू-डोर संपर्क और जन संवाद सुनिश्चित करेंगे। केंद्रीय ऑब्जर्वर प्रचार-प्रसार की मॉनिटरिंग करेंगे और केंद्रीय कार्यालय को इसकी रिपोर्ट देंगे। सभी प्रत्याशी केजरीवाल स्टाइल से चुनाव लड़ें, यह सुनिश्चित करना ऑब्जर्वर का काम है। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि सभी वार्डों में प्रचार का पहला चरण 17 से 22 नवंबर और दूसरा चरण 23 नवंबर से शुरू होगा।

# मुस्लिमों को वहीं टिकट, जहां सिर्फ उन्हीं के भरोसे जीत जाएं

**● अल्पसंख्यक समुदाय से आप ने 13, कांग्रेस ने 20 और भाजपा ने 3 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा**



फाइल फोटो

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

भले ही आम आदमी पार्टी सभी समान महत्व देने का दम भरती हो, लेकिन दिल्ली नगर निगम चुनाव ने पार्टी के दावों की पोल खोल दी है।

आप ने निगम के 250 वार्डों में से केवल 13 में मुस्लिमों को टिकट दिया है। अन्य दलों ने भी टिकट देने में कंजूसी बरती है। कांग्रेस ने 20 और भाजपा ने तीन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किए हैं। तीनों प्रमुख दलों ने केवल ऐसी ही सीटों पर यह दांव खेला है, जहां केवल अल्पसंख्यक मतदाताओं के भरोसे जीता जा सके।

निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने मुस्लिम उम्मीदवार उन्हीं सीटों पर उतारे हैं, जहां मुसलमानों की आबादी 50 प्रतिशत या उससे अधिक है। पिछले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को मुस्लिम इलाकों में बम्पर वोट पड़ा था और पांच विधायक चुनकर आए थे। कांग्रेस का पूरा वोट बैंक आप की तरफ आ गया था। पांच विधायकों से तुलना करें तो प्रत्येक विधानसभा में चार वार्ड आते हैं, यानी ये विधायक लगभग 20 वार्डों में जीतकर आए थे। अपने ही विधायकों की मेहनत पर भरोसा करती तो पार्टी कम से कम बीस टिकट तो देती ही, लेकिन उसने प्रतिनिधित्व घटाकर पिछले चुनाव से भी कम कर दिया।

कांग्रेस ने भी इस बार केवल 20 मुस्लिमों को टिकट दिया है। हालांकि

> “मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जहां नया सीमांकन हुआ हो, वहां जनता के सुझाव पर कोई संशोधन तक नहीं किया गया। चुनाव आयोग ने जो ड्राफ्ट तैयार किया, उसे जनता के सुझाव लिए बिना ही लागू कर दिया गया। हालांकि कुछ भी हो जाए, दिल्ली में आम आदमी पार्टी ही जीत दर्ज करेगी।”
>
> **-हाजी युनूस, अल्पसंख्यक विंग अध्यक्ष व आप विधायक**



संगम विहार, श्रीराम कॉलानी, सुभाष मोहल्ला जैसे कई वार्ड ऐसे हैं, जहां मुसलमानों की आबादी 50 प्रतिशत से कम है।

पिछले विधानसभा चुनाव में सीलमपुर क्षेत्र से आप के विधायक ने लगभग 37 हजार वोटों से जीत दर्ज की थी, लेकिन केवल दो वार्डों में ही मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं।

मौजपुर वार्ड जहां मुसलमानों की आबादी 35 प्रतिशत है, वहां भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों ने केवल 15 प्रतिशत आबादी वाले ब्राह्मण समाज से अपने-अपने उम्मीदवार दिए हैं। यही हाल मुस्तफाबाद का भी है।

यहां केवल दो वार्ड ब्रजपुरी और करावल नगर में मुस्लिमों को टिकट दिया है। इन वार्डों में इस समुदाय की आबादी 60 से 70 प्रतिशत तक है। वहीं नेहरू विहार जैसे इलाकों में जहां पिछली बार दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन जीते थे, वहां भी इस बार आम आदमी पार्टी ने अपने हाथ खींच लिए हैं और प्रवेश चौधरी को टिकट दिया है।

### आप अल्पसंख्यक विंग के हाथ खाली

*आम आदमी पार्टी की दिल्ली अल्पसंख्यक विंग से किसी भी नेता को टिकट नहीं दिया गया है। इसके सदस्य मुस्लिम इलाकों में आप का टिकट मांग रहे थे। ये लोग सोशल मीडिया और छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर अपनी दावेदारी का दम भर रहे थे। टिकट नहीं मिलने से अब इन नेताओं में रोष है। इस बाबत कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक विंग के अध्यक्ष और मुस्तफाबाद के विधायक हाजी यूनुस के सामने नारजागी भी जाहिर की है।*

# लोकायुक्त कार्यालय में जांच निदेशक पद को मिली उपराज्यपाल की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली लोकायुक्त को और अधिक अधिकार प्रदान करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भ्रष्टाचार-रोधी निकाय की जांच संबंधी आवश्यकताओं में मदद के लिए निदेशक का पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली लोकायुक्त का कार्यालय जांच और नियमित कार्य सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए कर्मचारियों की कमी के कारण शुरुआत से ही गंभीर रूप से पंगु था।सार्वजनिक पदाधिकारियों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की पड़ताल के लिए अनिवार्य इस निकाय में सहायक और चतुर्थ वर्ग कर्मी जैसे कर्मचारी तो हैं लेकिन यहां जांच प्रभारी मौजूद नहीं हैं। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दैनिक कामकाज के लिए आवश्यक सहायकों और चपरासी के अलावा निदेशक (जांच) का पद सृजित करने के लिए लोकायुक्त के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और इस पद का नेतृत्व वरिष्ठ व्यक्ति करेगा। इससे पहले दिल्ली विधानसभा में पेश करने के लिए लोकायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए सक्सेना ने मुख्यमंत्री को लोकपाल की जरूरतें पूरी करने की सलाह दी थी। अधिकारियों ने कहा कि लोकायुक्त की रिपोर्ट लगातार इस बात को रेखांकित करती रही है कि इसके सुचारू और कुशल कामकाज में कई अवरोध और बाधाएं थीं, जिसमें पर्याप्त कर्मचारियों की कमी भी शामिल थी।



# पार्टी सिंबल चुराकर दाखिल किया नामांकन

**● भाजपा ने अपने नेता के खिलाफ की कार्रवाई, छह साल के लिए निलंबित**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर एक रोचक मामला सामने आया है। जिसमें एक भाजपा नेता द्वारा चुनाव चिह्न चुराकर नामांकन दाखिल करने पर पार्टी ने कार्रवाई करते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है। पार्टी नेताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार भाजपा की दिल्ली इकाई ने अपने कानूनी प्रकोष्ठ के सदस्य हरिओम गुप्ता के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने चुनाव चिह्न आवंटन का एक पत्र चुरा कर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में चांदनी चौक वार्ड से नामांकन किया है।

दिल्ली भाजपा के महासचिव हर्ष मल्होत्रा द्वारा जारी अलग-अलग पत्रों में कहा गया है कि हरिओम गुप्ता और उनकी पत्नी सुरेखा गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के निर्देश पर छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। सुरेखा गुप्ता चांदनी चौक से पूर्व पार्षद हैं। हालांकि हरिओम गुप्ता ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप गलत हैं और उन्होंने पार्टी की सहमति के बाद ही नामांकन दाखिल किया था।

उन्होंने दावा किया कि मैं ऐसा क्यों करूंगा और चुनाव चिह्न की चोरी क्यों करूंगा। मैंने दिल्ली भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद चांदनी चौक से नामांकन पत्र दाखिल किया। एमसीडी चुनावों के लिए आधिकारिक उम्मीदवारों को चुनाव चिह्नों के आवंटन से जुड़े पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित लेटरहेड की अतिरिक्त प्रतियां आई हैं। उन्होंने दावा किया कि ऐसी ही एक प्रति की ‘चोरी’ हुई।

# महिला ने हवाईअड्डे पर शिशु को दिया जन्म

**● एयरपोर्ट के मेदांता क्लीनिक में पहला शिशु पैदा होने का किया दावा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन पर बुधवार को एक महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया।

गर्भवती महिला और उसके पति को मंगलवार को कर्नाटक के हुब्बली जाने के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन हवाई अड्डे पर विमान का इंतजार करते समय महिला को प्रसव पीड़ा उठी और उसने एक लड़के को जन्म दिया। शिशु के जन्म के दौरान महिला की मदद करने वाले चिकित्सक डॉ. प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रसव पीड़ा उठने पर महिला को टर्मिनल तीन में चिकित्सा सुविधा केंद्र लाया गया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया।

वहीं डॉ प्रवीण सिंह ने बताया कि महिला को सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर चिकित्सा सुविधा केंद्र लाया गया था और उसने सुबह करीब नौ बजकर 40 मिनट पर बच्चे को जन्म दिया। चिकित्सक ने दावा किया कि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के मेदांता क्लीनिक में जन्मा यह पहला शिशु है।

# थानों में कितने सीसीटीवी, पुलिस दे जानकारी

**● दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस उपायुक्तों को जारी किया नोटिस**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शहर की पुलिस को नोटिस जारी कर पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्थिति पर जानकारी मांगी है।

उच्चतम न्यायालय ने 2020 में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि देश के हर पुलिस थाने में रात्रि में काम करने और ऑडियो रिकॉर्डिंग में सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। आयोग ने इस संबंध में सभी जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को नोटिस जारी किया है। कैमरे नहीं होने की स्थिति में आयोग ने उन्हें लगाने की समयसीमा मांगी है।



आयोग ने काम नहीं कर रहे सीसीटीवी कैमरों और दिल्ली पुलिस द्वारा उनकी मरम्मत के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी मांगी है।

डीसीडब्ल्यू ने यह जानकारी भी मांगी है कि कितने समय तक सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को संरक्षित रखा जाता है। आयोग ने पुलिस थानों से संबद्ध पुलिस चौकियों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने से संबंधित इसी तरह का विवरण मांगा है।

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया था कि सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं, पुलिस थाने के मुख्य द्वार, सभी हवालात, सभी गलियारों, स्वागत क्षेत्र, सभी बरामदे, निरीक्षक के कमरे, उप निरीक्षक के कमरे, हवालात कक्ष के बाहर का क्षेत्र, स्टेशन हॉल, थाना परिसर के सामने, शौचालय के बाहर (अंदर नहीं) ड्यूटी अफसर के कमरे, और थाने के पिछले हिस्से में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

## यौन उत्पीड़न मामले में पिता की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को उसकी छह साल की बेटी के यौन शोषण के मामले में सुनाई गई 12 साल कैद की सजा को बरकरार रखा और कहा कि बच्ची समेत गवाहों के बयान मेल खाते हैं।

उच्च न्यायालय ने व्यक्ति को 2014 में उसकी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने के मामले में दोषी करार दिए जाने तथा सजा सुनाने के फैसले के खिलाफ उसकी अपील को खारिज कर दिया।

अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों- पीड़िता, उसकी मां और उसकी बहन की गवाही में कोई बड़ा अंतर नहीं है। इसलिए अदालत को कोई विरोधाभासी रुख रखना उचित नहीं लगता।

# शादी-परिवार, बच्चे की चाहत में आफताब संग चली आई श्रद्धा

**● सामाजिक कार्यकर्ता श्रेहा ने कहा आफताब पर था धोखा देने का शक**



**पीएनए/एजेंसी।** नई दिल्ली/मुंबई

श्रद्धा वालकर को पहले से ही आफताब पूनावाला पर धोखा देने का शक था, वह सिर्फ उसका प्यार पाना चाहती है। जिसके लिए वह आफताब के दबाव में मुंबई से दिल्ली उसके साथ आ गई थी। उसकी ख्वाहिश थी की उसका छोटा सा परिवार हो और बच्चा हो। जीवन में सबकुछ हंसी खुशी चलता रहे। लेकिन उसके हिस्से में आई खौफनाक और नृशंस मौत। कॉल सेंटर कर्मी श्रद्धा वालकर की हत्या के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता श्रेहा धरगलकर ने दावा किया है कि श्रद्धा को अपने लिव-इन साथी आफताब पूनावाला पर धोखा देने का शक था। मुंबई के एक समुद्र तट पर सफाई अभियान में श्रद्धा के साथ शामिल श्रेहा धरगलकर ने बताया कि वह सफाई अभियान के दौरान काफी शांत और गुमसुम रहती थी। श्रेहा ने कहा कि श्रद्धा के सामने आर्थिक परेशानियां भी थीं और उसकी आफताब से अक्सर लड़ाई होती रहती थी। उन्होंने दावा किया कि श्रद्धा (27) एक छोटा परिवार और एक बच्चा चाहती थी, यह उसका सपना था। श्रेहा धरगलकर ने पिछले साल मराठी अभिनेत्री माधुरी संगीता पाटिल के साथ मुंबई के जुहू, वर्सोवा और अक्सा आदि तटों पर सफाई अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान में शामिल होने वाली श्रद्धा मुंबई के मलाड स्थित कॉल सेंटर की नौकरी नहीं छोड़ना चाहती थी। हालांकि, पूनावाला ने उस पर ऐसा करने के लिए दबाव बनाया और कहा कि उसे मुंबई और वसई से दूर चले जाना चाहिए, जहां उसका परिवार रहता है। श्रेहा के अनुसार, पूनावाला को डर था कि श्रद्धा के माता-पिता उसके खिलाफ पुलिस में जा सकते हैं। श्रेहा ने कहा कि श्रद्धा कई चीजों को लेकर चिंतित रहती थी।

जब मैंने उससे उसकी उदासी की वजह पूछी तो उसने बताया कि वह तनाव में है। उसने कहा कि वह आर्थिक परेशानियां झेल रही है। श्रेहा के मुताबिक, श्रद्धा ने अपने लिव-इन रिश्ते के बारे में नहीं बताया था, लेकिन उसने कहा था कि उसका प्रेमी चाहता है कि वह मुंबई और महाराष्ट्र छोड़ दे।

### आरोपी के चेहरे पर नहीं था पछतावे का भाव

आफताब पूनावाला को पिछले महीने अक्टूबर और 3 नवंबर को महाराष्ट्र की मानिकपुर पुलिस की पूछताछ के दौरान उसके चेहरे पर पछतावे का कोई भाव नहीं था और वह आत्मविश्वास से भरा नजर आ रहा था। यह जानकारी सहायक पुलिस निरीक्षक संपतराव पाटिल ने दी। श्रद्धा वालकर के लापता होने के बाद परिजनों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने पर पालघर के वसई कस्बे की मानिकपुर पुलिस ने पूनावाला को पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था। उन्होंने बताया कि दोनों ही मौकों पर आरोपी ने पुलिस से कहा था कि वालकर उसके साथ नहीं रहती और वह उसे छोड़कर चली गई है। उन्होंने कहा कि हमने पूनावाला से दिल्ली के पुलिस थाने में घंटों पूछताछ की, लेकिन हमें उस पर कभी शक नहीं हुआ।

### धर्म परिवर्तन के दबाव की आशंका

वालकर के करीबी दोस्त रजत शुक्ला ने आशंका जताई कि पूनावाला श्रद्धा पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा होगा। शुक्ला ने कहा, वह (पूनावाला) आम आदमी नहीं है। पूरे मामले के पीछे लव जिहाद, आतंकवाद या कोई और मिशन हो सकता है... इस मामले में जांच होनी चाहिए और सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए। वह लोगों को गुमराह कर रहा था, लेकिन अब सच को सामने लाना ही होगा।

## संक्षिप्त समाचार



अंजना मिश्र के काव्य संग्रह विमोचन समारोह में मौजूद विद्वतजन।

### अंजना मिश्र के काव्य संग्रह ‘मौन मुखर था’ का विमोचन

**नई दिल्ली/इंदौर।** सुप्रसिद्ध कवियत्री डॉ. अंजना चक्रपाणि मिश्र के प्रथम काव्य संग्रह ‘मौन मुखर था’ का विमोचन हाल ही में इंदौर में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. विकास दवे ने किया। श्रीमध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के भवन में वामा साहित्य मंच के संयोजन में काव्य संग्रह ‘मौन मुखर था’ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहित्य अनुरागी पुलिस आयुक्त (इंदौर) हरिनारायणचारी मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि पुणे की ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवयित्री व नाटककार जया सरकार की मौजूदगी थी। इस अवसर पर पदमा राजेंद्र ने मंच का संचालन किया और स्वागत भाषण इंदु पाराशर ने दिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. दवे ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा मौन मुखर था, में डॉ. अंजना ने शब्द और भाव के माध्यम से मानो गागर में सागर भर डाला। इस अवसर पर कवियित्री प्रीति दुबे, साहित्यकार मुकेश तिवारी, चक्रपाणि मिश्र, लेखिका अंतरा करवड़े, डॉ.वसुधा गाडगिल ने विशेष मौजूदगी दर्ज कराई।

### झारखंड का पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय व्यापर मेला में झारखंड का पवेलियन एक मुख्या आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। झारखंड पार्टनर स्टेट भी है और इसी करण से झारखंडी संस्कृति का ज्यादा फोकस मिल रहा है। स्टॉलों पर प्रदेश के नेचुरल उत्पाद को विश्व के संग रूबरू करवाने के प्रयास किया जा रहा है। ज्रेडा ऊर्जा विभाग का झारखण्ड सर्कार द्वारा लगाया गया स्टाल, जो भविष्य की ऊर्जा है, अक्षय ऊर्जा ,केंद्र सरकार द्वारा काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री मिथिलेश कुमार (झारखण्ड सरकार ) द्वारा काफी इंट्रेस्ट लिया गया। ज्रेडा स्टाल में सोलर विलेज का एक वर्किंग मॉडल रखा गया है जो लोगो का आकर्षण का केंद्र बना रहा है। ज्रेडा के रिप्रेजेन्टेटिव आशीष सेन ने कहा की इस तरह का मॉडल पहली बार प्रस्तुत किया गया जो हमारे प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय कुमार सिन्हा की परिकल्पना थी और मुकेश प्रसाद के नेतृत्व में तैयार किया गया।

### ताशकंद में खुलेगा पहला भारतीय अस्पताल



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका स्थित आकाश हेल्थकेयर अस्पताल अब विदेशी धरती उज्बेकिस्तान के ताशकंद में भी अस्पताल खोलने जा रहा है। इस संबंध में अस्पताल के प्रबंध निदेशक, डॉ. आशीष चौधरी ने कहा कि इसके लिए हमने उज्बेकिस्तान में एक नई कंपनी की स्थापना की। जहां हर तरह की इलाज सुविधा उपलब्ध होगी। इस अस्पताल का औपचारिक संचालन 23 नवंबर से शुरू हो जाएगा।

# स्वास्थ्य उद्योग और औषध उद्योग को मिले बढ़ावा: सीकरी

### बोधराज सीकरी ने भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. के निदेशक से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. के निदेशक गोपाल कृष्ण से मुलाकात करते औषध उद्योग की अखिल भारतीय फेडरेशन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी।

**औषध** उद्योग की अखिल भारतीय फेडरेशन के अध्यक्ष एवं हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक एवं आर्थिक विभाग भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। उनके बीच औषध उद्योग से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस विशेष चर्चा का विषय रहा प्रधानमंत्री का सपना आत्मनिर्भर भारत।

बोधराज सीकरी ने कहा कि हाल ही में पिछले वर्षभारत सरकार ने चीन से निर्भरता को कम करने के लिए दो महत्वपूर्ण स्कीमें घोषित की थीं, जो पीएलआई-1 और पीएलआई-2 रही। इन दोनों स्कीमों के परिणाम काफी सकारात्मक रहे। फिर भी कई और मुद्दों पर इन स्कीमों को आगे लागू करने के लिए भी विचाराधीन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी एक देश के ऊपर हमारा कच्चा माल (रॉ मैटीरियल) निर्भर करे, यह राष्ट्र के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इस शिष्टाचार भेंट में ऐसे ही गंभीर मुद्दों पर विस्तार पूर्वक दोनों में चर्चा हुई। श्री गोपाल कृष्ण ने अपने आर्थिक दृष्टिकोण से भी सुझाव दिये।

बोधराज सीकरी द्वारा शीघ्र ही सरकार को और संगठन को गोपाल कृष्ण के माध्यम से एक विस्तृत प्रस्ताव बनाकर दिया जाएगा, जिसमें वे राष्ट्र स्तर की फार्मास्युटिकल की अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारियों के सुझाव भी सम्मिलित करेंगे। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र हित में, उद्योग के हित में कोई रचनात्मक नई स्कीम बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत का औषध उद्योग संसार की फार्मेसी कहलाता है, लेकिन जो भी निर्भरता दूसरे देशों पर है। उसको भी कम करने का प्रयास होगा। इस दिशा में सबको मिलकर काम करना होगा। इससे ना केवल आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी बेरोजगार जवानों को मुहैया होंगे। आईटी इंडस्ट्री के बाद यदि कोई उद्योग वास्तव में आगे बढ़ेगा तो वह स्वास्थ्य संबंधी उद्योग और औषध उद्योग होगा।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दुकानदार की मौत

**सोहना।** सदर थाना सोहना के गांव नाई नंगला निवासी 29 वर्षीय दुकानदार की सड़क हादसे में लगी चोट के कारण मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

गांव नाई नंगला निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि उसका भाई राजकुमार घामडौज में नाई की दुकान करता था। सोमवार रात दुकान बंद करके वह घर आ रहा था। उसके साथ वह भी पीछे बैठा था। जब वे रात करीब पौने 10 बजे बल्लभगढ़-सोहना मार्ग से अपने गांव की तरफ मुड़े तभी सामने से आई बाइक उनकी बाइक से टकरा गई। वे दोनों भाई बाइक समेत जमीन पर गिर गए। दोनों भाइयों को बाहर दिखने वाली ऐसी कोई चोट नहीं लगी, लेकिन उसके भाई को सिर में गंभीर चोटें लगी। जिन्हें राजकुमार ने किसी को नहीं बताया और वह बाइक घर में खड़ी करके सौ गया। मंगलवार सुबह जब राजकुमार अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। उसने कमरे में जाकर देखा तो वह अचेत अवस्था में बेड पर लेटा हुआ था। जिसे तुरन्त सोहना के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मानेसर में होगा आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड वितरण का राज्य स्तरीय समारोह

### 21 नवम्बर को समारोह में मुख्यमंत्री 500 पात्र लाभार्थियों को वितरित करेंगे गोल्डन कार्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मानेसर में आयुष्मान भारत योजना के तहत समारोह को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**प्रदेश** सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत ऐतिहासिक पहल की शुरूआत की जा रही है। इस पहल के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण करते हुए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से एक लाख 80 हजार रुपये वार्षिक से कम आय वाले लोगों की पहचान करते हुए उन्हें पांच लाख रुपये तक नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी।

इसे लेकर गुरुग्राम के मानेसर में 21 नवंबर को गोल्डन कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना के तहत 500 पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। इस बाबत उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में बैठक ली।

इस बैठक में निजी अस्पतालों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि 21 नवंबर को प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाने की ऐतिहासिक शुरुआत की जाएगी। उन्होंने इसे हरियाणा सरकार की ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि जिन लोगों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें इस योजना का लाभ देने के लिए उनके गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। पात्र परिवारों को योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। प्रदेश में सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना (एसईसीसी) सूची में शामिल परिवारों के अलावा ऐसे सभी परिवारों, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन्हें भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने के निर्णय लिया गया है।

एसईसीसी डाटा के अलावा इस योजना में शामिल किए जाने वाले अन्य परिवारों का पांच लाख रुपये तक का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि गुरुग्राम जिला में इस योजना के तहत पांच लाख 82 हजार 58 से अधिक पात्र व्यक्तियों की पहचान की गई है, जिनके गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। इस कार्य को आगामी एक माह में पूरा किया जाना है।

बैठक में बताया गया कि जिला में इस योजना के तहत लगभग 28 अस्पताल अधिकृत हैं, जहां इन पात्र लाभार्थियों को योजना के तहत लाभांवित किया जा रहा है।

# भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिताओं के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल 26 से

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय टीम के लिये ताऊ देवीलाल खेल परिसर सेक्टर-3 पंचकूला में 26 व 27 नवंबर को ट्रायल लिया जाएगा। सिविल सेवा प्रतियोगिता से संबंधित हिदायतें वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय सिविल सेवा उपरोक्त खेल प्रतियोगिता के लिए सिविल सेवा खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर संबंधित जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षकों के द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रायल में जिले के सभी सिविल सेवा में कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी भाग ले सकते हैं। केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड की हिदायतों अनुसार इन सिविल सेवा प्रतियोगिताओं में बोर्ड, कॉरपोरेशन के अधीन कार्यरत कर्मचारी, अधिकारी तथा पुलिस विभाग, बिजली बोर्ड, एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी/अधिकारी भाग नहीं लेंगे। कर्मचारी/अधिकारी अपने-अपने विभाग से सत्यापित फोटो सहित प्रमाण पत्र अपने विभाग के मुखिया के साथ-साथ आदान-प्रदान अधिकारी की अनुमति पत्र साथ लेकर जाएंगे। इच्छुक अधिकारी एवं कर्मचारी सिविल सर्विस खेल उपरोक्त प्रतियोगिताओं के लिए टीम में चयन के लिए निर्धारित तिथि, समय, स्थान पर अपने दस्तावेजों सहित पहुंचकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

# मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शामिल करने की तैयारी

### गुरुग्राम में प्रेस क्लब की मांग पर डीसी की संस्तुति, अब सीएम से करेंगे मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों के साथ मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ।

**राष्ट्रीय** प्रेस दिवस के अवसर पर बुधवार को जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम की ओर से यहां एसोसिएशन कार्यालय परिसर सेक्टर-15 पार्ट-2 में रूबरू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से उनका स्वागत-सत्कार किया गया।

एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव समेत समस्त कार्यकारिणी, सदस्यों ने मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर के साथ पत्रकार हित के कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकारों को आ रही समस्याओं और सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं को लेकर उन्हें कुछ सुझाव भी दिए गए। पत्रकारों को मान्यता (एक्रिडेशन) प्रणाली के सरलीकरण के भी इसमें सुझाव शामिल रहे। मुख्य विषय गुरुग्राम में प्रेस क्लब बनाने का रहा। इस विषय पर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से पूर्व में उन्हें दी गई फाइल पर करवाई जारी है और जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से भी इस विषय पर बातचीत हो चुकी है।

उन्होंने राय दी कि एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव से एक-दो दिन में मुलाकात करें। 21 नवम्बर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करके इस बात को प्रमुखता से रखा जाएगा। उस दिन मुख्यमंत्री गुरुग्राम के मानेसर में एक समारोह में शिरकत करने आएंगे। स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में उनसे जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करवाई जाएगी। मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को प्रमुखता से शामिल किए जाने की तैयारी चल रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त पत्रकारों की संख्या हरियाणा में है।

प्रेस दिवस पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव ने कहा कि हरियाणा में चंडीगढ़ के बाद गुरुग्राम केंद्र बिंदु है। राजधानी दिल्ली के निकट होने के चलते यहां का प्रभाव अधिक है। ऐसे में यहां प्रेस क्लब होना जरूरी है। उन्होंने मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ को उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद भी दिया। एसोसिएशन से जुड़े पत्रकार सोनू यादव, राजेश यादव, संजय कुमार मेहरा, पवन सेठी, प्रवीण वत्स, हनु सैनी, संजय चौहान, धर्मेन्द्र कौशिक, चंदन सिंह, प्रवेश चौहान, राजू चित्रा और सुदर्शन झा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### 'अरावली पहाड़ी में मृत मिली मादा तेंदुआ



**सोहना।** खंड के गांव खोहर से लगती अरावली पहाड़ी में मादा पैंथर (तेंदुआ) मृत पाई गई। मौके पर पहुंची जीव जन्तु विभाग की टीम ने मादा पैंथर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिसकी मौत का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद होगा। बुधवार को खंड के गांव हरचंदपुर और खोहर से लगती अरावली पहाड़ी में ग्वालों ने मृत तेंदुआ देखा। जिसकी सूचना ग्वालों ने पुलिस और जीव जन्तु विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों का दी। सोहना सदर थाना पुलिस जीव जन्तु विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची। मृत तेंदुए के शरीर पर किसी प्रकार की चोट या अन्य प्राणी द्वारा हमला करने के निशान नहीं मिले। माना जा रहा है कि तेंदुए की मौत भूख या बीमारी के कारण हुई है। शरीर काफी कमजोर हालत में मिला है। जीव जन्तु विभाग के क्षेत्रीय इंस्पेक्टर राजेश चहल ने बताया कि मृतक मादा पैंथर की उम्र करीब दो वर्ष है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का खुलासा हो पाएगा। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर मृतक का किसी अन्य तेंदुआ या जानवर से लड़ाई झगड़ा होने या दांत व पंजे के निशान नहीं मिले हैं।

# रीना देवी बनी नगर परिषद की उपप्रधान

### बैठक में 21 में से 18 पार्षद मौजूद रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सदन की बैठक में उपप्रधान बनने पर मौजूद पार्षदों का आभार प्रकट करतीं रीना देवी।

**वार्ड-2** की पार्षद रीना देवी को मतदान के दौरान मौजूद पार्षदों ने सर्वसम्मति से उपप्रधान बनाया। मतदान के दौरान 21 में से 18 पार्षद मौजूद थे। तीन पार्षदों ने मतदान में भाग नहीं लिया। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने नवनियुक्त उपप्रधान रीना देवी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

करीब पांच माह पहले हुए नगर परिषद के आम चुनाव के बाद सदन की बैठक चलाने के लिए उपप्रधान मिल ही गया। बुधवार को परिषद सभागार के भवन में प्रशासक एसडीएम जितेन्द्र गर्ग की मौजूदगी में हुई सदन की बैठक में 21 में से 18 पार्षदों ने भाग लिया। नगर परिषद उपप्रधान पद के चुनाव की प्रक्रिया तय समय के अनुसार सुबह 11 बजे शुरू हुई। सदन की बैठक में होने वाले उपप्रधान पद के चुनाव में एक मात्र वार्ड-2 से पार्षद रीना देवी ही प्रत्याशी थीं। एक प्रत्याशी होने पर बैठक में मौजूद अन्य 17 पार्षदों ने अपनी सहमति जताते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया। जिसे मात्र 10 मिनट में ही उपप्रधान का चुनाव हो गया।

विधायक भी पहुंचे बधाई देने

नगर परिषद कार्यालय में हुए उपप्रधान के चुनाव में विधायक संजय सिंह समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग रीना देवी को उपप्रधान बनने पर बधाई देने के लिए पहुंचे। एसडीएम ने नवनियुक्त उपप्रधान रीना देवी को सदन चलाने के लिए पूरी जिम्मेदारी सौंपी। जल्द ही शहर में होने वाले विकास कार्यों को लेकर सदन की बैठक होगी।

नवनिर्वाचित उपप्रधान रीना देवी ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्षदों ने उन्हें उपप्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वह उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और सर्वहित में कार्य करके निभाएंगी। नगर परिषद सीमा क्षेत्र को विकास गति देते हुए नई पहचान दिलाने का काम किया जाएगा।

# लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका बेहद अहम: अमित नेहरा

### एनसीआर मीडिया क्लब ने मनाया 56वां राष्ट्रीय प्रेस दिवस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अमित नेहरा।

**एनसीआर** मीडिया क्लब ने 56वें राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर गुरुग्राम में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एनसीआर क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने हिस्सा लिया और अपने विचार रखे। एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका बेहद अहम है।

उन्होंने कहा कि प्रेस व मीडिया, सरकारी तंत्र में व्याप्त खामियों को उजागर करते हैं। इसी के आधार पर सरकारों को पता चलता है कि सिस्टम में सुधार की गुंजाइश है। श्री नेहरा ने कहा कि पत्रकारों के लिए भी पेशेवर नैतिकता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसी के चलते 1956 में पहले प्रेस आयोग ने निष्कर्ष निकाला था कि पत्रकारिता में पेशेवर नैतिकता को बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका एक वैधानिक प्राधिकरण निकाय बनाकर प्राप्त किया जा सकता है जिसमें मुख्य रूप से पत्रकारिता से जुड़े लोग शामिल हों और गतिविधियों में मध्यस्थता कर सकते हों। 4 जुलाई 1966 को प्रेस परिषद की स्थापना हुई, जिसने 16 नवंबर, 1966 से अपना औपचारिक कामकाज शुरू किया। हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस/पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संगोष्ठी में क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप डबास ने कहा कि यह दिन बताता है कि लोकतंत्र के मूल्यों की सुरक्षा और उसे बहाल करने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है। इसी अवसर पर क्लब के जनरल सेक्रेटरी नवीन धमीजा ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों में प्रेस व मीडिया परिषदें हैं, लेकिन प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारतीय प्रेस परिषद अपने कर्तव्य में एक अनूठी इकाई है जो चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही है। संगोष्ठी में तय हुआ कि एनसीआर मीडिया क्लब जल्द ही बड़े पैमाने पर एक कार्यक्रम का आयोजन करेगा जिसमें पत्रकारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

संगोष्ठी में एनसीआर मीडिया क्लब के ट्रेजरर राज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनीष राज मासूम, डॉ. अल्पना सुहासिनी समेत सीमा गिल, रेनू कैलाश, महेश शर्मा, संजय मेहरा, रचना वर्मा, प्रियंका सरकार, नरेश शर्मा, हनु सैनी, अरविंद सैनी, जसवीर मलिक और समेत अनेक वरिष्ठ पत्रकारों ने हिस्सा लिया।

# सामुदायिक भवन निर्माण और गंदगी मुक्त गांव बनाना होगी प्राथमिकता : रामपाल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना की ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा के नवनियुक्त सरपंच रामपाल को ग्रामीणों द्वारा किया स्वागत।

**ग्राम** पंचायत महेन्द्रवाड़ा के नवनियुक्त सरपंच रामपाल ने कहा कि सामुदायिक भवन और गांव में गंदे पानी की निकासी के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। गांव की फिरनी टूटी फर्श की मरम्मत व गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण किया जाएगा।

ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा के नवनियुक्त सरपंच रामपाल का ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थान पर स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद सरपंच रामपाल ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिस दिन उन्हें गांव में विकास कार्य कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उसी दिन से ग्रामीणों की सहमति से विकास के कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव में सामुदायिक भवन की बहुत आवश्यकता है। ग्राम पंचायत के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पंचायती जमीन है। जिसमें जिम्मेदारी मिलने के साथ ही प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों से उनकी सबसे पहली मांग यही होगी। गांव को स्वच्छ और गंदगी मुक्त बनाने के लिए टूटी हुई नालियों को ठीक कराया जाएगा। ताकि घरों से निकलने वाला गंदा पानी गांव के तालाब तक पहुंच सके। नालियां टूटी होने के कारण गंदा पानी गांव के आम रास्तों में जमा हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव में स्थित राजकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हो रही है। स्कूल के रास्ते में जमा गंदे पानी में से बच्चे पढ़ने के लिए आते व जाते है।

**रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र :** महेन्द्रवाड़ा के सरपंच रामपाल ने बताया कि वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य की सरकारें भी युवाओं को कौशल रोजगार प्राप्त करने वाले लिए प्रशिक्षण देकर रोजगार दे रही हैं। जिसके अनुसार गांव में रोजगार का हुनर देने वाले प्रशिक्षण केन्द्र खुलवाने के कार्य किए जाएंगे। जहां पर युवाओं के साथ-साथ कामकाज के बाद फ्री महिला व युवतियां रोजगार का हुनर सीख सकें।

**सर्वसम्मति से विकास कार्य :** गांव में विकास के कार्य सर्वसम्मति से कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। सरपंच रामपाल ने कहा कि जिसमें सर्वहित में कार्य कराने की सोच रखने वाले ग्रामीणों को रखा जाएगा। ताकि गांव का विकास सब की सहमति से हो सके। गांव को विकास के क्षेत्र में ग्रामीणों की सामूहिक नीति से नई पहचान दिलाने का कार्य किए जाएंगे।

# पानी का बिल ठीक करने में देरी पर निगम पर 15 हजार जुर्माना

**गुरुग्राम।** नगर निगम की ओर से एक बिल को दुरुस्त करने में एक साल का समय लगा दिया गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता फोरम में की तो इस मामले में फोरम में कड़ा संज्ञान लिया। उपभोक्ता के हित में निर्णय देते हुए फोरम ने नगर निगम पर 15 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका है।

### उपभोक्ता फोरम ने संज्ञान लेकर लगाया है यह जुर्माना

जानकारी के अनुसार समाजसेवी व जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य रविंद्र जैन एडवोकेट द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम में नगर निगम के खिलाफ शिकायत दी। जिला उपभोक्ता फोरम के प्रधान संजीव जिंदल द्वारा इस शिकायत का समर्थन किया गया। शिकायत में कहा गया कि एक बिल को ठीक करने के लिए नगर निगम से 12 महीने यानी एक साल का समय लगा दिया है। इससे उन्हें मानसिक परेशानी होने के साथ कानूनी खर्चे करने पड़े।

रविंद्र जैन के अनुसार उनके घर का पानी का बिल 33000 रुपये का बिल आया था। वह पूरी तरह से गलत था। उनका पहले तो पानी की बिल 100-200 रुपये आता था, लेकिन 33000 रुपये का बिल भेजकर उन्हें मानसिक परेशानी में डाल दिया गया। इस बाबत उन्होंने नगर निगम के एसडीओ, एक्सईएन, संयुक्त आयुक्त आदि अधिकारियों से की। इसके बाद भी कोई कुछ नहीं कर पाया। छह महीने तक उनका मामला नगर निगम में अधिकारियों के बीच फंसा रहा। हारकर रविंद्र जैन ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में यह मुद्दा उठाया। तब नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने आदेश देकर पिछले एवरेज के हिसाब से बिल दुरुस्त करने को कहा। ठीक करके बिल 5000 रुपये कर दिया गया। रविंद्र जैन ने यह मामला उपभोक्ता फोरम में डाल दिया। फोरम ने उनकी एडवोकेट प्रज्ञा गोयल की दलील पर नगर निगम पर लापरवाही पाते हुए कड़ा संज्ञान लिया। नगर निगम पर 15000 रुपये का जुर्माना ठोंका गया। साथ ही कहा गया कि उपभोक्ताओं को इस तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# वार्ड पार्षद निजी खर्चे से सफाई और फॉगिंग कराने को मजबूर

### नगर परिषद के कूड़ा उठाने वाले वाहनों में डीजल व पेट्रोल की कमी आ गई है

पायनियर समाचार सेवा। सोहना





सोहना के वार्ड-15 के पार्षद राजकुमार गोयल, वार्ड-16 के पार्षद-हरीश नन्दा।

**नगर** परिषद के पार्षद अधिकारियों पर वार्डों में भेदभाव से कार्य कराने के सवालिया निशान लगा रहे हैं। वार्ड में पड़े कूड़ा उठाने के लिए पार्षदों को परिषद के वाहनों में डीजल डलवाना पड़ रहा है। वहीं एक अन्य पार्षद ने अपने निजी खर्चे से वार्ड में फॉगिंग कराने की बात कही है।

शहर के वार्डों में लगे कूड़े के ढेर को उठाने के लिए पार्षद अपनी निजी खर्चे से कराने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि परिषद के कूड़ा उठाने वाले वाहनों में डीजल व पेट्रोल की कमी आ गई है। जिसके कारण परिषद के वाहन सभी वार्ड में कूड़ा उठाने के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में जनता के हित में पार्षद अपने निजी खर्चे से गंदगी की सफाई करा रहे हैं।

बुधवार को नगर परिषद उपप्रधान चुनाव के दौरान मौजूद पार्षदों ने अधिकारियों पर सवालिया निशान लगाते हुए वार्डों की सफाई में दोहरा व्यवहार बरतने का आरोप लगाया है। वार्ड 16 के पार्षद हरीश नन्दा ने उन्होंने परिषद के वाहन में स्वयं डीजल डलवाकर कूड़े का उठाव कराया है। परिषद के वाहनों में डीजल नहीं होता। नन्दा ने कहा कि अधिकारी मनचाहे वार्ड में अपने वाहनों को भेज कूड़ा उठाव के लिए भेजते हैं। वहीं वार्ड 15 के पार्षद अधिवक्ता राजकुमार गोयल परिषद प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान समय में मच्छरों का आतंक बना हुआ है। वार्ड में लगे गंदगी के ढेरों के कारण मच्छरों का आतंक बना हुआ है। जबकि डेंगू बुखार अपने पैर शहर में पसार चुका है। परिषद अधिकारियों को कई बार फॉगिंग कराने के लिए मांग की गई है, लेकिन अधिकारी उनकी बातों को अनसुना कर रहे है। वे अपने निजी खर्चे पर अपने वार्ड 15 में फॉगिंग कराने के लिए मशीन लेकर आए हैं।

### एसएमओ ने भी की फॉगिंग कराने की मांग

नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव ने बताया कि मच्छरों का आतंक बना हुआ है। पिछले दिनों डेंगू के मामले आए हैं। जिसके लिए उन्होंने नगर परिषद को कई बार लिखित व मौखिक रूप से फॉगिंग कराने को कहा है।

# बीके : मरीजों की संख्या बढ़ते ही जांच का सामान खत्म

## दो दिनों से बीके अस्पताल में नहीं हो रही है सीबीसी जांच

कविता। फरीदाबाद

शहर के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में सीबीसी जांच अस्पताल से ही कराने का नोटिस अस्पताल प्रबंधन की तरफ से करीब एक हफ्ते पहले ही जारी किया था। जिसके बाद से अस्पताल में ही सीबीसी की जांच हो रही थी, लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से यहां सीबीसी जांच का सामान समाप्त हो गया।

ऐसे में जांच बंद होने से मरीजों को वापस लौटाया जा रहा है। जिससे मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को सोमवार और मंगलवार तक का समय देकर लौटाया जा रहा है। ऐसे में मरीज परेशान हैं कि यदि बाहर से जांच करवाएंगे तो चिकित्सक देखेंगे या नहीं? क्योंकि कर्मियों ने जांच लैब में साफ कहा गया कि हमें आदेश हैं कि हम आपको बाहर जांच करवाने के लिए नहीं कहेंगे।





लम्बी लाइन में प्रयोगशाला जांच कक्ष के बाहर खड़े रोगी। बुखार से तड़प रहे व्यक्ति के कार्ड पर सोमवार को आने की बात कहता एलटी।

### जांच का सामान समाप्त

बीके अस्पताल में बदलते मौसम के कारण फिजिशियनों के पास मरीजों की संख्या बढ़ रही है। खांसी, जुकाम के साथ ही बुखार और अन्य कई तरह के रोगी सामने आ रहे हैं। जहां पहले पांच दिन की दवा देकर मरीजों को लौटा दिया जाता था। लेकिन अब अस्पताल प्रबंधन से आदेश आने के बाद सभी बुखार के मरीजों की जांच कराएं। साथ ही जांच अस्पताल की प्रयोगशाला के आदेश आए हुए हैं। इन आदेशों को देखते हुए चिकित्सक सीबीसी, मलेरिया और डेंगू की जांच आवश्य ही लिख रहे हैं, लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से प्रयोगशाला में सीबीसी जांच का सामान समाप्त होने के कारण यहां से मरीजों को लौटाया जा रहा है।

### दिया लम्बा समय

एक-दो दिनों का बुखार लोगों की हालत खराब कर देता है। ऐसे में जांच यदि तीन से पांच दिन बाद करवाने को कहा जाए तो मरीज की हालत क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लेकिन बीके सिविल अस्पताल में सीबीसी जांच का सामान समाप्त होने पर गंभीर रोगियों को भी सोमवार या मंगलवार तक जांच करवाने का समय दिया जा रहा है। बुधवार को पहुंचे सभी रोगियों को सामान न होने के कारण सोमवार या मंगलवार को आने का समय देकर लौटा दिया गया। इतने लम्बे समय में रोगी की क्या हालत होगी, इसका भगवान ही मालिक होगा।

## झाड़-फूंक नहीं, केवल इलाज से ठीक होती है मिर्गी

फरीदाबाद। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर मिर्गी के विषय में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 17 नवंबर को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस मनाया जाता है। मिर्गी मस्तिष्क का एक क्रॉनिक रोग है। अक्सर लोग झाड़ फूंक और जादू टोना वालों के पास जाते हैं। फरीदाबाद मेट्रो अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग की निदेशक न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सुषमा शर्मा के मुताबिक लोगों को समझने की जरूरत है। यह एक शारीरिक बीमारी है। इसका पूर्णता उपचार संभव है। सही उपचार से मरीजों को ठीक किया जा सकता है। 80 प्रतिशत मरीजों को एक या दो दवा ठीक किया जा सकता है। बाकी 20 प्रतिशत मरीजों में थोड़ी एडवांस ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ती है। इसका इलाज भारत में उपलब्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेक नीयत वाली सरकार अपनाने का फैसला : भड़ाना



आम आदमी पार्टी का दामन थामते वार्ड नंबर दो के निवासी।

फरीदाबाद। बुधवार को आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर वार्ड नंबर दो निवासी जितेंद्र पासवान, राजेश यादव, हरेंद्र यादव, महेंद्र, कन्हैया पाल, वकील शाह, शंभू शाह, भगवान सिंह, रामजीवन पासवान, गुलाब, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष, सुशील, मुन्ना मास्टर, अनिल भारद्वाज, कमल मिश्रा, संयम, पुनीत यादव एवं दर्जनों लोगों ने जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। धर्मवीर भड़ाना ने सभी का टोपी एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बिजली, पानी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली में दी जा रही हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की जनता को भी सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। मुख्य रूप से जिला सचिव भीम यादव, वरिष्ठ नेता राजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना, प्रदेश सचिव मंजू गुप्ता, राकेश प्रसाद, हरजिंदर मेंदीरत्ता, संजय जुनेजा, राम गीर, सुभाष बघेल, हिमांशु सेठी, चंद्रपाल, देव कुमार, सत्येंद्र शर्मा, शुभ अंकित गुप्ता, देवराज गोड़, संदीप राव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जीवा में मनाया गया पहला सफल बैगलेस डे

फरीदाबाद। सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा पद्धति की नीति के अनुसार प्रथम बैगलेस डे मनाया। भारत में इन दिनों नई शिक्षा पद्धति को प्रारंभ किया है। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। इसके साथ-साथ छात्रों मे वैश्विक नेतृत्व, सांस्कृतिक समृद्धि, स्वस्थ जीवन, अभिनव कौशल और समस्त मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं को विकसित करना है। नई शिक्षा नीति में काम करके सीखने पर आधारित दृष्टिकोण को अपनाया गया है। जीवा पब्लिक स्कूल में भी शिक्षण पद्धति प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, टॉपिक वर्क एवं क्रियाकलाप पर आधारित है, यहां पर प्रत्येक छात्र की सक्रिय भागीदारी पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। नई शिक्षा पद्धति के अनुसार विद्यालयों में पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ-साथ कुछ व्यवहारिक शिक्षा हेतु दस दिनों में बैगलेस रखने का भी व्यवस्था की गई है। इसी आधार पर जीवा पब्लिक स्कूल में भी पहली बार इस विषय पर एक सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीवा पब्लिक स्कूल में भी नर्सरी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने सक्रिय रूप से इस अनोखे क्रियाकलाप में भाग लिया। कक्षा नर्सरी से लेकर दूसरी तक के छात्र फरीदाबाद स्थित जीवाग्राम वेलनेस सेंटर में गए वहां उन्होंने गऊशाला में उनकी देखभाल की व्यवस्था को देखा एवं खेतों में भ्रमण किया। विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव व प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा ने भी भाग लिया।

### नेशनल एथलेटिक्स में 186 खिलाड़ियों ने जीते 56 पदक

फरीदाबाद। एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक गुवाहाटी आसाम में किया जा रहा है। हरियाणा की टीम में 93 लड़के और 93 लड़कियों सहित कुल 186 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप गोवाहटी आसाम में हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने 28 स्वर्ण पदक, 16 रजत पदक और 12 कांस्य पदक सहित कुल 56 पदक जीतकर हरियाणा राज्य को ओवर आल चैंपियन बनाया। प्रतियोगिता में लड़कों ने 227 अंक और लड़कियों ने 251 अंक जुटाकर कुल 478 अंक अर्जित कर एथलेटिक्स हरियाणा को ओवर आल चैंपियन बनाया। राजकुमार मिटान ने बताया कि 1500 मीटर दौड़ में साकिर ने स्वर्ण पदक जीत एथलेटिक्स हरियाणा की झोली में डाला। लड़की वर्ग में चंचल जाखड़ ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक विजेता राज्य का नाम रोशन किया।

### मतदान से गांवों में पेट्रोलिंग करना करें सुनिश्चित : सीपी



फरीदाबाद। सीपी विकास अरोड़ा तथा डीसी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में पंचायत चुनावों को फ्री एण्ड फेयर चुनाव करवाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। सीपी विकास अरोड़ा ने कहा कि मतदान से पूर्व ही गांवों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बेहतर तालमेल करके पेट्रोलिंग करना सुनिश्चित करें। पुलिस पार्टी, सेक्टर ऑफिसर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार पंचायत चुनावों को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने के लिए कार्य करें। सीपी और डीसी ने जिला फरीदाबाद में फ्री एण्ड फेयर पंचायत चुनाव करवाने सेक्टर ऑफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस फ्लाइंग स्क्वाड को ट्रेनिंग के जरिए हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा है कि पंचायत चुनाव में सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल करके अपने कर्तव्य का निष्ठा के साथ पालन करें। जब तक ये चुनाव नहीं हो जाते तब तक ड्यूटी दे रहे कर्मचारी और अधिकारी राज्य चुनाव आयोग के अधीन स्वयं को मानें। डीसी ने कहा है कि पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहें और एक-एक बूथ की पोलिंग रिपोर्ट ई-डैशबोर्ड पर भिजवाते रहें।

# एफएमडी की बैठक में सड़क मरम्मत जल निकासी समेत अन्य कामों को मंजूरी

## एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल ने की 21वीं कोर प्लानिंग सेल बैठक की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने प्राधिकरण की 21वीं कोर प्लानिंग सेल (सीपीसी) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एफएमडीए की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गरिमा मित्तल, फरीदाबाद स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार और एफएमडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सुधीर राजपाल ने लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर लेबर चौक से फरीदाबाद बाईपास रोड तक 640 मीटर लंबे खंड पर दो मीटर चौड़ा साइकिल ट्रैक, सड़क अवसंरचना और पर्याप्त बागवानी उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। परियोजना में करीब 2.2 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सड़क के दोनों ओर फुटपाथ के साथ-साथ इस खंड पर सतही नालों को भी शामिल किया जाएगा।



बैठक को संबोधित करते एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

एफएमडीए, शहर में सड़क बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और हम शहर की विभिन्न सड़कों की मरम्मत और उन्नयन कर रहे हैं। आज सीपीसी की बैठक में प्याली चौक से इचर चौक तक मास्टर रोड की विशेष मरम्मत के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है, जिसमें फुटपाथ का निर्माण, ड्रेनेज वर्क और मुख्य कैरिजवे की मरम्मत शामिल है ताकि नागरिकों को आवागमन में आसानी हो, एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा। ग्रेटर फरीदाबाद में सेक्टर 75-84 क्षेत्रों की मास्टर सड़कों के वार्षिक रख-रखाव का प्रस्ताव भी एफएमडीए के इंफ्रा 1 डिवीजन द्वारा भी प्रस्तुत किया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वर्ष भर सड़कों का रख-रखाव किया जा सके। सिफारिश को भी एफएमडीए प्रमुख से हरी झंडी मिली, जिन्होंने निर्देश दिया कि काम की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए और एफएमडीए द्वारा किए जा रहे सभी सड़क निर्माण कार्यों में कारीगरी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एफएमडीए, शहर में चार प्रमुख चौराहों के सुधार की दिशा में भी काम कर रहा है, जिसमें नीलम फ्लाईओवर का चौराहा पहली परियोजना है, जिसमें स्टॉर्म वॉटर नालियों और फुटपाथों के उन्नयन, स्तंभ में दरार की मरम्मत और समग्र व्यापक विकास की योजना बनाई जाएगी, ताकि यातायात का मुफ्त प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके और निवासियों के लिए बेहतर आवागमन का अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। नीलम फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा।

इंफ्रा 2 डिवीजन ने सेक्टर 20ए (नीलम फ्लाईओवर) से विद्या मंदिर स्कूल तक स्टॉर्म वॉटर लाइन उपलब्ध कराने और बिछाने का प्रस्ताव, और अजरौंदा सब्जी मंडी के पास 15ए मार्केट तक एनएच पर राधा स्वामी सत्संग रोड से मौजूदा स्टॉर्म वॉटर लाइन की गाद निकालने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। एफएमडीए टेलीफोन एक्सचेंज, फरीदाबाद के पास डीएम रोड से अजरौंदा मार्केट से सेक्टर 15 और 15ए डिवाइडिंग रोड तक सीवर लाइन भी उपलब्ध कराएगा और बिछाएगा। दोनों प्रस्तावों को सीईओ एफएमडीए द्वारा अनुमोदित किया गया था। शहर में सामाजिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एफएमडीए के शहरी योजना प्रभाग और भूमि खरीद प्रकोष्ठ को भूमि की पहचान करने को कहाहै।

# बच्चों संग पुलिस आयुक्त ने मनाया चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह



सेक्टर 21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय में दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम में बच्चों के साथ बातचीत करते कमिश्नर विकास अरोड़ा।

## देश का भविष्य बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा रहेगी प्रयासरत : सीपी

फरीदाबाद। महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपने कार्यालय में सेक्टर 29 एसओएस चिल्ड्रन विलेज से आए बच्चों तथा चाइल्डलाइन टीम के साथ मुलाकात की।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे देशभर में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला व बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत हर वर्ष आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाती है और बच्चे शहर के उच्च अधिकारियों से मिलकर वार्तालाप करते हैं। इसी के तहत आज एसओएस चिल्ड्रन विलेज व चाइल्डलाइन की टीम ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात करके उनको दोस्ती का बंधन बांधा और उन्हें गुलदस्ता और मग भेंट किया। पुलिस आयुक्त ने भी बच्चों में चॉकलेट बांटकर सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात पुलिस आयुक्त ने बच्चों से उनके भविष्य के बारे में खुलकर बातचीत की और इसके बारे में उन्हें कुछ जरूरी सुझाव दिए।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य है। भारत का आने वाला कल इन बच्चों के ज्ञान और बुद्धिमता के दम पर ही विश्व में नई ख्याति अर्जित करेगा। इसलिए, बच्चों की सुरक्षा अति आवश्यक है।

# पंजाबी सभा की नई कार्यकारिणी का गठन



फरीदाबाद। पंजाबी समाज सभा फरीदाबाद की एनुअल जनरल बाडी मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पंजाबी समाज सभा के संरक्षक वासदेव अरोड़ा, जगजीत कौर फ्लू और तनिंदर टंडन, चेयरमैन अशोक बनयाल की अध्यक्षता में और रिटर्निंग आफिसर दीपक यादव की देखरेख में नई कार्यकारिणी बनाई गई।

अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष पवन चौधरी ने हरजिंदर सिंह- बेदी का नाम प्रपोज किया। उपाध्यक्ष पद के लिए मोनिका पुंज, महासचिव पद के लिए निवर्तमान महासचिव राजेंद्र बजाज ने नरेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान कोषाध्यक्ष टीएन कपूर ने रंजीत सिंह बेदी और सहसचिव पद के लिए जगदीश मैनी का नाम प्रपोज किया और सर्वसम्मति से इन सबको निर्विरोध मनोनीत किया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने पंजाबी समाज के सदस्यों को यह विश्वास दिलाया है कि वे समाज के हित में तन, मन धन से कार्य करेंगे और पंजाबी समाज सभा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे। गुरदेव सिंह देव, एस एस चौहान, पवन अरोड़ा, प्रीतम सिंह, विशाल बनयाल, हरभजन सिंह बेदी, मयूर सिंह खत्री, पूजा खत्री आदि मौजूद थे।

# डायबिटिक रेटिनोपैथी की जागरुकता को मैराथन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एआईओएस (ऑल इंडिया ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी) और वीआरएसआई (विट्रो-रेटिना सोसाइटी ऑफ इंडिया) ने डायबिटिक रेटिनोपैथी के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए वॉक का आयोजन करके 13 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) मनाया।

मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी, जो किसी भी डायबिटिक को हो सकती है, आंख की रेटिना को नुकसान पहुंचाती है। अगर इसे बिना निदान और अनुपचारित छोड़ दिया जाए, तो यह दृष्टि हानि का कारण भी बन सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार मधुमेह के हर तीन में से एक मरीज को किसी न किसी रूप में रेटिनोपैथी होगी। मधुमेह के रोगियों में अंधेपन का यह प्रमुख कारण है। इसके अलावा, लैंसेट द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 40 वर्ष से अधिक आयु के 30 लाख से अधिक मधुमेह रोगियों की दृष्टि खोने का खतरा है। मधुमेह नेत्र रोग के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए



एआईओएस और वीआरएसआई ने 13 नवंबर को इंडिया हैबिटेट सेंटर में एक वॉकिंग मैराथन का आयोजन किया। मैराथन को मुख्य अतिथि दीपेंद्र पाठक, विशेष आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, द्वारा प्रो. राजवर्धन आजाद (माननीय महासचिव एसएओ), और अध्यक्ष, एलओसी, एसएओ), डॉ. ललित वर्मा, (मुख्य आयोजन सचिव, एलओसी एसएओ), डॉ. नम्रता शर्मा (संयोजक वैज्ञानिक समिति, एलओसी एसएओ), और डॉ. मनीषा अग्रवाल, सचिव, वीआरएसआई की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वीआरएसआई के अध्यक्ष डॉ एनएस मुरलीधर ने कहा, मधुमेह न केवल शरीर के शुगर मेटाबॉलिज्म में गड़बड़ी है, बल्कि शरीर के कई अंगों को प्रभावित करने वाली एक जटिल बीमारी है। हार्ट, किडनी, आंख और मस्तिष्क डायबिटीज के हमले का सबसे अधिक नुकसान उठाते हैं। इस तथ्य के बारे में बहुत कम जागरूकता है कि मधुमेह अंधेपन का एक बड़ा कारण है। अफ़सोस की बात यह है कि समय पर इलाज से मधुमेह के कारण होने वाले अंधेपन को रोका जा सकता है। यह तभी संभव है जब हम आंखों में होने वाले बदलावों, खासकर रेटिना (जिसे डायबिटिक रेटिनोपैथी कहते हैं) को शुरुआती दौर में ही समझ लें। चूंकि रेटिनोपैथी के अंतिम चरण तक, रोगियों को अच्छी तरह दिखाई देता है, इसलिए वे आंखों की जांच के लिए नहीं आते हैं। इसलिए, वीआरएसआई की ओर से सभी लोगों के लिए एक सरल संदेश है- मधुमेह का पता चलने पर सभी मधुमेह रोगियों को अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिए।

## साइकिल रैली से मतदान के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा वोटर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मतदान जागरूकता साइकिल रैली का किया आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या रितिका गुप्ता ने किया।

प्राचार्य ने बताया कि साइकिल रैली मतदाताओं को मतदान करने के लिए निकाली जा रही है। प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर अवश्य करना चाहिए। यह साइकिल रैली महाविद्यालय प्रांगण से लेकर गाँव दौलताबाद तक निकाली गई। छात्राओं ने गाँव दौलताबाद के निवासियों को मतदान का सही उपयोग करने के लिए जागरूक करने का कार्य सराहनीय रूप से किया। इस रैली में छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनएसएस प्रोग्रामिंग ऑफिसर मोनिका तथा वोटर क्लब इंचार्ज मीनल सभ्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कुणाल का अंडर-25 हरियाणा क्रिकेट टीम में चयन

## स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में ले रहे थे प्रशिक्षण

कविता। फरीदाबाद

सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी कुणाल सिंह का चयन अंडर-25 वर्ग हरियाणा क्रिकेट टीम में हुआ है। 21 वर्षीय कुणाल सिंह ने बताया कि वह बचपन से ही क्रिकेट खेलने के शौकिन रहे हैं। उन्होंने बचपन में ट्रेनिस की बॉल से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। आज उनका चयन हरियाणा टीम में हुआ है। ऐसे में आज लोगों द्वारा उन्हें बधाई दी जा रही है, जिसकी उन्हें खुशी है। कुणाल ने बताया कि उनका क्रिकेट करियर पिछले तीन सालों में स्लेजहैमर क्रिकेट टीम के कप्तान प्रदीप मोहंती और उप कप्तान प्रवीण मोहंती के भरपूर सहयोग कारण ही वह बुलंदियों पर पहुंचने में कामयाब हुए हैं। उन दोनों की तरफ से उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद भी दी गई है। वहीं कोच उदीत मोहन और सावन ने भी काफी सहयोग किया गया है। क्रिकेटर राहुल और महेश का मागदर्शन भी बहुत मिला है।





स्लेजहैमर क्रिकेट टीम के खिलाड़ी कुणाल सिंह।

**क्रिकेट के साथ पढ़ाई:** कुणाल ने बताया कि वह सेक्टर-86 में रहते हैं और फिलहाल वह अल्फला यूनिवर्सिटी से बीए थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डीएवी स्कूल सेक्टर-14 से उन्होंने नर्सरी से 12वीं तक की पढ़ाई की है। कुणाल ने बताया कि उन्होंने 14 वर्ष की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। इस दौरान क्रिकेट के मैदान में लगातार कड़ी मेहनत करने के बाद उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है।

**खेले कई मैच:** कुणाल ने बताया कि स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी ज्वॉइन करने के बाद उन्हें कई बड़े मैच खेलने का मौका मिला। जून-जुलाई 2022 में उन्होंने पटौदी ट्रॉफी में टॉप 5 में अपनी जगह बनाई। इसके बाद अगस्त-सितम्बर 2022 में उन्होंने अंडर-25 जिला क्रिकेट टीम में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई। वहीं अक्टूबर माह में हुए टेस्ट कैम्प अंडर-25 में उन्होंने एक ही मैच में 165 रन बनाए। जिसके कारण उनका सिलेक्शन अंडर-25 हरियाणा की टीम के लिए हुआ है।

**मिल रही है बधाई:** स्लेजहैमर क्रिकेट टीम के कप्तान प्रदीप मोहंती और उप कप्तान प्रवीण मोहंती समेत सभी कोचों ने कुणाल को बधाई दी और उन्हें हमेशा इसी तरह से आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी परिवार के सदस्यों ने कहा कि कुणाल सिंह की भविष्य में भी हर सम्भव मदद करते रहेंगे।

## धीरू सिंह का अंडर-25 ट्रॉफी के लिए चयन

फरीदाबाद। जिले के क्रिकेटर धीरू सिंह का अंडर-25 ट्राफी के लिए हरियाणा में चयन हुआ है। इनका चयन बतौर ओपनिंग बल्लेबाज किया गया है। इससे पहले भी धीरू सिंह अंडर-19, 23 और पिछले वर्ष भी अंडर-25 टीम में शामिल थे। रविंद्र फागना स्पोर्ट्स प्रमोशन क्लब के चेयरमैन सतीश फागना एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी व बीसीसीआइ लेवल-1 कोच धर्मेंद्र फागना ने धीरू सिंह को बधाई दी है। धीरू 20 नवंबर को जयपुर में होने वाले सौराष्ट्र के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल हैं।

धीरू सिंह के पांच वर्षों से रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी में अभ्यास कर रहे हैं। उनका चयन लाहली रोहतक में हुए कैंप के प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। जिला स्तरीय अंडर- 25 टूर्नामेंट के आठ मैचों की सात इनिंग में 282 रन बनाए थे। इसके आधार पर ही अभ्यास शिविर के लिए चयन हुआ था। धीरू सिंह ने हरियाणा क्रिकेट संघ के महासचिव अनिरुद्ध



चौधरी, अश्वनी शर्मा और अमन शर्मा का धन्यवाद किया है। चयनकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**पिता ने किया प्रेरित:** धीरू ने बताया कि उनके पिता देवेंद्र सिंह नार्दन रेलवे टीटी थे और वर्ष 1982 में नेशनल एथलीट रह चुके हैं। वह सदैव खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उनके सहयोग से ही अंडर-25 तक सफर कर पाए हैं। यदि अंडर-15 शानदार प्रदर्शन जारी रहा, तो रणजी ट्राफी के लिए चयनित हो सकता हैं। धीरू सिंह ने बताया कि वह नार्दन रेलवे की ओर से वर्ष 2012-13, 15-16 में अंडर-19 और वर्ष 2016-17 में अंडर-23 वर्ग के लिए खेल चुके हैं।

# इंडिया पैवेलियन में ट्रांसफार्मेटिव ग्रीन एजुकेशन पर कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मिस्र के शर्म अल-शेख में आयोजित हो रहे यूएनएफसीसीसी के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 27वें संस्करण (सीओपी27) में इंडिया पैवेलियन में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ग्रीन एजुकेशन एक्सपीरियंसेज फ्रॉम इंडिया' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधित किया और पुस्तक, कैलेंडर, पोस्टकार्ड, बुकमार्क एवं पोस्टर लॉन्च किए। ये सभी भारत के स्कूलों के छात्रों द्वारा सस्टेनेबल लाइफस्टाइल पर बनाई गई पेंटिंग्स पर आधारित थे। इन्हें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन नेशनल म्यूजियम ऑफ नैचुरल हिस्ट्री ने तैयार करवाया था। मंत्री ने इस संबंध में जागरूकता के लिए शॉर्ट वीडियो भी जारी किया।

अपने संबोधन में मंत्री ने पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने को लेकर जागरुकता लाने में बच्चों की भूमिका के महत्व को



रेखांकित किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने वाले छात्रों को बधाई भी दी। साथ ही अच्छे कार्य के लिए, उनकी सराहना की। संयुक्त सचिव नमिता प्रसाद ने कहा कि बच्चे अपने परिवार एवं समाज में लोगों को बेहतर आदतों के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री की डायरेक्टर नाज रिज्वी ने जीआईजेड इंडिया के साथ मिलकर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन की दिशा में आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया। भारत ग्रीन ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन पर फोकस कर रहा है। स्कूली बच्चों एवं युवाओं के बीच बेहतर जीवनशैली को लेकर जागरुकता लाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। नेशनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री और जीआईजेड ने इंडो-जर्मन टेक्निकल को-ऑपरेशन के माध्यम से इस दिशा में व्यवस्था विकसित की है। पर्यावरण मंत्रालय ने अगस्त में मिशन लाइफ के तहत बच्चों से पेंटिंग मंगाई थीं। देशभर से 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने अपनी पेंटिंग्स जमा कराई थीं। इनमें से श्रेष्ठ 40 का चयन किया गया था।

मिशन लाइफ वैश्विक स्तर पर प्रो प्लेनेट पीपुल के नाम से कम्युनिटी नेटवर्क तैयार करते जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में प्रयासों के लोकतांत्रिकरण पर जोर देता है। इस तरह के कम्युनिटी नेटवर्क में बच्चों की अहम भूमिका होगी, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण संकट का सामना भी सबसे ज्यादा बच्चों को ही करना पड़ता है।

# राजीव गांधी हत्याकांड
## राजनीति के खतरे

राजीव गांधी के हत्यारों का स्वागत कर तमिलनाडु के राजनेता बहुत खतरनाक खेल खेल रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक हत्यारे आर.पी. रविचंद्रन चाहते हैं कि उत्तर भारत के लोग उनको व अन्य साथी हत्यारों को 'आतंकवादी या हत्यारों के बजाय पीड़ित' मानें। रविचंद्रन व लिट्टे के मुहरे बने उनके बदमाश साथी हमें विश्वास दिलाना चाहते हैं, जैसे उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो अलग देश हैं और राजीव गांधी उत्तर भारतीय तथा उनके हत्यारे दक्षिण भारतीय हैं। वे स्वयं को यदि पूरे भारत नहीं, तो भी तमिलों के 'नायक' समझते हैं, लेकिन तथ्य कुछ और हैं। पहला, 21 मई, 1991 को न केवल राजीव गांधी, बल्कि एक दर्जन से अधिक तमिल भी आत्मघाती बम धमाके में मारे गए थे। दूसरा, लिट्टे की मित्र व समर्थक द्रमुक के खिलाफ उस समय जनता में इतना अधिक गुस्सा था कि अगले महीने हुए विधानसभा चुनाव में इसका पूरी तरह सफाया हो गया था। उस समय द्रमुक-नीत गठबंधन को विधानसभा में केवल सात सीटें मिली थीं, जबकि अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को 234 सीटों में से 225 सीटें मिली थीं। उस समय कांग्रेस भी अन्नाद्रमुक गठबंधन में शामिल थी और यह किसी गठबंधन की दूसरी सबसे बड़ी चुनावी विजय थी। ऐसा नहीं कि द्रमुक छोटी पार्टी थी क्योंकि द्रमुक नीत गठबंधन ने 1989 में असाधारण विजय पाई थी और अकेले द्रमुक को 150 सीटें मिली थीं। अपने को 'पीड़ित' की तरह पेश करने वाले रविचंद्रन को स्वयं अपने भीतर झांकना चाहिए। लेकिन यह सब हमारे लिए आश्चर्यजनक नहीं है। आखिरकार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने नलिनी श्रीहरन समेत 6 दोषियों को रिहा करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इस फैसले को 'लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की ऐतिहासिक भूमिका' बता कर इसकी प्रशंसा की है। स्टालिन की प्रतिक्रिया उनकी सरकार व पार्टी के हत्यारों के समर्थक दृष्टिकोण के अनुरूप है।



द्रमुक ने लंबे समय से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई का अभियान चलाया है। जब उनमें से एक, ए.जी. पेरारीवालन को मई में रिहा किया गया तो स्टालिन ने उनका अभिनन्दन किया था। यह देख कर दु:ख होता है कि राजीव गांधी के हत्यारों की रिहाई का समर्थन तमिलनाडु में कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी को छोड़ कर सभी राजनीतिक पार्टियों ने किया था। वास्तव में गांधी परिवार भी हत्यारों को माफ करना चाहता था, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी सस्ती भावनाओं में नहीं बही और उसने रिहाई का विरोध किया। आश्चर्य है कि राज्य में पिछले 31 साल में लिट्टे-विरोधी भावना का क्या हुआ? आखिरकार राज्य में लिट्टे-समर्थक पार्टियां लोकप्रिय क्यों हैं? द्रमुक व तमिलनाडु की अन्य पार्टियों पर जनता की 'मूल भावनायें' पोषित करने का आरोप लगाया जा सकता है, लेकिन दु:ख की बात है कि केवल यही मूल कारण नहीं है। अन्य राजनीतिक पार्टियां भी इस प्रवृत्ति की दोषी हैं। दुर्भाग्य से इस बारे में भारतीय राजनीतिक क्षेत्र में कोई 'सीमा रेखायें' निर्धारित नहीं हैं। यहां कुछ भी हो सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री के हत्यारों की प्रशंसा होती है तथा बलात्कारियों व हत्यारों का सम्मान हो सकता है। समय बीतने के साथ राजनीति व नैतिकता एक दूसरे में उलझती लग रही थीं, पर अब संभवत: उनके रास्ते अलग-अलग हो गए हैं। छुद्र राजनीति के पैरोकार राजनीति में नैतिकता का कोई उल्लेख सुनना ही नहीं चाहते हैं। शायद उनकी सोच सही भी है। वैसे हमेशा किसी व्यावहारिक राजनेता का अपने सिद्धान्तों व विश्वासों पर टिके रहना शायद संभव नहीं होता है। लेकिन इसके साथ ही राजनीति से सभी आदर्शों व मूल्यों की विदाई भी हानिकारक है।

# ब्याज दर वृद्धि पर लगाम जरूरी

**चूंकि मुद्रास्फीति का मुख्य कारण सप्लाई पक्ष से जुड़े आयाम हैं, इसलिए आरबीआई को भी ब्याज दरों में बार-बार वृद्धि से बचना चाहिए।**




**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)





वर्ष 2016 में सरकार ने मौद्रिक नीति तय करने तथा प्रमुख ब्याज दरें निर्धारित करने के लिए मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी का संस्थाबद्ध ढांचा तैयार किया था। इसने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई को खासकर रेपो रेट या आरआर तय करने का अधिकार दिया जिस दर पर आरबीआई बैंकों को पैसा उधार देता है। यह दर इस प्रकार तय की जानी चाहिए कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई द्वारा परिलक्षित मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत या उससे दो प्रतिशत कम-ज्यादा की लक्षित सीमा में रहे। यह निर्णय पांच साल के लिए किया गया था जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त होता था। अब इस आदेश को पांच साल और बढ़ा दिया गया है तथा यह 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगा। लगातार तीन तिमाही तक मुद्रास्फीति का लक्ष्य बनाए रखने में विफलता की स्थिति में केन्द्रीय बैंक आरबीआई एक्ट की धारा 45जेडएन के अनुसार सरकार को एक रिपोर्ट पेश करता है जिसमें मूल्यवृद्धि के कारणों तथा उसे नियंत्रित करने के लिए उपयुक्त कदमों की व्याख्या की जाती है। यह स्थिति पहली बार 2022 में सामने आई जब सीपीआई जनवरी, 2022 से लगातार तीन तिमाही तक 6 प्रतिशत के अधिकतम लक्ष्य से अधिक रही। मुद्रास्फीति का सभी पक्षों पर हानिकारक प्रभाव पड़ा। इससे खासकर गरीबों व बेरोजगारों की खरीद शक्ति कम हुई, खासकर आजीविका के लिए ब्याज की आमदनी पर पूर्णत: निर्भर लाखों जमाकर्ता प्रभावित हुए, उद्योगों पर वेतन वृद्धि का दबाव पड़ा तथा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च में बढ़ोत्तरी के कारण सरकार का बजट अस्थिर हुआ। इन कल्याणकारी उपायों में खासकर उर्वरक व खाद्यान्न सब्सिडी शामिल हैं।

सीपीआई 2021 तक 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर था, पर 2022 की शुरुआत से ही वह लगातार 6 प्रतिशत के ऊपर बना हुआ है। इसका कारण सप्लाई पक्ष की समस्या है। यह भू-राजनीतिक तनाव तथा मुख्यत: यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में आने वाली बाधा है। इसके परिणामस्वरूप वस्तुओं व खासकर भोजन, ईंधन व उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि हुई है। मोटेतौर से मुद्रास्फीति से निपटने के लिए आरबीआई के पास तीन नीतिगत उपकरण हैं। पहला, वह आरआर बढ़ा सकता है। आरआर में वृद्धि का अर्थ है कि बैंकों को आरबीआई से उधार लिए रुपयों पर उच्च ब्याज दर का भुगतान करना पड़ता है। इससे उनको अपने पैसों पर आने वाला अधिक खर्च वसूल करने के लिए ग्राहकों से ज्यादा वसूलना होता है। उच्च ब्याज दर के कारण व्यक्ति, बिजनेस, फर्म, आदि बैंकों से कम कर्ज लेते हैं जिससे मांग कम होती है। दूसरा, वह कैश रिजर्व रेशियो-सीआरआर में वृद्धि कर सकता है। सीआरआर बैंकों के कुल जमा का वह प्रतिशत है जिसे उनको आरबीआई के पास तरल नकदी के रूप में रखना होता है। बैंकों को इस तरल नकदी पर कोई ब्याज नहीं मिलता है, न ही वे इसका उपयोग निवेश या कर्ज देने में कर सकते हैं।

सीआरआर में वृद्धि का असर आरआर में वृद्धि की तरह होता है जिससे कर्ज देने के लिए उपलब्ध फंड में कमी आती है। तीसरा, वह रिवर्स रेपो रेट-आरआरआर को बढ़ा सकता है। आरआरआर वह ब्याज दर है जिस पर बैंक अपनी अतिरिक्त धनराशि आरबीआई को देते हैं। इस दर में वृद्धि से बैंकों को अपनी अतिरिक्त धनराशि आरबीआई में जमा करना ज्यादा आकर्षक हो जाता है और इस प्रकार वे अर्थव्यवस्था में ज्यादा पैसा डालने की स्थिति में नहीं रहते हैं। इसके परिणामस्वरूप मांग घटती है। आरबीआई ने इन तीनों उपकरणों का प्रयोग किया है। मई से आरबीआई ने आरआर में चार दौर में कुल मिला कर 1.9 प्रतिशत वृद्धि की है। इसमें मई, 2022 में 0.4 प्रतिशत, तथा जून, अगस्त व अक्टूबर में हर बार 0.5 प्रतिशत वृद्धि की है। आज आरआर मई, 2022 की तुलना में 5.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही मई, 2022 में आरबीआई ने सीआरआर 4 प्रतिशत से बढ़ा कर 4.5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि यह 3.35 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत रहता था।

आरबीआई ने जून, 2019 से जारी 'समावेशी' नीति में परिवर्तन किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने जून, 2022 को नीति समीक्षा में 'समावेशन वापसी' की घोषणा कर दी। जहां 'समावेशी' दृष्टिकोण का अर्थ आरआर में कटौती कर कर्ज उपलब्धता में वृद्धि था, वहीं इस दृष्टिकोण से वापसी का अर्थ आरआर में ज्यादा वृद्धि तथा बैंकों के पास कम नकदी है। इन सभी उपायों का लक्ष्य संस्थागत वित्त तक पहुंच को 'कठिन' और 'महंगा' बनाना है। लेकिन इससे मुद्रास्फीति से कैसे मुकाबला होगा जो मूलत: सप्लाई में बाधा के कारण है? ईंधन की कीमत पर गौर करें। भारत अपने कच्चे तेल की आवश्यकता का 85 प्रतिशत तथा प्राकृतिक गैस का 55 प्रतिशत आयात करता है। ये दोनों पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी, एटीएफ, आदि उत्पादों का मूल अवयव हैं। युद्ध क्षेत्र से सप्लाई में बड़ी बाधा के कारण इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई है जिसका प्रभाव आयात मूल्यों पर पड़ा है। प्राकृतिक गैस-एनजी की कीमत 50 डालर प्रति मिलियन बीटीयू है व कच्चा तेल लगभग 100 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। ये कीमतें अप्रैल 2020 की तुलना में लगभग पांच गुना ज्यादा हैं। मुद्रास्फीति का एक बड़ा स्रोत भोजन है। इसकी कीमतों में वृद्धि का कारण भी मुख्यत: सप्लाई में बाधा है जो प्रमुखत: मौसमी परिवर्तन के कारण है। उदाहरण के लिए रबी 2021-22 में गेंहू की फसल पर असाधारण गरमी का असर पड़ा। डीजल की अधिक कीमतों का भी इस पर असर पड़ रहा है जिससे परिवहन का खर्च बढ़ गया है।

इस परिदृश्य में मांग पक्ष संबंधी उपायों से ज्यादा सहायता नहीं मिलेगी। केन्द्रीय बैंक अक्सर 'मुद्रास्फीति की आशंका' की बात करता है जिससे वह अपनी कठोर मौद्रिक नीतियों को उचित ठहराता है। इसके पीछे सोच यह है कि जब कीमतें बढ़ती हैं तो लोग सोचते हैं कि भविष्य में ऐसा और होगा जिससे वे अपने वर्तमान उपभोग से अधिक भंडारण के लिए खरीदते हैं। इससे मांग बढ़ती है तथा मूल्यवृद्धि तेज होती है। लेकिन यह अनुमान सही होना जरूरी नहीं है। क्या कोई ट्रक स्वामी डीजल का भंडारण कर सकता है? क्या कोई कार स्वामी अपनी तेल की टंकी की क्षमता से अधिक का भंडारण कर सकता है? इसका जवाब स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। भोजन के मामले में भी स्थिति अलग नहीं है। कोई परिवार अपनी वर्तमान आवश्यकता से बहुत अधिक का भंडारण नहीं कर सकता है। यदि सैद्धान्तिक रूप से मान भी लिया जाए कि उपभोक्ता भंडारण करेंगे, तो इसके लिए उनके पास अतिरिक्त पैसा होना चाहिए। उनसे यह उम्मीद करना बहुत गलत होगा कि वे बैंक से कर्ज लेकर भंडारण करेंगे। इसलिए, कर्ज की उपलब्धता को कठिन बनाने की ज्यादा प्रासांगिकता नहीं है।

कुल मिला कर कहा जाए तो वर्तमान समय में असाधारण मुद्रास्फीति मुख्यत: सप्लाई पक्ष के आयामों के कारण है। ऐसे में आरबीआई को मौद्रिक नीतियों में ज्यादा कठोरता से बचना चाहिए। लेकिन यदि वह इसके बावजूद इन नीतियों पर चलता है तो कर्ज दर में वृद्धि से आर्थिक वृद्धि पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे लाखों लोगों की ईएमआई बढ़ेगी तथा उद्योगों, खासकर एमएसएमई का खर्च बढ़ेगा।

अक्टूबर, 2022 में एमसीसी की बैठक में दो सदस्य आक्रामक नीतिगत दृष्टिकोण जारी रखने के खिलाफ थे। उनके दृष्टिकोण के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरों में वृद्धि से बचते हुए व्यवस्था में अधिक तरलता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही सप्लाई पक्ष के प्रबंधन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। मोदी सरकार ने पहले ही सप्लाई में विविधता के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, उसने रूस से ज्यादा तेल खरीदा है, वनस्पति तेलों की आयात ड्यूटी में कमी की है तथा पेट्रोल व डीजल पर सेंट्रल एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी घटाई है। ऐसे अन्य उपायों की भी आवश्यकता है।


# उदार विश्व व्यवस्था है आगे का रास्ता

> आज दुनिया चाहे कितनी भी अराजक क्यों न दिखे, उदार विश्व व्यवस्था ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।




**ईशान सक्सेना**
(लेखक सामाजिक-आर्थिक मामलों पर टिप्पणीकार हैं)


इंडोनेशिया में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और चीनी नेता शी जिनपिंग के बीच हालिया बैठक ने उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। दोनों देशों ने कई मुद्दों पर मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता जताई और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पर जोर दिया। यह विकास, समवर्ती घटनाओं के अलावा, संकेत करता है कि यद्यपि उदार आदेश थकान के संकेत दिखा रहा था, इस वर्ष की शुरुआत में, इसने एक बार फिर प्रासंगिकता पाई है। इस साल फरवरी में, जब दुनिया धीरे-धीरे कोरोनावायरस की भयावहता और इसके परिणामस्वरूप वैश्विक आर्थिक व्यवधानों से उभर रही थी, अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने खुद को एक बड़ी चुनौती से जूझते हुए पाया। चीन के मौन समर्थन के साथ यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रवचन में एक आवर्ती विषय पर शासन किया। और नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद ताइवान को डराने-धमकाने की चीन की शानदार विफलता और निरर्थक प्रयास को कोई कैसे भूल सकता है जिसने वैश्विक स्तर पर चिंता पैदा कर दी थी। फिर राष्ट्रपति के रूप में शी जिनपिंग के स्व-पुरस्कृत तीसरे कार्यकाल ने संकट को और बढ़ा दिया। जी-20 शिखर सम्मेलन में, चीन ने कई मुद्दों पर प्रकाश डाला, लेकिन जोर देकर कहा कि ताइवान अमेरिका और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों का आधार है। अमेरिका चीन के विचारों का संज्ञान लेगा लेकिन वह अपने हितों को अन्य सहयोगियों के साथ जोड़ देगा। उदार व्यवस्था के समर्थक, जो बार-बार इस बात पर जोर देते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नियम आधारित है, स्वयं को दुविधा में पाया। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के साथ, युद्ध के लिए एक व्यंजना ने उदार आदेश की वैधता पर सवाल उठाया। इसका सैद्धांतिक आधार कमजोर हो रहा था।



रूस ने भले ही तनाव बढ़ा दिया हो लेकिन लंबे समय तक ऐसा करने की उसकी क्षमता में हमेशा बाधाएं थीं। खेरसॉन से रूस की वापसी मास्को के लिए अपमानजनक रही है। यूक्रेन के खोए हुए क्षेत्र को पुन: प्राप्त करने के साथ, रूस के कथित रूप से विस्तृत सैन्य तंत्र में व्यवस्थित कमजोरियां प्रकाश में आ गई हैं। 'परमाणु विकल्प' की छिपी हुई धमकियां कायरतापूर्ण हैं। अमेरिका और चीन दोनों ही इस स्थिति को समझते हैं लेकिन चीन ने बाली में जारी संयुक्त बयान में स्पष्ट रूप से इसका उल्लेख नहीं किया है। इस तरह के परिदृश्य के खतरे स्पष्ट रूप से विनाशकारी हैं, लेकिन इसके बाद के परिणाम दुर्बल करने वाले होंगे और रूस के वैश्विक अलगाव को और तेज करेंगे। शीत युद्ध के चरम के बाद से दुनिया काफी बदल गई है, जहां हम एक द्वि-ध्रुवीय दुनिया में रहते थे। देशों के बीच आर्थिक अन्योन्याश्रितता पर्याप्त है और स्पष्ट रूप से रूस द्वारा शक्ति के बेरोकटोक दुरुपयोग की एक सीमा है जो अन्य राष्ट्र सहन कर सकते हैं। नागरिक क्षेत्रों पर ड्रोन हमले, ऊर्जा के बुनियादी ढांचे का विनाश, रूस द्वारा अपनाए गए एक असंगत दृष्टिकोण की ओर इशारा करता है जो अब चरमराता दिख रहा है। सर्दियों के करीब आने के साथ ही रूस के सैन्य कर्मियों को लंबे समय तक आक्रमण का अतिरिक्त दबाव महसूस होने लगेगा। युद्ध के लिए घरेलू समर्थन कम हो रहा है।

अमेरिका स्पष्ट रूप से युद्ध और संघर्ष से घिरी दुनिया में चमकती रोशनी है। बीजिंग विश्व व्यवस्था पर सवाल उठाने के लिए दृढ़ संकल्पित लगता है। इसमें स्पष्ट रूप से जो कमी है वह है वैधता। इसका आंतरिक कार्य तंत्र अपारदर्शी है और तिब्बत, हांगकांग और झिंजियांग में मानवाधिकारों का उल्लंघन बड़े पैमाने पर है।

जी-20 में अमेरिका ने मानवाधिकारों के मुद्दे पर जोर दिया था। दुनिया जिन लोकतांत्रिक आदर्शों की घोर अवहेलना करती है, वह देश एक सच्ची शक्ति की भूमिका को पूरा नहीं कर सकता है। बीजिंग जो छवि चित्रित करता है वह भय और अत्याचार की है, सम्मान और जिम्मेदारी नहीं।

जब रूस ने विनाशकारी हमले शुरू किए, तो यथार्थवादी, जिन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्र राज्य अपने स्वयं के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक-दूसरे के साथ लगातार संघर्ष कर रहे हैं, अपने तर्कों का नेतृत्व करने के लिए खुद को एक आरामदायक स्थिति में पाया। वे उत्साहित महसूस कर रहे थे। कई देशों ने खुद को एक वास्तविक दुविधा में पाया। उन्हें किसका साथ देना चाहिए? क्या ऊर्जा जैसे आर्थिक हित, जो रूस भारी मात्रा में पैदा करता है, को पीछे ले जाना चाहिए?

भारत को पक्ष चुनने की भी कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी अपनी स्वतंत्र विदेश नीति है जो एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप है। लेकिन क्या भारत के सोचे-समझे फैसलों में रूस की प्रमुखता फीकी पड़ जाएगी? यह प्रशंसनीय लगता है।

अभी के लिए, यह मान लेना सुरक्षित है कि वैश्विक घटनाओं पर हाल की अतिप्रतिक्रिया किसी भी तरह से उदार व्यवस्था की वैधता को कम नहीं करती है। लेकिन अगर इतिहास एक संकेतक है, तो अंतरराष्ट्रीय संबंध हमेशा आश्चर्य से भरे रहे हैं। उन्हें हमेशा चेक किया गया है। उदार व्यवस्था का समर्थन करने वालों और अंतरराष्ट्रीय माहौल को अराजक कहने वालों के बीच लंबी बहस छिड़ी हुई लगती है

## आप की बात

### बाइडेन का उचित रवैया

**तिब्बतियों** और उइगर मुसलमानों के मानवाधिकार के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति ने जिस तरह से चाइना के खिलाफ सख्ती दिखाई है। अत: कह सकते हैं यह जरूरी भी था। चाइना की आंख में आंख डाल कर बात करने का साहस अगर कोई कर सकता है तो वह अमेरिका ही है अत: उसने वही किया इस बार के जी-20 सम्मेलन में एक मीटिंग के दौरान उसने चायना से अपना विरोध दर्ज कराया है। इस बैठक में अमेरिका एवं चाइना समेत कई देश शामिल हुए हैं जिसमें हमारा देश भारत भी शामिल है। इसी दौरान इस बार अमेरिका ने सख्ती से तिब्बतियों एवं शिंजियांग प्रांत में उईगिर मुसलमानों के मानव अधिकार का मामला भी उठाया एवं उस पर अपनी चिंता भी प्रकट की। इसी दौरान उन्होंने चाइना द्वारा ताइवान को धमकी देने का मामला भी उठाया तथा यूक्रेन युद्ध के दौरान परमाणु युद्ध की धमकियों की निंदा भी की है। कह सकते हैं कि आज जिस तरह का व्यवहार चाइना अपने पड़ोसियों के साथ कर रहा है वह कहीं से भी उचित नहीं है। चीन एवं उसका समर्थन करने वाला पाकिस्तान हमेशा भारतीय मुसलमानों की चिंता में घड़ियाली आंसू बहाते है परंतु चीन को अपने देश में उईगर मुसलमानों की कोई चिंता नहीं है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### स्वागतयोग्य फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों से कहा है कि यदि वह बच्चों को कम फीस में पढ़ाने का कर्तव्य पूरा नहीं कर सकते हैं तो उन्हें शासन द्वारा दी गई लीज की जमीन वापस लौटा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है! प्राइवेट स्कूल वालों ने सरकार से 10 रुपए स्क्वायर फीट में एजुकेशन के नाम पर करोड़ों रुपए की जमीन हथिया ली है और उस पर बड़े भवन बनाकर बेरोजगारों को को 8 से 10000 रुपए महीने की तनख्वाह पर पढ़ाने के लिए रख लिया है! यदि प्राइवेट स्कूलों में सिर्फ बीएड युवकों को ही टीचर्स के रूप में रखने का नियम बना दिया जाए तो देश के सभी युवकों को तत्काल का रोजगार प्राप्त हो जाएगा। मगर उसके लिए उन्हें 50000 रुपए महीना तनखा देना पड़ेगी! इसके अलावा भी प्राइवेट स्कूल तरह-तरह के तरीके निकालकर अभिभावकों से मनमानी वसूली करते हैं , और अब इंग्लिश मीडियम कान्वेंट की यह बीमारी सुदूर गांव तक पहुंच गई है! जहां सरकारी स्कूलों में छात्र ढूंढे नहीं मिलते है । वहीं प्राइवेट स्कूलों में अपनी क्षमता से अधिक चुका कर भी गरीब वर्ग अपने बच्चों के भविष्य के खातिर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने भेजता है। उसके लिए उसे कर्ज ही क्यों ना लेना पड़े।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### पीएम मोदी की यात्रा

**प्रधानमंत्री** मोदी आज कल इंडोनेशिया की राजधानी बाली में है जहां उन्हें जी20 के अधिवेशन में भाग लेना है। यूक्रेन पर रूस के हमले से उत्पन्न चुनौतियों के बीच व कोविड के बाद हो रही यह एक प्रमुख बैठक है। लेकिन बैठकों का दौर शुरू हो उससे पहले प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के साथ एक सभा की जिसमें उन्होंने बदलते भारत की तस्वीर प्रस्तुत की ।अपनी विशिष्ट शैली से वह जिस भी देश में जाते हैं वहाँ रह रहे भारतीयों से संवाद स्थापित करते हैं ,बिना उबाऊ भाषणों व आम बोलचाल की भाषा द्वारा वह प्रवासी लोगों के सामने भारत की दमदार छवि प्रस्तुत करते हैं ।जिस तरह वह 2014 के बाद से भारत में आए बदलाव का उल्लेख करते हैं उससे वह न केवल अपनी बल्कि देश की ब्रांडिंग भी बखूबी कर देते हैं ।भावात्मक संबंधों को जोड़ते हुए अनिवासी भारतीयों से अपने देश की यात्रा करना व उन्हें भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना भी उनके इन भाषणों में शामिल रहता है ।और इसमें कुछ बुराई भी नहीं है अगर कुछ अच्छा बदलाव हुआ है तो उसका प्रचार प्रसार भी होना चाहिए।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**बाली** शिखर सम्मेलन में जी20 के अन्य विश्व नेताओं से वैश्विक महत्व के विषयों पर चर्चा कर रहा हूं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**वर्तमान** समय में हमारे रक्षक शहर से बाहर हैं, पर विशेष टुकड़ियां शहर में प्रवेश कर चुकी हैं।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पंडित** नेहरू ने भारत में विलय के महाराजा हरि सिंह के प्रस्ताव को एक बार नहीं, तीन बार ठुकराया।

– **किरन रिजिजू**
केन्द्रीय विधि मंत्री


# सोलर प्लांट के लिए वनटांगियां, मुसहर जाति के किसानों को सरकार देगी 100 प्रतिशत छूट

## अयोध्या समेत 16 नगर निगम को सोलर सिटी के रूप में किया जायेगा विकसित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एससीएसटी जाति के किसानों के साथ निवेशकों को कई छूट और प्रोत्साहन देगी। खासतौर पर प्रदेश के एससी, एसटी किसानों को 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में योगी सरकार ने उप्र सौर ऊर्जा नीति-2022 को मंजूरी प्रदान की है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि पीएम कुसुम योजना घटक सी-1 में किसानों को उनके अपने स्थापित नलकूपों पर सोलर ऊर्जीकरण करने पर केन्द्र सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इस योजना को प्रदेश में प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश में आवासित मुसहर, वनटांगिया तथा अनुसूचित जनजाति के कृषकों को केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान के अतिरिक्त 70 प्रतिशत और अनुदान दिया जायेगा। इस प्रकार इस श्रेणी के किसानों के नलकूपों को निःशुल्क सौर ऊर्जीकृत किया जायेगा। अन्य कृषकों को केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान के अतिरिक्त 60 प्रतिशत और अनुदान दिया जायेगा। इस प्रकार अन्य श्रेणी के किसानों के नलकूपों को सौर ऊर्जीकृत करने के लिए 90 प्रतिशत राजकीय अनुदान प्राप्त हो जायेगा। उन्हें केवल मात्र 10 प्रतिशत अंशदान देना होगा जो कि अनुमानतः अधिकतम लगभग 55000 रुपये होगा। मंत्रिपरिषद ने



पृथक कृषि फीडर के सौरकरण के लिए 2000 मेगावॉट क्षमता संयंत्रों की स्थापना पर 50 लाख रुपये प्रति मेगावॉट की दर से राज्य वीजीएफ निजी ऑन ग्रिड पम्प के सोलराइजेशन पर राज्य सरकार द्वारा मुसहर, वनटांगिया, अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 70 प्रतिशत सब्सिडी एवं अन्य कृषकों को 60 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी। इस नीति काल अवधि में 5 वर्षों में कुल 1000 करोड़ रुपये के अनुदान की स्वीकृति दी है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि नगर निगम को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। खासतौर पर आयोध्या पर सरकार का अधिक फोकस है। नगर निगम अपनी कुल ऊर्जा खपत के दस प्रतिशत ऊर्जा को सोलर प्लांट से जनरेट करेगा तो सरकार नगर निगमों को प्रोत्साहित करेगी। जो कंपनियां बुंदेलखंड और पूर्वाचल में सोलर प्लांट लगाएगा उसे 20 किमी तक की पारेषण लाइन बनाकर सरकार देगी। इसमे प्रति किमी लाइन विकसित करने के लिए 70 लाख रूपए का खर्च आएगा। सरकार ने अगले पांच साल में 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा करने का लक्ष्य रखा है। इसमें 14 हजार मेगावाट सोलर पार्क से, सोलर रूफ टॉप से 4500 मेगावाट अनावासीय क्षेत्र से 1500 मेगावाट सौर ऊर्जा पैदा की जाएगी। सरकार पर इस नीति से 7700 करोड़ का व्यय भार आएगा। सरकार का अनुमान है कि सोलर पार्क लगने से 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा जिन्हें सौर मित्र का नाम दिया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने निजी आवासों पर नेट मीटरिंग व्यवस्था के साथ ग्रिड संयोजित सोलर सिस्टम की स्थापना पर भारत सरकार से उपलब्ध केन्द्रीय वित्तीय सहायता के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 15000 रुपये प्रति किलोवॉट, अधिकतम 30000 रुपये प्रति उपभोक्ता के राज्य अनुदान की अनुमन्यता को भी स्वीकृति दी है। नीति काल अवधि में प्रत्येक वर्ष 800 करोड़ रुपये अनुदान तथा 5 वर्षों में 4000 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। सरकारी संस्थानों एवं प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों के भवनों पर नेट मीटरिंग के साथ सोलर रूफटॉप अनुमन्य किया गया है। पीपीए के साथ 5 मेगावॉट से अधिक क्षमता वाले 4 घण्टे के स्टोरेज सिस्टम के साथ स्थापित यूटिलिटी स्केल सौर ऊर्जा परियोजनाओं एवं स्टैण्ड एलोन बैट्री स्टोरेज सिस्टम पर 2.5 करोड़ प्रति मेगावॉट की दर से पूंजीगत उपादान 250 मेगावॉट के लिए अनुमोदित की है। इसके अतिरिक्त मंत्रिपरिषद ने ग्राम पंचायत, राजस्व भूमि को सरकारी उपक्रमों को सोलर पावर पार्क, सोलर परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष के लिए 1 रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष पर उपलब्ध कराये जाने एवं निजी क्षेत्र में सोलर पार्क की स्थापना के लिए ग्राम पंचायत, राजस्व की भूमि 15000 रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 30 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी है। साथ ही सोलर पावर पार्क, सोलर परियोजनाओं की स्थापना के लिए क्रय भूमि का एग्रीकल्चर से नॉन-एग्रीकल्चर के लिए भू-उपयोग परिवर्तन की डीम्ड घोषणा तथा सोलर पावर पार्क, सोलर परियोजनाओं की स्थापना के लिए क्रय भूमि की सीलिंग के अन्तर्गत डीम्ड अनुमति दी गयी है।

### एक हजार करोड़ के निवेश पर 15 प्रतिशत मिलेगी सब्सिडी

● इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 में हुआ संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अगले** साल होने जा रहे अंतराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन को लेकर राज्य सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 में संशोधन किया है। इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 नीति के तहत अब 1000 करोड़ रुपये के निवेश पर फ्लैट 15 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। अभी तक लघु एवं मध्यम इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण उद्योगों की वृद्धि के लिए 200 करोड़ तक के निवेश के लिए अधिकतम 10 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाती थी।

बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नीति में संशोधन करने का फैसला लिया गया। संशोधित नीति के मुताबिक 200 करोड़ रुपये तक निवेश वाली इकाइयों के लिए ऋण पर ब्याज की दर पर 5 वर्ष तक 5 प्रतिशत प्रति वर्ष 1 करोड़ प्रतिवर्ष अधिकतम, 5 करोड़ रुपये प्रति इकाई की सीमा को बढ़ा कर 7 वर्ष अधिकतम और 7 करोड़ रुपये किया जाएगा। निवेशकों को परियोजना के क्रियान्वयन के लिए लेटर ऑफकम्फर्ट की तिथि से 200 करोड़ तक निवेश करने वाली इकाइयों को 5 वर्ष, 200 से 1000 करोड़ के बीच निवेश करने वाली इकाइयों को 6 वर्ष और 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली इकाइयों को 7 वर्ष का समय दिया जाएगा। महिलाओं, एससी-एसटी को रोजगार देने पर विशेष सुविधाएं महिला, एससी-एसटी, दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेण्डर कर्मचारियों के भविष्य निधि की प्रतिपूर्ति के साथ ही लॉजिस्टिक्स सब्सिडी दी जाएगी।

**उप्र फायर एण्ड इमरजेन्सी सर्विसेज अध्यादेश-2022 मंजूर**

लखनऊ। मंत्रिपरिषद ने भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विस बिल 2019 बिल के 69 धाराओं में से 54 धाराओं को यथावत स्वीकार किये जाने एवं 15 धाराओं में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज अध्यादेश-2022 के आलेख को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने आगामी राज्य विधान मण्डल सत्र में इसके प्रतिस्थानी विधेयक के आलेख को, विभागीय मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री के अनुमोदन से, पुरः स्थापित कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण भारत में फायर सर्विस अधिनियम में एकरूपता लाये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा मॉडल फायर सर्विस बिल 2019 प्रदेश सरकारों को अंगीकृत करने के लिए कहा गया था। उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा को अग्निकाण्डों से बचाव के साथ-साथ अन्य आपातकालीन आवश्यकताओं बाढ़, भूकम्प, बिल्डिंग कोलैप्स, आण्विक एवं जैविक खतरों इत्यादि में बचाव कार्य के लिए वैधानिक एवं ढांचागत रूप से सुसज्जित एवं प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है। इसी को लेकर सरकार ने उप्र फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज अध्यादेश 2022 को मंजूरी दी है।

**पुलिस के खराब हो चुके 167 वाहनों की जगह नए वाहन खरीद जाएंगे:** लखनऊ। योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में गृह विभाग के कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें प्रदेश स्तरीय इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम के तहत यूपी-112 के दूसरे चरण में अत्याधुनिक वाहनों की खरीद तथा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल यूपीएसएसएफ की लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में स्थापित तीन वाहिनियों के लिए 244 वाहनों की खरीद का प्रस्ताव मंजूर किया गया। नए वाहनों की खरीद के बाद यूपी 112 का रिस्पांस टाइम और बेहतर हो जाएगा।

### पीजीआई के क्रिटिकल केयर यूनिट में बढ़ेंगे 12 बेड

**संजय** गांधी स्नात्कोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 12 अतिरिक्त बेड बढाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस बात की आवश्यक्ता महसूस की जा रही थी कि जो सीरियस पेशेंट हैं जिन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट की जरूरत होती है। उन्हें यह सुविधा प्रदान की जा सके। अभी तक क्रिटिकल केयर यूनिट में कुल 20 बेड क्रियाशील हैं। अब यह संख्या 32 हो जाएगी। इसके चलते गंभीर मरीजों को अब प्रतीक्षा सूची में नहीं रहना होगा। कैबिनेट बैठक में 2 निजी विवि की स्थापना का प्रस्ताव भी पास हुआ है। एचआईटी गाजियाबाद एवं महावीर विवि मेरठ को आशय पत्र जारी किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि रामपुर और सहारनपुर में एटीएस मुख्यालय के लिए जमीन दी गई है। एटीएस के लिए सहारनपुर में सिंचाई विभाग 28 एकड़ की जमीन दे रहा है। वहां जल्द काम शुरू हो जाएगा। हाई कोर्ट में काम कर रहे लॉ क्लर्क का कार्यकाल को 1 साल से बढ़ाकर 2 साल कर दिया गया है।

## वाराणसी में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का बास्केटबाल कोर्ट



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि वाराणसी जनपद में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सिगरा स्पोर्ट्स हब में अंतरराष्ट्रीय स्तर का डेडीकेटेड बास्केटबाल कोर्ट का निर्माण होगा। अंतराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी ड्वाइट हावर्ड के सहयोग से इस बास्केटबाल कोर्ट में खिलाड़ियों के लिए एकेडमी शुरू की जायेगी। अपर मुख्य सचिवए खेल डा. नवनीत सहगल के साथ हाल ही में ड्वाइट हावर्ड की हुई वार्ता में ड्वाइट हावर्ड ने वाराणसी में बास्केटबाल एकेडमी शुरू करने की इच्छा प्रकट की थी। इस संबंध में आज अपर मुख्य सचिव खेल ने स्पोर्ट्स हब में इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड का बास्केटबाल का सेटअप तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर तीसरे सप्ताह इस प्रोजेक्ट की नियमित समीक्षा भी होगी। उन्होंने कहा कि ड्वाइट हावर्ड एनबीए के शीर्ष खिलाड़ी हैं और वह लॉस एंजेल्स लेकर्स के लिए अपना प्रदर्शन करते रहे हैं। शीर्ष बास्केटबाल खिलाड़ी के तौर पर अमेरिका ही नहीं बल्कि बास्केटबाल के वह बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं। ड्वाइट हावर्ड का वाराणसी में एकेडमी शुरू करने का प्रस्ताव अत्यंत ही प्रसंशनीय कदम है। इससे पूर प्रदेश के बास्केटबाल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग मिलेगी और वे प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे।

## पसमान्दा मुस्लिम समाज का राग भाजपा व आरएसएस का नया शिगूफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में मैनपुरी संसदीय सीट और खतौली व रामपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के बीच बसपा अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि अपने केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर पसमान्दा मुस्लिम समाज का राग भाजपा व आरएसएस का अब नया शिगूफा है जबकि मुस्लिम समाज पहले मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के प्रति इनकी सोच, नीयत, नीति एवं उनका ट्रैक रिकार्ड क्या व कैसा है यह किसी से भी छिपा नहीं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मुस्लिम समाज के प्रति निगेटिव सोच का परिणाम है कि इनकी सरकार में भी वे लगभग उतने ही गरीब, पिछड़े, त्रस्त एवं जान-माल-मजहब के मामलों में असुरक्षित है, जितने वे कांग्रसी राज में थे। मुस्लिम समाज का दलितों की तरह पसमान्दा व उपेक्षित बने रहना अति दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण है। मायावती ने कहा कि जबकि बीएसपी की यूपी में चार बार रही सरकार में सर्वसमाज के हित-कल्याण व सुरक्षा-सम्मान के साथ-साथ हमेशा उपेक्षित रहे।

## शिव पांडेय बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वरिष्ठ** नेता शिव पाण्डेय को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव व सांसद केसी वेणुगोपाल की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रोफेसर हिलाल अहमद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को जमीन से जोड़ने एवं युवाओं को कांग्रेस में लाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लिया गया यह एक अहम फैसला है। वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने इस नियुक्ति के लिए कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिव पांडेय को इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बदायूँ निलम्बित

**लखनऊ।** परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बदायूँ डिपो वीके शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया किया है। वीके शुक्ला पर बदायूं डिपो की बस में बगैर टिक यात्री बैठाए जाने का आरोप है। परिवहन मंत्री के निर्देश पर चलाये जा रहे यात्री चेकिंग अभियान के अतर्गत परिवहन निगम मुख्यालय के चेकिंग दल द्वारा बदायूँ डिपो की बस में 60 में से 29 यात्री बिना टिकट पकड़े जाने पर प्रबन्ध निदेशक संजय कुमार ने सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बदायूँ डिपो वीके शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां भी बिना टिकट यात्रा के प्रकरण निगम मुख्यालय चेकिंग दल द्वारा पकड़े जायेंगे तो क्षेत्रीय प्रत्येक/सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जीरो टालरेन्स नीति के अन्तर्गत की जायेगी। उन्होंने बताया कि बिना टिकट यात्रा चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा एवं मुख्यालय से चेकिंग दल भेजकर वाहनों की चेकिंग कराई जायेगी।

## डेंगू के बढ़ते प्रभाव के दृष्टिगत बस स्टेशनों पर साफ-सफाई रखें: दयाशंकर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के सभी बस स्टेशनों की साफ-सफाई, पुताई, लाइटिंग, साज-सज्जा एवं डेंगू के प्रसार को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दिये हैं। इसके अनुपालन में एमडी परिवहन निगम संजय कुमार ने बताया कि इटावा व मैनपुरी के बाद अब महोबा बस स्टेशन के सौन्दर्यीकरण का कार्य कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि बस स्टेशन की समस्त भवनों एवं बाउन्ड्रीवाल की सफेदी से पुताई, नगर पालिका महोबा के सहयोग से नये डस्टविन एवं समय-सारणी चार्ट व किराया सूची को पुनरीक्षित कराते हुये प्रदर्शित करवा दिया गया है। यात्री बेन्चों की मरम्मतए साफ-सफाई एवं पेंटिंग कराकर स्थापित करवा दिये गये हैं। एमडी परिवहन निगम ने बताया कि पूछताछ केन्द्र में उद्घोषण यंत्र सुचारू अवस्था में कार्य करे तथा समय.समय पर बसों से सम्बन्धित उद्घोषणा किये जायेंए जिससे कि यात्रियों को बसों के आवागमन की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि डिपो के मिनी गार्डन की समुचित ढंग से साफ-सफाई कराते हुये उचित रखरखाव हेतु निर्देशित कर दिया गया है। बस स्टेशन के मुख्य भवन में तिरंगा लाइटें लगवा दी गयी है, जो रात्रि के समय बस स्टेशन की शोभा बढातें हैं। बुकिंग काउन्टर को सुचारू रूप से संचालित करवा दिया गया है। बिकलांग एवं वृद्धजनों हेतु व्हील चेयर उपलब्ध करवा दी गयी है। नगर पालिका महोबा के सहयोग से बाउंड्रीवाल से लगी हुयी डिपो की समस्त नालियों को साफ कराते हुये कीचड़ बाहर करवा दिया गया है।

## 15 नवम्बर तक लक्ष्य के सापेक्ष 89 प्रतिशत सड़कें गड्ढामुक्तः जितिन

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आम जनमानस को सुगम यातायात उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में मार्गों को गड्ढामुक्त किए जाने का अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढामुक्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 60497.03 किमी लम्बाई के सापेक्ष 15 नवम्बर 2022 तक 54137.81 किमी लम्बाई के मार्ग को गड्ढामुक्त किया जा चुका है जो कि गड्ढामुक्ति हेतु निर्धारित लक्ष्य का 89 प्रतिशत है। बचे हुए कार्यों को भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा 11040.59 किमी लम्बाई के मार्ग के नवीनीकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 15 नवम्बर 2022 तक 5070.55 किलो मीटर लम्बाई में नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही विशेष मरम्मत के अन्तर्गत 12563.30 किलोमीटर लक्ष्य के सापेक्ष 6345 किलोमिटर लम्बाई में सड़कों के विशेष मरम्मत का कार्य पूर्ण किया चुका है।

## निष्पक्ष पत्रकारिता देश एवं समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षमः शिशिर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना निदेशक शिशिर ने सूचना निदेशालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी पत्रकार बंधुओं को प्रेस दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा 1966 में पहली बार प्रेस की स्वतंत्रता की महत्ता के दृष्टिगत प्रेस दिवस मनाया गया, तभी से प्रेस के कार्यों, उपलब्धियों एवं उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता प्रजातंत्र एवं जनता की अपेक्षा के अनुरूप होनी चाहिए। निष्पक्ष पत्रकारिता किसी भी राष्ट्र देश एवं समाज को ऊचाईयों में ले जाने में सक्षम हैं। निष्पक्ष पत्रकारिता का हमेशा सम्मान किया जाता है। निदेशक सूचना ने कहा कि सूचना विभाग हमेशा प्रेस की स्वतंत्रता के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करता रहा है। मीडिया प्रतिनिधियों का सम्मान बढ़ने से सूचना विभाग का भी सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आजकल विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म बन गए हैं जिनके माध्यम से अनेक सूचनाएं आती रहती हैं इन प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित होने वाली किसी भी प्रकार की फेक न्यूज़ का खंडन सूचना विभाग द्वारा समय-समय पर किया जा रहा है। अपर निदेशक सूचना अंशुमान त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में प्रेस को जाना जाता है। प्रेस जन अधिकारों की बात करता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष भाव से समाज हित में समर्पित होकर कार्य करना ही सही पत्रकारिता होती है।

## निवेश के नाम पर कुछ नहीं जुटा पाई भाजपा सरकारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लाख प्रयासों के बावजूद भाजपा सरकार जब उत्तर प्रदेश में निवेश के नाम पर कुछ नहीं जुटा पाई तो अब जनता को गुमराह करने के लिए विदेशों का रंगीन सपना दिखाने में लग गई है। साढ़े पांच साल से ऊपर भाजपा को सत्ता में रहते हो गया, कई-कई बार इन्वेस्टमेंट समिट करने में पूरी ताकत लगा देने के बाद भी नतीजा शून्य रहा। जनता पूछती है कि जब देश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में नहीं आ रहे हैं तो सुदूर देशों से कौन उद्यमी यहां आने की सोचेगा। अखिलेश ने कहा कि ऐसा लगता है कि अब भाजपा नेता भी जान गए हैं कि भाजपा दिन गुजार कर चली जायेगी। तमाम वादों की हकीकत लोग जान गए हैं ऐसे में भाजपा के अच्छे दिन आने वाले नहीं है। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने इसलिए अब विदेश यात्रा का प्लान बना लिया है। उनका हवा पानी बदल जाएगा। कुछ सैर सपाटा भी हो जायेगा। परेशान हाल प्रदेश की जनता की शिकायतों से भी पिण्ड छूट जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पूरे सरकारी अमले के साथ विदेशी निवेशकों और कम्पनियों को आमंत्रित करेंगे। इससे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की भूमिका बनाएंगे जो लखनऊ में सन् 2023 में होगी। मुख्यमंत्री लंदन, न्यूयॉर्क, डलेस, लंदन, न्यूयॉर्क, सैनफ्रांसिसको की यात्रा करेंगे। उनके दो उपमुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी इस दौरे में जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्रीगण के अलावा दो दर्जन से ज्यादा आईएएस इनवेस्ट यूपी के अधिकारी और कुछ उनके सहायक ये सब मिलकर 20 देशों में जाने का कार्यक्रम बताया जा रहा है। इस यात्रा के प्रचार-प्रसार, परिवहन तथा विदेश में रहने, निवेशकों से मिलने.मिलाने आदि में तमाम व्यय होंगे। अगर उसके बराबर भी निवेश पाने की गारंटी हो तो बड़ी बात होगी। कहीं यह उत्तर प्रदेश का रहा सहा व्यापार भी चौपट करने की साजिश तो नहीं है। उन्होंने कहा कि वैसे अभी तक तो भाजपा सरकार का कोई निवेश यहां नहीं दिखा है। न कहीं उद्योग लगाए नहीं कहीं निवेश की परछाई भी दिख रही है।

## रेप की वारदात में वांछित अभियुक्त प्रयागराज से गिरफ्तार

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में हुई रेप की घटना के वांछित अभियुक्त नंदन सूर्यभान सिंह निवासी ठाणे को यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज के नवाबगंज थानान्तर्गत कर्बला, मुनव्वर अली का पुरवा के पास से गिरफ्तार किया। बीती 14 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नवगढ़ थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ रेप की वारदात हुई थी। इस संबंध में आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान अभियुक्त नंदन सूर्यभान सिंह का नाम प्रकाश में आया था। सर्विलांस के माध्यम से उसकी लोकेशन यूपी में पाई गई। जिसके बाद डिप्टी कमिश्नर जोन-1, कमिश्नरेट पुलिस, मीरा भायंडर, वसई विरार द्वारा गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ से सहयोग मांगा गया। एसटीएफ की फील्ड इकाई, प्रयागराज अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद उसे थाना नवाबगंज में दाखिल किया गया। महाराष्ट्र पुलिस न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर अभियुक्त को अपने साथ ले जाएगी।

# अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने में यूपी पुलिस कर रही मनमानी

● डीजीपी ने नियमों का सख्ती से पालन करने के जारी किए निर्देश

## एक मामले में हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी, जवाब किया तलब

विवेक श्रीवास्तव। लखनऊ

**अपराधियों** की हिस्ट्रीशीट खोलने के सम्बन्ध में पुलिस रेगुलेशन में दी गयी व्यवस्था का उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। पुलिस रेगुलेशन में वर्णित अपराधों के इतर अपराधों के आधार पर पुलिस द्वारा मनमानी पूर्ण तरीके से अपराधियों की हिस्ट्रीशीटर खोली जा रही है। पिछले दिनों हिस्ट्रीशीट संबंधी एक मामले में हाईकोर्ट की ओर से सख्त टिप्पणी करने और स्पष्टीकरण तलब करने के बाद डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने प्रदेश के सभी पुलिस कप्तानों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि जारी निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर लें एवं जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर अपने अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारियों को विस्तार से अवगत करा दें और यह भी सुनिश्चित करें कि इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

रिट पिटीशन बल्लू उर्फ बलविन्दर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में 22 सितंबर 2022 को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट इलाहाबाद के संज्ञान में यह तथ्य आया कि याची बल्लू उर्फ बलविन्दर के विरुद्ध थाना फेज-2 नोएडा, कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में हिस्ट्रीशीट संख्या-32, पुलिस रेगुलेशन में वर्णित अपराधों से इतर अपराधों के आधार पर खोली गयी है तथा पुलिस रेगुलेशन के प्रस्तर-228 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार वर्ग-'क' की हिस्ट्रीशीट की समीक्षा भी नहीं की गई। हाईकोर्ट ने इन तथ्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कड़ी टिप्पणी की गई है। डीजीपी ने कहा है कि हाईकोर्ट 22 सितंबर 2022 के अपने आदेश में मांगे गए स्पष्टीकरण के क्रम में कमिश्नरेट व जिलों से प्राप्त सूचना के परिशीलन से यह व्यक्त हो रहा है कि हिस्ट्रीशीट खोले जाने के सम्बन्ध में पुलिस रेगुलेशन के अध्याय-20 में दी गयी व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है तथा पुलिस रेगुलेशन के प्रस्तर-228 में वर्णित अपराधों के इतर अपराधों का उल्लेख करते हुए अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है तथा वर्ग-'क' की हिस्ट्रीशीट की 2 वर्ष के उपरान्त पुलिस रेगुलेशन के प्रस्तर-231 के अनुसार समीक्षा भी नहीं की जा रही है। डीजीपी ने हाईकोर्ट आदेश के आलोक में हिस्ट्रीशीट खोले जाने की कार्रवाई को अधिक न्यायसंगत और वस्तुपरक बनाने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाएगी। हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन के पैरा 228 से 240 तक का गहन अध्ययन करके उसी के अनुरूप कार्रवाई की जाए। हिस्ट्रीशीट ऐसे व्यक्तियों की खोली जाए जिनके बारे में यह विश्वास करने का युक्तियुक्त आधार हो कि आदतन अपराधी है या हो सकता है। रूटीन में हिस्ट्रीशीट न खोली जाए। हिस्ट्रीशीट ऐसे व्यक्तियों की खोली जाए जिनकी गहन निगरानी की आवश्यकता हो। जो ऐसे अपराधियों के दुष्प्रेरक हों अथवा उनका ऐसा होना सम्भावित हो। निजी रंजिश में दर्ज अभियोगों अथवा अन्य असंगत आधारों पर किसी व्यक्ति की हिस्ट्रीशीट न खोली जाए। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम, उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत की गई कारवाईयों को हिस्ट्रीशीट खोलने का आधार न बनाया जाए। चूंकि हिस्ट्रीशीट जिले के पुलिस अधीक्षक के आदेश से खोली जाती है, अतः वे पूर्णतया आधारों से संतुष्ट होने पर ही हिस्ट्रीशीट खोलने का अनुमोदन करें। थाना प्रभारी द्वारा प्रेषित हिस्ट्रीशीट का सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सघन परीक्षण करने के उपरान्त ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा हिस्ट्रीशीट खोलना अनुमोदित किया जाए। उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन के पैरा 228 से 276 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत 18 वर्ष से अधिक तथा 21 वर्ष तक के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने से पूर्व वरिष्ठ अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा सूचनार्थ पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी को इस आशय से प्रेपित की जाएगी कि उन्हें कोई आपत्ति हो तो पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर वह अपनी टिप्पणी सहित सम्बन्धित जिला मुख्यालयों को भेजेंगे। पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी द्वारा यदि कोई आपत्ति व्यक्त की जाती है, तो जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया जाएगा एवं यदि अब भी हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए उपयुक्त पाया जाता है तो उसकी हिस्ट्रीशीट खोलकर इसकी सूचना पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी को प्रेषित की जाएगी। यदि पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के अन्दर पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी द्वारा उक्त प्रकरण में कोई आपत्ति नहीं की जाती है तो यह मान लिया जाएगा कि उनको वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा संस्तुत की गई आख्या पर कोई आपत्ति नहीं हैं।

## वीरांगना ऊदा देवी को दी गई श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** सपा मुख्यालय में बुधवार को वीरांगना ऊदा देवी की पुण्यतिथि सादगी से मनाई गई। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वीरांगना ऊदा देवी की 1857 की क्रांति में प्रमुख भूमिका रही थी। लखनऊ के सिकंदरबाग में उन्होंने अकेले ही 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था। 16 नवम्बर 1857 को उन्हें शहीद कर दिया गया। वीरांगना ऊदा देवी को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अरविन्द कुमार सिंह, पासी जयवीर सिंह, अवनीश कुमार, कपिल भार्गव, ब्रजेश भार्गव, अंशुल भार्गव, धर्मवीर पासी, मनोज पासवान, गौतम रावत, विकास, शुभम चन्द्र, भोला लोधी, रविदत्त रावत, फूलचंद्र रावत, राजकुमार पासी, आनन्द पासवान, रामदीन, राम सुमिरन, आरके सोनकर सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# मीडियाकर्मियों से प्रशासन को रहती है न्याय की उम्मीदः डीएम

संवाददाता। सीतापुर

● राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर डीएम ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**सूचना विभाग** सीतापुर द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति डीएम अनुज सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजवलित कर किया। पत्रकारों ने जिलाधिकारी अनुज सिंह को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने पत्रकारों को माला एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों से हमें न्याय की उम्मीदें रहती है आप लोगों के माध्यम से वह सारी सूचनाएं अन्य लोगों की नजर में आती है। उन्होनें राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी मीडिया वालो के कार्यो की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एडिटर इन चीफ आई इंडिया पंकज सिंह गौर ने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि सूचना समय से मिल जाये तो संबंधित समस्याओं का नियंत्रण एवं निस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने पत्रकारों के बैठनें के लिये, मीटिंग के लिये एक प्रेस क्लब होने की बात भी रखी। इस पर डीएम ने कहा की जल्द ही पत्रकारों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था की जाएगी। जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा, पत्रकार आशीष मिश्रा, पत्रकार शिव प्रताप जायसवाल, आशीष मिश्रा (गीतू), पुलकित शर्मा, रविन्द्र तिवारी, शिव प्रताप जायसवाल, शत्रुहन लाल तिवारी, आशीष मिश्रा (गीतू), राहुल मिश्र, जगदीप शुक्ला, अजय विक्रम सिंह, हरिओम अवस्थी, महेन्द्र अग्रवाल, सुषमा पाण्डेय सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक ने किया। जिला सूचना अधिकारी लाल कमल ने आभार व्यक्त किया।

# कवि वही है जो अपनी कलम की सामर्थ्य से समाज को करे जागरूक: लोकेन्द्र प्रताप सिंह

संवाददाता। सीतापुर

● मम्मी आदेश कुमारी स्मृति राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में खूब गूंजे ठहाके

**तहसील मिश्रिख** के ग्राम जालेपारा में मंगलवार की रात खूब ठहाके गूंजे। दूर दूर से आए कवियों ने वीर रस की कविताएं सुनाकर श्रोताओं में जोश भरा। अवसर था मम्मी आदेश कुमारी स्मृति राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मोहम्मदी लखीमपुर के विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि के रूप में सदस्य जिला पंचायत राम गोपाल अवस्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने की। सम्मेलन में रालामउ के लवकुश शुक्ला, बरेली से आए कवि कमल कांत तिवारी, लखीमपुर खीरी के कवि फारूख सरल, शाहजहांपुर के कवि डॉक्टर इंदु अजनबी, सीतापुर से कवि अर्पित मिश्र तेजस, बाराबंकी से कवि विकास बौखल, लखनऊ से कवियत्री व्याख्या मिश्रा, रायबरेली से कवि उत्कर्ष उत्तम वर्मा, सीतापुर से कवियत्री दिव्यांशी अवस्थी, धौरहरा लखीमपुर से कवि विशेष शर्मा, ने कविताएं सुनाकर वाह वाही लूटी। रायबरेली के कवि नीरज पांडेय ने संचालन किया। कवि सम्मेलन के दौरान अलग-अलग क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे नागरिकों को संस्था बाल एवं सुधार संस्थान की तरफसे सम्मानित किया गया। मंच पर स्वर्गीय छुन्नू भैया स्मृति सम्मान, पीके सिंह तोमर कला सम्मान, अनिल कनौजिया शिक्षा सम्मान, स्वर्गीय बैजनाथ सिंह खेल प्रतिभा सम्मान एवं स्वर्गीय सुंदरलाल मौर्य चिकित्सा सेवा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कवि ही है जो अपनी कलम की सामर्थ से समाज को जागरूक करते हैं। उन्होंने सभी कवियों को प्रशस्ति पत्र और पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत अजय भार्गव ने अंग वस्त्र भेंट किया। संस्था बाल एवं सुधार संस्थान के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अमरेंद्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजकिशोर विश्वकर्मा सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### 68 हजार कर्मियों को सामूहिक बीमा योजना का मिलेगा लाभ

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत 68 हजार कर्मियों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए एनएचएम को 80 करोड़ रुपये का बजट मिला है। इस योजना को लागू करने की कवायद शुरू हो गई है। सभी सीएमओ को निर्देश दिया गया है कि मानव संपदा पोर्टल पर छूटे हुए कर्मियों का नाम 30 नवंबर तक अपडेट कर दिया जाए। प्रदेश में अभी तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 68 हजार चार सौ 69 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसमें नर्सिंग, लैब टेक्नीशियन, अटेंडेंट आदि शामिल हैं। अब इन सभी को सामूहिक बीमा पालिसी का लाभ दिया जाएगा। एनएचएम निदेशक ने सभी सीएमओ को जिलेवार संख्या भेजा है।

### आज को होगी वाद-विवाद प्रतियोगिता

**सीतापुर।** ग्यारहवीं वाहिनी पीएसी सीतापुर मुख्यालय पर 17 नवंबर को सायं काल 4 बजे एक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का विषय 21वीं सदी पुलिस एवं मानवाधिकार रखा गया है। इस विषय पर प्रतिभागी वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप मेंआई इंडिया के एडिटर इन चीफपंकज सिंह गौर द्वारा महती भूमिका का निर्वहन किया जाएगा। यह जानकारी 11 वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के सेनानायक ने दी।

### नैमिष तीर्थ आध्यात्म और सनातन संस्कृति का अनूठा संगम : संजीव कृष्ण ठाकुर

**सीतापुर।** नैमिष तीर्थ आध्यात्म और सनातन संस्कृति का अनूठा संगम है। यहां किया हुआ पुण्य कर्म अक्षय होता है। उपरोक्त बातें विख्यात कथाव्यास संजीव कृष्ण ठाकुर ने हनुमानगढ़ी कथा प्रांगण में कहीं। महंत बजरंग दास, नन्दू भैया के सानिध्य मे पवन दास द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे कथा व्यास संजीव कृष्ण ठाकुर ने बताया कि कई जन्मों के पुण्य उदय होने के बाद नैमिषारण्य तीर्थ में सत्कर्म करने का पुण्य प्राप्त होता है। कथा व्यास ने कहा कि दान देने वाले की जेब कभी खाली नही होती और सभी को भोजन खिलाने वाला कभी भूँखा नही रहता। कथा पंडाल में तमाम श्रोता मौजूद रहे।

### सांसद रेखा वर्मा ने 50 दिव्यांगजनों को वितरित की ट्राई साइकिल

**सीतापुर।** हरगांव विकास खंड सभागार में बुधवार को दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिलें वितरत की गई। धौरहरा सांसद रेखा अरूण वर्मा ने चयनित लाभार्थियों को 50 ट्राई साइकिलें प्रदान की। सांसद ने इस मौके पर शीतला प्रसाद गेस्ट हाउस में सांसद द्वारा प्रस्तावित सड़कों का लोकार्पण भी किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान नगर में पूर्व मे दिवंगत हुवे गिरीश मिश्रा, बृजेश सिंह की माताजी के निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, बीडीओ अवध प्रताप सिंह, राम निवास राना, विजय मिश्र, अमर जीत सिंह, वीरेंद्र मिश्रा बच्चा, जीत पाल सिंह, शेरा सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सुनील त्रिपाठी बल्लू, योगेश वर्मा, भूपाल वर्मा, गफ्फार खां, रमाकांत वर्मा, उमेश कुमार, विनीत कुमार मौजूद रहे।

### न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खमरिया कोइलार के बच्चे व शिक्षकों ने नही किया प्रतिभाग

**तिकुनियां.खीरी।** न्याय पंचायत खमरिया कोईलार की संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय तिकुनियां में आयोजित की गई। इसमे बेसिक के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। परंतु न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले कुछ विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने विद्यार्थियों को प्रतिभाग नही किया।सरकार भले ही खेलों को ब?ावा देने के लिए और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उभारने के लिये तरह तरह के प्रयास कर रही हो परन्तु यहां शिक्षकों की मनमानी के आगे सरकार के सभी प्रयास बौने न?र आते हैं। प्रतियोगिता में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय तिकुनियां प्रथम व द्वितीयए बरसोला खुर्दए बेनीपुरवाएअयोध्या पुरवाए कौ?याला घाटएजसनगरएरघुनंदन पुरवाएउमरा व सर्विलियन विद्यालय चौगुर्जीए बाबापुरवाए सिंहोना सहित सभी विद्यालयों के बच्चों ने 50 मीटरए100 मीटरए 200 मीटर दौ?ए खो.खोए कबड्डीए ऊंची कूद लंबी कूद आदि विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। खेलों में प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को बीईओ ब्रजेश त्रिपाठी ने मेडल देकर पुरस्कृत भी किया। प्राथमिक विद्यालय खमरिया कोइलार के बच्चों व शिक्षकों के प्रतियोगिता में शामिल न होने की चर्चा कार्यक्रम के अंत तक होती रहीए आखिर न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खमरिया कोइलार के बच्चों ने प्रतिभाग क्यो नही किया। शिक्षकों के मनमाने रवैये के चलते बच्चों को खेल प्रतियोगिता से महरूम रहना प?ा। इस बाबत बीईओ ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि न्यायपंचायत के सभी विद्यालयों के बच्चों व शिक्षकों का शामिल होना अनिवार्य था अगर कोई विद्यालय प्रतियोगिता में शामिल नही हुआ है तो जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### न्यायापंचायतस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित



उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथिगण

**संडीला(हरदोई)।** न्याय पंचायत मलेहरा में बाल क्रीणा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बाल क्रीणा के उद्घाटन समारोह में पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार समेत कई विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपसिथत रहे। इन खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्राथमिक विद्यालय जामू के छात्र छात्राओं का दबदबा रहा। 200मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय जामू की सामिया प्रथम, 100 मीटर दौड़ में प्रांशी, 50 मीटर दौड़ में लायबा, लंबी कूद में सानिया प्रथम रहे। कबड्डी बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय भदेहना की टीम प्रथम स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय जामू प्रथम तथा मलेहरा द्वितीय स्थान पर रहे। सुलेख प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय मलेहरा के राज प्रथम, प्राथमिक विद्यालय के अंकित द्वितीय स्थान पर रहे जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में शिवनगरा की कीर्ती प्रथम। खो खो बालक वर्ग में उमरताली प्रथम, भदेहना द्वितीय। खो खो बालिका वर्ग में जामू प्रथम और मलेहरा द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार बाजपेयी, धनमित्र अस्थाना, मनोज कुमारी, मो0 जमाल, मो0 हारून, स्वाती वर्मा, गौरी जायसवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# किसान दिवस में सिर्फ निभाई जा रही हैं औपचारिकताएं

संवाददाता। सीतापुर

**किसानों की** तमाम समस्याओं को एक ही स्थान पर निस्तारण के लिए आयोजित होने वाले किसान दिवस में सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जा रही है। किसान दिवस से अक्सर कई विभागों के अधिकारी गायब रहते है, बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न हुआ। किसानों के मुताबिक इस बार भी किसान दिवस से जिला गन्ना अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। औरंगाबाद के प्रगतिशील किसान उमेश पांडेय ने विद्युत आपूर्ति की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय किसान आलू और सरसों फसल की सिचाई कर रहे है, लेकिन बिजली की आपूर्ति रोस्टर के मुताबिक नहीं हो रही है। इसके अलावा क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री, आवारा पशुओं से हो रहे फसलों के नुकसान आदि समस्याएं रखी गई। उपकृषि निदेशक डा. एस.के. सिंह ने डीएम को बताया कि पिछले किसान दिवस में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के अलावा अन्य किसी अधिकारी ने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण अभी तक नहीं किया है। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि जनपद में फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के अध्यक्ष वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दया शंकर श्रीवास्तव ने भूमि सोधन व बीज सोधन करने की सलाह दी। किसान दिवस में डीडीओ हरीश चन्द्र प्रजापति, जिला कृषि रक्षाधिकारी शिवशंकर, भूमि संरक्षण अधिकारी राजितराम, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां एन.सी. शुक्ला, किसान रामदास यादव, वीरेन्द्र यादव, अनिल अर्कवंशी, शादाब कुरैशी, देवेन्द्र सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस, बड़ी संख्या में जुटे कृषक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

● डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं दिए निराकरण के निर्देश

**शासन के** निर्देश के क्रम में माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ।

डीएम ने मौजूद किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभाव बताएं। वही फसल अवशेष न जलाने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में विशेषज्ञों द्वारा बताएं तरीकों को अमल में लाएं। डिकॉम्पो ?र का प्रयोग फसल अवशेष को स ?ाने के लिए करें ।यह राजकीय बीज गोदाम पर नि:शुल्क उपलब्ध है।चीनी मिलों में गन्ना उतराई के नाम पर कोई पैसा कदापि न दे। ऐसा पाये जाने पर सम्बन्धित गन्ना किसान क्षेत्रीय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकए सचिवए गन्ना समिति और जिला गन्ना अधिकारी के मोबाइल नंबर पर तत्काल सूचित करें। सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई की जायेगी। बजाज चीनी मिल के लंबित भुगतान पर अवगत कराया कि शासन स्तर पर कार्यवाही चल रही हैएशीघ्र ही भुगतान होने की संभावना है।

डीएम ने कहा कि जिलेभर में उर्वरक पर्याप्त है। जनपद में कोई कमी नहीं है। उर्वरक प्राप्त करने में कहीं भी कोई असुविधा होए तत्काल अफसरों को बताएं या संपर्क करेंए त्वरित उपलब्ध कराई जाएगी। उर्वरक की कालाबाजारी करने के दुस्साहस करने वालों पर प्रशासन कठोर कार्यवाही अमल में लाएगा। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन.प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सभी किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बहीध् खतौनी के अनुसार उर्वरक अपने नजदीकी निजीध् सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से प्राप्त करें। किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता बोरे पर अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करता है तो इस संबंध में जिला कृषि कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 7289036484 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें प्राप्त शिकायत का तत्परता से निराकरण किया जायेगा।

बैठक में डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्राए जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंहए सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता प्रमोद कुमार शुक्लाए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरीए पीपीओ सत्येंद्र सिंहए भूमि संरक्षण अधिकारीए रेशम अधिकारी सहित कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जरूरी जानकारी दी।

# पहचानें डेंगू के लक्षण और सुरक्षित उपचार कर जीवन को करें सुरक्षित: सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बारिश के साथ** मौसम में हुए बदलाव के बाद विगत कुछ दिनों से वायरल बुखार एवं डेंगू के रोगी पाए जा रहे हैं। जिनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा इलाज की समुचित व्यवस्था उनके नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला चिकित्सालय में की गई है। दोनों ही जगह ऐसे मरीजों के लिए बेडों की संख्या सुनिश्चित कर दी गई है। वहीं इनकी जांच और दवा की उपलब्धता 24 घंटे सुरक्षित रखने के निर्देश अधीनस्थों को दिए गए हैं। यह जानकारी सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि माह अक्टूबर से वायरल बुखार और डेंगू के मरीजों की संख्या धीरे.धीरे बढ़ने लगी थी। इनके उपचार के व्यापक प्रबंध स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए थे। वर्तमान समय में डेंगू के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। जिसे लेकर उनके द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में डेंगू वार्ड में 20 वार्डों की संख्या को बढ़ाकर 50 बेड कर दिया गया है तो वही यहां पर 24 घंटे डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की रोटेशन वाइज ड्यूटी के निर्देश दिए गए हैं और इसका नोडल एसीएमओ डॉ राजेंद्र कुमार देव को बनाया गया है। इसी तरह सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू वार्ड बनाया गया है और यहां पर 4 बेड इसके लिए सुरक्षित किए गए हैं।

इस दौरान उन्होंने बताया कि लोगों को डेंगू के लक्षणों की पहचान होनी चाहिए जिनमे अचानक तेज बुखार व सिर दर्द होनाए मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होनाए आंखों के पीछे दर्द होना जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता हैए जी मितलाना एवं उल्टी होनाए गंभीर मामलों में नाक मसूड़ों से खून निकलना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि मुख्य लक्षण हैं। उन्होंने इससे बचाव पर सुझाव देते हुए बताया कि पानी की टंकी को पूरी तरह से ढक कर रखेंए फुल आस्तीन के कपड़े व जूते मोजे पहनेए घरों के दरवाजे व खिड़कियों पर जाली लगवाएए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करेंए डेंगू का लारवा साफपानी में पनपता है अत: अपने घरों में प्रतिदिन कूलरए बर्तनए गमले में भरे पानी को अवश्य निकाल दें तथा घरों के पास गड्ढों में भरे पानी में जला हुआ मोबिल डाल दें। जिससे डेंगू का लारवा पनप नहीं पाएगा।

आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि आपको जिन विशेष बातों का ध्यान रखना है उनमें घर और कार्यस्थल के आसपास कहीं भी पानी जमा न होने देंए पुराने टायरए प्लास्टिक के कपए बोतलों कबाड़ आदि में पानी इकट्ठा ना होने दें फ्रिज की बकेट में पानी इकट्ठा होने ने दें। घर की छतों पर पानी इकट्ठा होने देंए इसी के साथ प्रशिक्षित डॉ से इलाज करवाएंए झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज ना करवाएं और डेंगू की जांच सरकारी अस्पताल में करवाएं जो की पूरी तरह से निशुल्क है।

## एसडीएम द्वारा नियम विरुद्ध खनन की अनुमति देने पर डीएम सख्त

**संडीला( हरदोई )।** दो प्राइवेट कंपनियों को नियम विरुद्ध मिट्टी खनन की अनुमति दिये जाने के प्रकरण में डीएम ने कड़ा रवैया अपनाते हुए एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलते ही हड़कंप मच गया है। डीएम द्वारा एसडीएम को भेजे गए कारण बताओ नोटिस पत्रांक 745/खनन 7 – मिट्टी खनन/परिवहन अनुमति /2022 दिनांक 14 नवंबर 2022 द्वारा कहा गया है कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित बरजर पेंस्ट्स एवं एकरा एग्रो फूड प्रोडक्टस को कमश: 2000 और 5000 घनमीटर मिट्टी के खनन की एसडीएम द्वारा अनुमति दी गयी जबकि शासनादेश के अनुसार 100घनमीटर मिट्टी खनन की अनुमति ही दी जा सकती है। ऐसे में यह शासनादेश का घोर उल्लंघन है। इस प्रकरण में डीएम एमपी सिंह ने तीन दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगते हुए कहा है कि यदि इस मामले में निर्धारित अवधि तक जवाब नहीं आता तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएम द्वारा भेजी गई इस नोटिस के बाद तहसील में हड़कंप मच गया है।

# जीवित को मृत दिखाने का मामला आया सामने

**मोहम्मदी खीरी।** नगर के एक पीड़ित परिवार के जीवित लोगों को पालिका परिषद द्वारा पारिवारिक सिजरे में मृतक दर्शाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष को मामले की जानकारी होने पर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मुहल्ला बाजार खुर्द निवासी महेंद्र कुशवाहा पुत्र नत्थू ने बताया कि उसके बाबा शोभा के नाम नगर व गांव में कुछ जमीन थी जिसको कुछ लोगों ने फर्जी रूप से उसके परिवार का नाम कटवाकर अपने नाम इंद्राज करवा लिया है। जिसका एक वाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि पालिका परिषद में उसके परिवारिक से सिजरे में प्रस्तुत 12 लोगों में से छह लोगों की मौत हो चुकी है। जिसमें 6 लोग अभी भी जीवित हैं जबकि पीड़ित महेंद्र व उसका परिवार रहता है। उस मकान के आगे भी कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इसके अलावा जहां परिवार रह रहा है वहां भी कुछ अराजक तत्व लगातार उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उसके मकान के सामने सहन पर अवैध कब्जा करने की नियत से 6 दिन पूर्व कुछ लोग स्थानीय पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गए और मकान के पास जेसीबी चलाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने लगे। तभी घर की महिलाएं जेसीबी के सामने लेट गयीएतमाम तमाशबीनों की भीड़ एकत्र होने पर काफी कहासुनी के बाद अवैध कब्जेदारों को वापस लौटना पड़ाएवहीं पीड़ित अपने घर व जमीन के लिए कोर्ट कचेहरी के चक्कर काट रहा है और अराजक तत्वों द्वारा पुलिस के भारी दबाव के कारण घर छोड़कर इधर.उधर भटक रहा है और जो पत्र जारी हुआ है वो नगर पालिका परिषद की ओर से है। इस समबन्ध मे पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा का कहना है कि मृतक शोभा के परिवार के सदस्यों का पारिवारिक सिजरा संबंधी प्रमाण पत्र में मेरे हस्ताक्षर से जारी नहीं किया गया जो हस्ताक्षर है वो मेरे नही है। वहीं वार्ड के सभासद श्रीमती रूबी का कहना है कि यह प्रमाण पत्र पर 27 मार्च 2018 महेंद्र के मृतक प्रमाण पत्र पर मेरे हस्ताक्षर नहीं है।

# पेज एक का शेष

## बाली घोषणापत्र...

कर रहा है। इस मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि विज्ञप्ति पर सभी देशों के बीच आम सहमति बनाने में भारत ने महत्वपूर्ण और जटिल भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी विकासशील देशों और उभरते बाजारों के साथ मिलकर अंतिम बयान और बयान की प्रस्तावना का मसौदा तैयार किया। उन्होंने कहा कि भारत अपने सकारात्मक और रचनात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से एक नेता, समाधान प्रदाता और सर्वसम्मति बनाने वाले के रूप में उभरा है। जी20 की विज्ञप्ति में कहा गया, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय व्यवस्था को कायम रखना जरूरी है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में निहित सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों की रक्षा करना और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना शामिल है। मास्को के परमाणु विकल्प का उपयोग कर सकने के कथित संकेत के स्पष्ट संदर्भ में विज्ञप्ति में कहा गया कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल या इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य है। इसमें कहा गया, बैठक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आयोजित की गई थी, क्योंकि यूक्रेन में युद्ध जारी है और इसके प्रभाव यूरोप से परे भी देशों द्वारा महसूस किए जा रहे हैं। सदस्यों ने मानवीय संकट, युद्ध के आर्थिक और वित्तीय प्रभावों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की और युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का आह्वान किया। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और यह रुख कायम रखा है कि कूटनीति और बातचीत के माध्यम से संकट का समाधान किया जाना चाहिए।

## युवा शिक्षित...

अर्थव्यवस्थाओं से भरा हुआ है और अगले दशक में इस क्षेत्र में क्या होता है, इसके आधार पर इसे परिभाषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं भारत के साथ हमारे मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के महत्व के बारे में जानता हूं। सुनक ने कहा, मुझे खुशी है कि भारत के और भी अधिक मेधावी युवाओं को अब ब्रिटेन में जीवन का वह सब अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो हमारी अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को समृद्ध बनाने के लिए मददगार साबित होगा। यूके-इंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम की शुरुआत को द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण और भारतीय और ब्रिटिश दोनों अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए अहम बताया जा रहा है। इसे मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है।

## श्रद्धा हत्याकांड...

हो गया। अधिकारी ने कहा, पुलिस छतरपुर इलाके में एक सीसीटीवी कैमरे से कुछ फुटेज बरामद करने में कामयाब रही है। फुटेज में संदिग्ध की हरकतें दिख रही हैं, लेकिन स्पष्ट नहीं हैं। दृश्यों को आपस में जोड़ने और पूनावाला द्वारा इस्तेमाल किए गए रास्ते का पता लगाने के लिए सीसीटीवी मैपिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मई से अब तक के सभी सीसीटीवी फुटेज का पता लगाना और उसे हासिल करना मुश्किल होगा क्योंकि ज्यादातर सिस्टम में स्टोरेज क्षमता नहीं है।

## टिकट के...

दिखा और उसने जिस वार्ड से टिकट मांगा था, उस पर आप ने किसी और को प्रत्याशी घोषित कर दिया। खारी ने इस पर ऐतराज जताया तो त्रिपाठी के साले ओम सिंह ने फोन कर भरोसा दिलाया कि उन्हें अगले चुनाव में टिकट दिया जाएगा। शिकायत के मुताबिक, सिंह ने खारी को रिश्वत की रकम लौटाने की पेशकश भी की। एसीबी के अनुसार, 15 और 16 नवंबर की दरमियानी रात को उसने खारी के घर पर जाल बिछाकर ओम सिंह और उसके सहयोगियों-शिव शंकर पांडे तथा प्रिंस रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया, जो खारी को त्रिपाठी द्वारा लिए गए 35 लाख में से 33 लाख रुपए लौटाने पहुंचे थे। एसीबी ने बताया कि ओम सिंह, पांडे और रघुवंशी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की राशि के भुगतान और वापसी के दौरान हुई कथित बातचीत की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी पेश की है। भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने कहा कि पूरे मामले का पता लगाने और सबूत इकट्ठा करने के लिए जांच की जा रही है। इस मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सफाई देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी एमसीडी का चुनाव जीत रही है। ऐसे में जाहिर है कि पार्टी के टिकट पर बहुत लोग चुनाव लड़ना चाहते थे। किसी ने किसी को टिकट के लिए पैसे देने की बात कही और किसी ने पैसे ले भी लिए, लेकिन उसको टिकट नहीं मिला। मनीष सिसोदिया ने कहा कि वह इस परीक्षा में पास हुए हैं कि आम आदमी पार्टी में टिकट नहीं बिकता है।

## हवाई यात्रा...

के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.79 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,41,28,580 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

## कठुआ गैंगरेप...

हुए कहा कि हम सीजेएम कठुआ और उच्च न्यायालय के फैसलों को दरकिनार करते हैं और फैसला सुनाते हैं कि अपराध के समय आरोपी नाबालिग नहीं था। नाबालिग बच्ची का 10 जनवरी, 2018 को अपहरण किया गया था। उसे गांव के एक छोटे से मंदिर में बंधक बनाकर रखा गया था और उसे चार दिन तक नशा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। बाद में उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

## माकन का...

कहा है कि भारत जोड़ो यात्रा दिसंबर के प्रथम सप्ताह में राजस्थान में दाखिल होगी और चार दिसंबर को राज्य की सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी है, ऐसे में जरूरी है कि जल्द से जल्द नया प्रभारी नियुक्त किया जाए। माकन ने इस पत्र में कहा है कि वह श्रमिक संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से दिल्ली पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, ताकि प्रदूषण, झुग्गी-बस्तियों, रेहड़ी-पटरी वालों और अनाधिकृत कॉलोनियों के निवासियों से जुड़े मुद्दे उठा सकें। उन्होंने लिखा है कि मेरा पिछली तीन पीढ़ियों से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ाव है और चार दशक से सक्रिय कांग्रेस सदस्य होने के कारण मैं राहुल गांधी का धुर समर्थक बना रहूंगा।

## उत्तर प्रदेश...

का प्रस्ताव है। महाभारत सर्किट की भी परिकल्पना की गई है। इसमें हस्तिनापुर, कांपिल्य, छत्र, बरनावा, मथुरा, कौशाम्बी, गोंडा, लाक्षागृह जैसे स्थानों को चुना गया है। इसी तरहए शक्तिपीठ सर्किट का भी विकास होगा। इसमें विंध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा से लेते हुए देवीपाटन, नैमिषारण्य, मां ललिता देवी, मां ज्वाला देवी, शाकुम्भरी देवी सहारनपुर से शिवानी देवी चित्रकूट और शीतला माता मऊ तक विस्तार होगा। आध्यात्मिक स्थलों को भी पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की योजना है। इसके तहत आध्यात्मिक सर्किट बनाया जा रहा है। इसमें गोरखपुर, बलरामपुर से लेकर मथुरा, संत रविदास स्थल, मां परमेश्वरी देवी आजमगढ़, बलिया का बिघू आश्रम, आगरा का बटेश्वर, हनुमान धाम शाहजहांपुर को सम्मिलित किया गया है। कुछ इसी तर्ज पर सूफी कबीर सर्किट भी विकसित करने का विचार है। इसमें अमेठी, मगहर, संत कबीरनगर से लेकर कबीरदास की कर्मभूमि वाराणसी के लहरतारा तक ले जाने का प्रस्ताव है। वहीं, जैन सर्किट में देवगढ़, हस्तिनापुर से लेकर पार्श्वनाथ, दिगंबर जैन मंदिर रामनगर तक ले जाने का प्रस्ताव है। क्राफ्ट सर्किट बनाने का भी इनोवेटिव आइडिया है। उत्तर प्रदेश में अनेक जिलों में हैंडीक्राफ्ट का काफी काम होता है। पारित हुए प्रस्तावों में स्वतंत्रता संग्राम सर्किट की भी परिकल्पना शामिल है। इसमें मेरठ, शाहजहांपुर, काकोरी, चौरीचौरा जैसे स्थल शामिल हैं जिनका देश के स्वतंत्रता संग्राम अभियान में अहम स्थान है। इसके अलावा बुंदेलखंड सर्किट को भी विकसित किया जाना है। इसमें चरखारी, चित्रकूट, कलिंजर, झांसी, देवगढ़, ललितपुर, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन जैसे जिले शामिल होंगे।

## हर डिवीजन...

के युवाओं को ज्यादा तवज्जो देती है तो उसके लिए रिक्रूटमेंट असिस्टेंस का प्रावधान किया गया है। ऐसे युवक जो यूपी के डोमिसाइल के हों, यूपी के विद्यालयों से पढ़े हों, ऐसे कम से कम 30 युवाओं को यदि कोई इकाई रोजगार दे रही है तो सरकार प्रतिवर्ष उसे 20 हजार रुपए प्रति छात्र वन टाइम रिक्रूमेंट असिस्टेंस प्रदान करेगी। इसके अलावा एमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में छात्रों या कर्मचारियों को अपनी स्किल बढ़ाने के लिए भी सरकार मदद करेगी। स्किल डेवलपमेंट के लिए चुनिंदा पाठ्यक्रमों और संस्थानों में ऑनलाइन या ऑफलाइन पढ़ाई के लिए सरकार कोर्स की फीस का 50 प्रतिशत या अधिक से अधिक 50 हजार रुपए तक का सहयोग करेगी। इसके अलावा नीति में महिलाओं, एससी-एसटी छात्रों, ट्रांसजेंडर व दिव्यांगों को रोजगार देने वाली आईटी इकाइयों को भी राहत प्रदान की गई है।

# भाजपा ने तुष्टीकरण की राजनीति को उखाड़ फेंका: अमित शाह

**भाषा।** अहमदाबाद



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में अपने 27 साल के शासन के दौरान तुष्टीकरण की राजनीति खत्म कर दी है और कानून का राज स्थापित किया है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं का मज़ाक उड़ाती थी। उन्होंने राहुल गांधी से मंदिर की यात्रा करने को भी कहा।

शाह के अनुसार, अयोध्या का राम मंदिर जनवरी 2024 में उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री अहमदाबाद शहर की घाटलोडिया सीट से भाजपा के उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह और पटेल ने रैली के बाद सोला क्षेत्र तक एक रोड शो का नेतृत्व किया। इस मौके पर पटेल ने अगले महीने होने वाले चुनावों के लिए अधिकारियों को अपना नामांकन पत्र सौंपा। गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह के गृह राज्य गुजरात में लगातार सातवीं बार सत्ता हासिल करने पर नजर गड़ाए हुए है, जहां भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन रहे हैं। शाह ने कहा, गुजरात के लोगों ने, खासकर 1985 और 1995 के बीच (गैर-भाजपा सरकारों के तहत) वे दिन भी देखे हैं, जब सांप्रदायिक दंगे आम थे। एक साल में कम से कम 250 दिनों के लिए कर्फ्यू लगा रहा। जब भी परिजन घर से बाहर जाते थे, महिलाएं उनके लिए प्रार्थनाएं करती थीं। शाह ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने इस स्थिति में सुधार किया है, जिसके कारण अब कोई भी गड़बड़ी करने की हिम्मत नहीं करता है।गांधीनगर के सांसद ने कहा, सारे लतीफ और इज्जू शेख (गुजरात के दो अपराधी) पहले ही खत्म हो चुके थे। आज 20 साल के नौजवानों को पता भी नहीं है कि कर्फ्यू कैसा होता है। हमने तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर गुजरात में कानून का राज कायम किया। घाटलोडिया विधानसभा क्षेत्र गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है।वर्ष 2017 के चुनाव में पटेल घाटलोडिया से 1.17 लाख मतों के भारी अंतर से निर्वाचित हुए थे। शाह ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने के लिए भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं का मजाक उड़ाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने मंदिर निर्माण में देरी के लिए कानूनी अड़चनें पैदा कीं। उन्होंने कहा, पहले कांग्रेस हमें ताने मारती थी कि मंदिर कब बनेगा। अब मंदिर जनवरी 2024 में उद्घाटन के लिए तैयार हो रहा है, तो राहुल बाबा मंदिर जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस 550 साल पुराने विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लिया है। शाह ने धारा 370 (जिसने जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था) को निरस्त करने और तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून लाने को लेकर प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। उन्होंने पटेल को गुजरात का भविष्य का मुख्यमंत्री करार दिया और मतदाताओं से उन्हें बड़े अंतर से विजई बनाने का आग्रह किया।

## पंजाब सरकार चीनी पतंग मांझा विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी

**चंडीगढ़ ( भाषा )।** पंजाब में चीनी पतंग मांझा बेचने वालों पर सख्त कार्वाई की जाएगी। राज्य मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने यह जानकारी दी। रविवार को रूपनगर जिले में एक 13 वर्षीय लड़के के गले में चीनी मांझा फंसने से हुई उसकी मौत को देखते हुए, राज्य मंत्री ने राज्य के सभी उपायुक्तों से ऐसे मांझा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने को कहा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गंभीरता से लिया है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का आदेश दिया है जो मानव जीवन को खतरे में डालते हैं। हेयर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि चीनी मांझे से बच्चे, बुजुर्ग और जानवर पहले भी पीड़ित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में चीनी मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है और राज्य में एक भी निर्माण इकाई नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने इस मांझे को दूसरे राज्यों से खरीदा है। उन्होंने आगे, जो भी चीनी मांझे की बिक्री में संलिप्त पाया जाएगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कांच की परत चढ़ाकर बनाए जाने वाले चीनी मांझे ने बीते समय में राज्य और अन्य जगहों पर कई लोगों की जान ली है।

## मालेगांव विस्फोटः अदालत में पेश नहीं होने पर एटीएस अधिकारी के खिलाफ जमानती वारंट जारी

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में उसके समक्ष पेश नहीं होने पर आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के एक अधिकारी के खिलाफ बुधवार को जमानती वारंट जारी किया। वह दूसरे एटीएस अधिकारी हैं जिनके खिलाफ अदालत में पेश नहीं होने पर वारंट जारी किया गया है। एक सरकारी वकील ने बताया कि जिस अधिकारी के खिलाफ अदालत ने बुधवार को वारंट जारी किया, उन्होंने विभिन्न गवाहों के बयान दर्ज किए थे और इनमें से कुछ गवाह अपने बयान से मुकर गए थे। वकील ने कहा कि इसलिए अदालत के समक्ष उनका पेश होना जरूरी है।

सरकारी वकील ने कहा कि अदालत को बताया गया कि अधिकारी की तबीयत खराब है और इसलिए वह अदालत नहीं आ सकते। मामले की अध्यक्षता कर रहे विशेष न्यायाधीश ए. के. लाहोटी ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया।इससे पहले, एनआईए की विशेष अदालत ने सितंबर में एटीएस के एक उस अधिकारी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था, जिन्होंने मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था और कुछ बयान दर्ज किए थे। वह भी इस मामले में गवाह है।मामले में अब तक 280 से अधिक गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है और उनमें से 29 मुकर गए हैं। गौरतलब है कि 29 सितंबर, 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर स्थित नासिक जिले के मालेगांव कस्बे में एक मस्जिद के निकट एक मोटरसाइकिल से बंधा विस्फोटक उपकरण फट जाने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। मामले के आरोपियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय रहीरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल हैं और ए सभी जमानत पर बाहर हैं।

## चुनाव आयोग ने आप उम्मीदवार के अपहरण की शिकायत पर उचित कार्रवाई करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत निर्वाचन** आयोग ने बुधवार को गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कहा कि वह सूरत (पूर्व) सीट से उम्मीदवार को नाम वापस लेने को मजबूर किए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के आरोपों की जांच कर समुचित कार्वाई करें। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में आप के चार सदर्स्यीय शिष्टमंडल ने आज शाम निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलकर उन्हें इस आशय का ज्ञापन सौंपा था।

सिसोदिया में आरोप लगाया कि सूरत (पूर्व) सीट से उसके उम्मीदवार कंचन जरीवाला जब निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे तो उन्हें नाम वापस लेने पर मजबूर किया गया। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आप का ज्ञापन जांच और समुचित कार्वाई के लिए गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दिया गया है। आप ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा के कहने पर जरीवाला का अपहरण कर लिया गया क्योंकि उसे (भाजपा) गुजरात विधानसभा में सूरत (पूर्व) सीट पर हार का डर था। हालांकि, जरीवाला ने एक वीडियो बयान जारी करके स्पष्ट कहा है कि उन्होंने बिना किसी दबाव के नाम वापस लिया है। उन्होंने कहा है कि आप की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने पर विधानसभा क्षेत्र के लोग उन्हें राष्ट्र विरोधी और गुजरात विरोधी कहने लगे थे, इसलिए उन्होंने अपने मन की सुनते हुए पर्चा वापस लिया है। वहीं, सिसोदिया में दावा किया कि जरीवाला और उनका परिवार मंगलवार से ही लापता थे और अंतिम बार उन्हें अपने नामांकनपत्र की छंटनी के दौरान सूरत में निर्वाचन आयोग के कार्यालय में देखा गया था।

सिसोदिया ने गुजरात की मुख्य निर्वाचन अधिकारी पर भी निशाना साधा और उनपर जरीवाला का पता लगाने और बचाव के लिए उचित कार्वाई नहीं करने का आरोप लगाया।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और पार्टी के अन्य नेताओं ने आज दिन में इस कथित अपहरण को लेकर निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।पार्टी के विभिन्न नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां जमा होकर भाजपा के विरोध में नारे लगाए। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन आयोग से मिलने का आप का अनुरोध दोपहर बाद प्राप्त हुआ और उस वक्त वे निर्वाचन सदन के बाहर धरना दे रहे थे।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने धर्मांतरण रोधी कानून को और कड़ा बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**देहरादून।** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने बुधवार को धर्मांतरण रोधी कानून में जबरन धर्मांतरण के दोषी के लिए सजा के प्रावधान को 10 साल किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत 2018 में प्रदेश में उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम बनाया गया था लेकिन वर्तमान में परिवर्तित परिस्थितियों के मद्देनजर इसे और अधिक सशक्त बनाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश की तरह इसमें संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस संशोधन के तहत जबरन धर्मांतरण को संज्ञेय अपराध मानते हुए 10 साल की कैद की सजा का प्रावधान प्रस्तावित है। सूत्रों ने कहा कि 2018 अधिनियम में जबरन धर्मांतरण का दोषी पाए जाने पर पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। सूत्रों ने बताया कि इस संशोधन को जल्द ही राज्य विधानसभा में लाया जाएगा। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय को नैनीताल से हल्द्वानी स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को भी सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया। बैठक में राज्य की जल विद्युत परियोजनाओं को व्यवसायिक एवं व्यवहारिक रूप देने के लिए 74:26 की अंशधारिता के साथ टीएचडीसी (इण्डिया) लिमिटेड एवं यूजेवीएन लिमिटेड के मध्य संयुक्त उपक्रम के गठन को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, केदारनाथ धाम एराइवल प्लाजा में विशिष्ट प्रकार की ओम कलाकृति बनाए जाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी।

### मणिपुर में 31 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**इंफाल।** मणिपुर में पांच प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के कुल 31 सदस्यों ने बुधवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की मौजूदगी में हथियार डाल दिए और आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों में कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के 17, कांगलेई यावोल कनबा लुप के तीन, कांगलीपाक की पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी (पीआरईपीएके) के छह और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के चार और प्रीपाक (वीसी) का एक सदस्य शामिल है। बीरेन सिंह ने आत्मसमर्पण करने वालों का स्वागत करते हुए कहा, जब आप घर लौटेंगे तो एक भी गोली नही चलेगी, न ही कोई प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उनसे साथ आने, एक साथ रहने और राज्य के विकास में योगदान करने की अपील की। गृह विभाग की ओर से घर वापसी समारोह का आयोजन किया गया।

### श्रीनगर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर में एक ग्रेनेड हमले में संलिप्तता के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के उग्रवादियों के चार सहयोगियों को यहां गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इनके पास से विस्फोटक और गोला-बारूद बरामद किया गया। श्रीनगर पुलिस ने ट्विटर पर ट्वीट किया, श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में शामिल और टीआरएफ के सक्रिय आतंकियों को सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले चार लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आगे कहा, यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अंबेडकर के मुंबई आवास को धरोहर के तौर पर संरक्षित किया जाएगा : शिंदे

**मुंबई।** मुंबई में डॉ. बी आर अंबेडकर के आवास राजगृह को विरासत स्थल के तौर पर संरक्षित किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, वह मध्य मुंबई के दादर इलाके में अंबेडकर के मकान का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रतिष्ठित नेता और उनकी पत्नी दिवंगत रमाबाई अंबेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण भी किया। इस तीन मंजिला इमारत में एक संग्रहालय है। अंबेडकर के अध्ययन कक्ष को पहली मंजिल पर संरक्षित किया गया है। शिंदे ने दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की जो इमारत की दूसरी तथा तीसरी मंजिल पर रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बाद में पत्रकारों से कहा, अंबेडकर देश का गौरव है और जिस मकान में वह रहते थे वह ऐतिहासिक खजाना है।

### थरूर ने तस्वीर पर टिप्पणी करने वाले ट्रोल पर निशाना साधा, बीमार मानसिकता करार दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने एक महिला के साथ उनकी तस्वीर को लेकर तरह-तरह की टिप्पणियां करने वाले ट्रोल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बीमार मानसिकता है। दरअसल, एक महिला ने एक कार्यक्रम में उनके साथ तस्वीर ली थी जिसे ट्विटर पर पोस्ट किया था। ट्रोलिंग के बाद इस महिला ने तस्वीर हटा ली।महिला ने कहा, यह बहुत दुखद है कि दक्षिणपंथी लोग थरूर सर के साथ मेरी तस्वीर को गलत संदर्भ में पेश कर रहे है और राजनीतिक लाभ के लिए दुष्प्रचार फैला रहे है। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य थरूर ने इस पर कहा, ट्रोलिंग करने वालों को इसका अहसास होना चाहिए कि वे जिन लोगों के बारे में अपशब्द कहते है वो इंसान है। इस लड़की को इसलिए मुश्किल झेलनी पड़ी कि उसने एक कार्यक्रम में मेरे साथ तस्वीर ली थी।

## समीर वानखेड़े के खिलाफ नवाब मलिक की टिप्पणी की जांच करे पुलिसः अदालत

**मुंबई ( भाषा )।** महाराष्ट्र की एक सत्र अदालत ने वाशिम पुलिस को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता नवाब मलिक द्वारा स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई शाखा के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी की जांच करने का निर्देश दिया है। वाशिम जिले की सत्र अदालत ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी समीर वानखेड़े के चचेरे भाई संजय वानखेड़े की शिकायत पर मंगलवार को यह आदेश पारित किया। संजय वानखेड़े ने अपनी शिकायत में समीर वानखेड़े और उनके पूरे परिवार की जाति और जाति प्रमाण पत्र को लेकर मानहानिकारक और झूठी टिप्पणी करने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री मलिक के खिलाफ जांच की मांग की थी। उन्होंने मलिक के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जांच करने की मांग की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एच एम देशपांडे ने वाशिम पुलिस को मामले की जांच करने और एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नवंबर 2021 में शिकायत भेजे जाने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्वाई नहीं की है। आदेश में कहा गया है, शिकायत में लगाए गए आरोपों को देखते हुए मौजूदा मामले में शिकायतकर्ता द्वारा की गई प्रार्थना के अनुसार जांच आवश्यक है। संजय वानखेड़े ने दावा किया कि उन्होंने सबसे पहले वाशिम पुलिस को पत्र लिखकर मलिक के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि जब पुलिस ने कोई कार्वाई नहीं की तो उन्होंने सत्र अदालत में एक निजी शिकायत दायर कर मलिक के खिलाफ जांच की मांग की। अदालती आदेश में कहा गया है, शिकायत में लगाए गए आरोपों और पेश किए गए दस्तावेजों, विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र को ध्यान में रखते हुए, निश्चित रूप से एक संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है, जिसकी पुलिस द्वारा जांच किया जाना आवश्यक है।

## मेरे खिलाफ की गई साजिशें नाकाम होंगी : हेमंत सोरेन

**रांची ( भाषा )।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने से एक दिन पहले बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि उनके खिलाफ रची गई हर साजिश को नाकाम किया जाएगा। ईडी के समन के मद्देनजर राज्य में सत्तारूढ़ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) लगातार बैठकें कर रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अलग बैठक कर रहा है, जबकि कांग्रेस ने भी पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री आवास पर गठबंधन सहयोगियों की एक बैठक भी होने की संभावना है। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एकमात्र विधायक भी आएंगे।

सोरेन ने ईडी के समन के लिए परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, किसी भी तिकड़म से वे मुझे सत्ता से हटाना चाहते हैं। मैं उनकी साजिश को नाकाम कर दूंगा। सोरेन मुख्यमंत्री आवास में मिलन समारोह में बोल रहे थे, जहां गिरिडीह जिले के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश वर्मा अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हो गए। कार्यक्रम में राजद के कुछ नेता भी झामुमो में शामिल हुए। सोरेन ने कहा, लंबी लड़ाई के बाद हमें अलग राज्य (2000 में) मिला। लेकिन करीब 20 साल तक सत्ता उनके (भाजपा) हाथ में रही, जिन्होंने कभी राज्य के हित के बारे में नहीं सोचा और जिन्हें जल-जंगल-जमीन (जमीन) तथा आदिवासियों से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य का समग्र विकास तभी संभव है जब ग्रामीण और आदिवासी कल्याण को प्राथमिकता दी जाए। सोरेन ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है जब मूलवासी और आदिवासी को एक छत के नीचे एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा, अब आपको तय करना है कि आप किसे चुनना चाहते हैं-राज्य में षड्यंत्रकारियों का शासन या मूलवासियों-आदिवासियों का शासन। झारखंड में मूलवासी शब्द का इस्तेमाल राज्य के मूल गैर-आदिवासी निवासियों के संदर्भ में होता है। कार्यक्रम में वर्मा ने कहा, हेमंत सोरेन सत्ता में आने के बाद से झारखंड के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

## डूंगरपुर में दो अलग-अलग स्थानों से भारी मात्रा में जिलेटिन की छड़ें बरामद

**भाषा।** उदयपुर

**राजस्थान** में उदयपुर-अहमदाबाद रेल पटरी पर विस्फोट के दो दिन बाद डूंगरपुर जिले में दो अलग-अलग स्थानों से 200 किलोग्राम जिलेटिन की छड़ें मिलीं हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को सात बोरों में जिलेटिन की 185 किलोग्राम छड़ें मिलीं थी। पुलिस ने बताया कि वहीं बुधवार को 200 मीटर की दूरी पर पॉलीथिन बैग में लगभग 40 किलोग्राम छड़ें और मिलीं। पुलिस ने बताया कि पानी में पॉलीथिन के बैग के बारे में पुलिस को सूचना एक स्थानीय महिला ने दी थी। पुलिस उपाधीक्षक (आसपुर) कमल कुमार ने बताया कि आज जो छड़ें मिली हैं उन पर राजस्थान एक्सप्लोसिव एंड केमिकल फैक्ट्री, धौलपुर की ब्रांडिंग है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले खदानों में विस्फोट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली छड़ें मंगलवार दोपहर में बरामद की गईं थीं। पुलिस के अनुसार जिस स्थान पर ए छड़ें मिलीं, वह उस ओड़ा पुल से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित है, जहां शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को विस्फोट हुआ था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि पुल के नीचे से बरामद जिलेटिन छड़ों का उस विस्फोट से कोई संबंध नहीं प्रतीत होता, क्योंकि इनका निर्माण रविवार को विस्फोट स्थल (रेलवे ट्रैक) पर मिली सामग्री से अलग है, फिर भी मामले की सभी कोणों से जांच की जा रही है। उदयपुर के पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि डूंगरपुर जिले में मंगलवार को जिलेटिन की छड़ें बरामद की गईं। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने खनन में इस्तेमाल होने वाले जिलेटिन के पुराने भंडार को वहां फेंक दिया। हालांकि, हम सभी संभावित कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं। कुमार के मुताबिक, जिस इलाके में विस्फोट हुआ, उसके आसपास देखे गए कई लोगों से पूछताछ की गई है और मामले में आगे की तफ्तीश जारी है। आसपुर (डूंगरपुर) के थानाधिकारी सवाई सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस सोम नदी पर बने पुल के पास पहुंची और उसे उथले पानी में सात बोरी जिलेटिन की छड़ें मिलीं, जिनका वजन 185 किलोग्राम है। इस आदिवासी बहुल इलाके में कई खदानें हैं।उल्लेखनीय है कि ओड़ा रेलवे पुल पर उदयपुर-अहमदाबाद को जोड़ने वाले रेल पटरी पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को विस्फोट हुआ था। ओड़ा रेलवे पुलिस उदयपुर के जावर माइंस पुलिस थानाक्षेत्र में आता है। स्थानीय लोगों ने देर रात विस्फोट की आवाज सुनी थी। दो युवक रविवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे थे और उन्हें विस्फोटक व क्षतिग्रस्त पटरी दिखी थी, जिसके बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों और पुलिस को सूचित किया।यह रेल लाइन 31 अक्टूबर को शुरू की गई थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में असावरा रेलवे स्टेशन से असावरा-उदयपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी।

## केंद्रीय एजेंसियां भाजपा नेताओं पर कार्रवाई करने से बचती हैं: ममता बनर्जी



**झारग्राम ( प. बंगाल ) ( भाषा )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्वाई करने में तत्पर रहती हैं, लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भ्रष्टाचार में शामिल होते हैं तो उन पर कार्वाई करने से परहेज करती हैं। बनर्जी की टिप्पणियां स्पष्ट रूप से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के संदर्भ में थीं। दरअसल, घोष के फ्लैट के कागज़ात स्कूल शिक्षा आयोग (एसएससी) घोटाले के एक आरोपी प्रसन्न रॉय के आवास से बरामद हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख झारग्राम के दो दिवसीय दौरे के लिए कोलकाता से रवाना होने पर कहा, अर्पिता मुखर्जी के आवास से पार्थ चटर्जी के नाम के दस्तावेज मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। वह सही था। कानून अपना काम करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन जिस भाजपा नेता के फ्लैट के कागज़ात एक आरोपी के घर से जब्त किए गए थे, उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? ऐसा लगता है कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां तेजी से कार्वाई कर रही हैं, लेकिन जब भाजपा नेताओं की बात आती है तो वे इतनी तत्पर नहीं होती हैं। रॉय के आवास पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के छापे के दौरान घोष के फ्लैट के कागजात की एक प्रति मिली थी। घोष ने कहा, प्रसन्न रॉय और मैं एक ही रिहायशी सोसाइटी में रहते हैं। वे समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष थे। मैंने उन्हें बिजली कनेक्शन का नाम बदलने के लिए फ्लैट के कागज़ात की प्रति दी थी।

## मध्य प्रदेश में 102 किलोग्राम अफीम जब्त, तीन गिरफ्तार

● आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज

**भाषा।** नीमच, (मध्य प्रदेश)

**केंद्रीय नारकोटिक्स** ब्यूरो (सीबीएन) के अधिकारियों ने एक ट्रक से 102 किलोग्राम से अधिक अफीम जब्त की और इस संबंध में मध्य प्रदेश और राजस्थान में चलाए गए एक अभियान में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी। अधिकारी ने बताया कि जिस ट्रक में अफीम थी उसने सीबीएन की जीप को उस समय टक्कर मार दी जब कर्मी ट्रक को रोकने की कोशिश कर रहे थे। केंद्रीय एजेंसी के उप आयुक्त डॉ संजय कुमार ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर मध्य प्रदेश में सीबीएन नीमच इकाई ने एक ट्रक का पीछा किया और सोमवार को पड़ोसी राजस्थान में राजाधोक टोल नाके के पास उसे रोकने की कोशिश की लेकिन ट्रक चालक ने बचने के लिए गति बढ़ा दी और सीबीएन की जीप को टक्कर मार दी।

उन्होंने कहा कि सीबीएन दल ट्रक को जब्त करने में सफल रहा और ट्रक को एजेंसी के नीमच कार्यालय पर लाकर गहन तलाशी लेने पर उससे 102.91 किलोग्राम अफीम से भरे 95 बैग बरामद हुए। अधिकारी ने कहा कि इस जब्ती के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुमार ने दावा किया कि यह हाल के दिनों में सीबीएन नीमच इकाई द्वारा अफीम की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है।

## बिहार में कानून का राज, इसे बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता

**भाषा।** पटना



**बिहार मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है, इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिहार में नवनियुक्त 10,459 पुलिस पदाधिकारियोंकर्मियों को नियुक्तिपत्र वितरण के लिए पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कानून का राज कायम रखना सरकार का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी देश के अलग-अलग राज्यों में एक लाख की आबादी पर पुलिसकर्मियों की 115 से ज्यादा सख्या है जिसे ध्यान में रखते हुए बिहार में भी इसे बढ़ाकर 160 से 170 करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, इसी के अनुरूप हमें तेजी से नियुक्ति करनी है। हम लोग आवश्यकता के मुताबिर्2392ी निरंतर पुलिस की क्षमता को भी बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, वर्ष 2010 में देश में एक लाख की आबादी पर 115 पुलिसकर्मी थे, बिहार में यह संख्या कम थी। उसके अनुसार एक लाख 52 हजार 232 और पुलिसकर्मियों की आवश्यकता थी। हमने गृह विभाग की हर बैठक में कहा कि भर्ती के काम में तेजी लाकर पुलिसकर्मियों की नियुक्ति करें जिसके बाद बिहार में अब तक एक लाख 8 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती हो चुकी है। एक लाख 52 हजार 232 पदों में से अभी भी 44 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती होनी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुलिसकर्मियों की भर्ती में देर न करें और यथाशीघ्र उनकी भर्ती कराएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में राज्य सरकार ने पुलिस सेवा में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय किया जिसका परिणाम है कि आज बिहार पुलिस में 25 प्रतिशत महिलाएं सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि आज नियुक्तिपत्र मिलने के बाद बिहार के पुलिस बल में महिलाओं की संख्या 27 से 28 प्रतिशत हो जाएगी। कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2007 में पुलिस के दायित्व को दो हिस्से में बांट दिया था। उन्होंने कहा कि इसके तहत एक हिस्से को कानून व्यवस्था का काम जबकि दूसरे हिस्से को अनुसंधान का काम सौंपा गया था ताकि अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ अनुसंधान के काम में भी तेजी आए। उन्होंने कहा कि अब अनुसंधान का काम भी ठीक ढंग से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि एससीएसटी सतर्कता अनुश्रवण समिति की बैठक में सरकार ने तय कर दिया है कि मामले की जांच 90 दिनों की बजाय अब 60 दिनों के अंदर ही की जाय ताकि दोषियों को समय पर सजा मिल सके।कुमार ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए दोषियों पर त्वरित कार्वाई जरूरी है और पुलिस की गश्त भी जरूरी है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने हर थाने को दो वाहन दिया है और तीसरा वाहन भी जल्द उपलब्ध करा देंगे। इसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव लाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों द्वारा नियमित गश्त एवं पुलिस बल की संख्या बढ़ने से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवा के लिए डायल 112 शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस कॉल सेंटर पर अपराध, आगजनी, वाहन दुर्घटना एवं बीमार व्यक्ति से संबंधित सूचनाएं तत्काल दर्ज कराई जा सकती हैं और उस पर त्वरित कार्वाई की जाती है। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर में पुरुष एव महिलाओं की बराबर संख्या में प्रतिनियुक्ति की गई है। समारोह में नवनियुक्त 215 सार्जेंट, ।,998 सब इंस्पेक्टर एवं 8,246 सिपाहियों को नियुक्तिपत्र प्रदान किया गया। इन नवनियुक्त 10,459 पुलिस पदाधिकारियोंकर्मियों में 3,852 महिलाएं शामिल हैं जो आज नवनियुक्त पुलिस बल का 36.8 प्रतिशत है।मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पुलिस पदाधिकारियोंकर्मियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्तिपत्र वितरण समारोह में नवनियुक्त पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष दोनों हाथ उठाकर शराब का सेवन नहीं करने और दूसरों को भी शराब का सेवन नहीं करने देने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती अभियान जारी रहेगा। आने वाले समय में राज्य पुलिस विभाग में और अधिक भर्तियां की जाएंगी।

# जी-20 की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी होगी: नरेन्द्र मोदी

● इंडोनेशिया ने बाली शिखर सम्मेलन के समापन के साथ ही आने वाले साल के लिए भारत को जी20 की अध्यक्षता सौंपी

**भाषा।** बाली



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने बुधवार को कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुखी होगी तथा देश ऐसे समय में यह जिम्मेदारी संभाल रहा है जब दुनिया भूराजनीतिक तनावों, आर्थिक मंदी एवं बढ़ती ऊर्जा कीमतों से जूझ रही है। जी-20 के यहां हुए दो दिवसीय सम्मेलन के समापन पर भारत को इस प्रभावशाली समूह की अध्यक्षता सौंपी गई। इंडोनेशिया की मेजबानी में हुए सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि जी-20 अगले एक साल में नए विचारों की परिकल्पना के लिए तथा सामूहिक कार्वाई में तेजी लाने के लिए एक वैश्विक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में काम करे। मोदी ने कहा, भारत ऐसे समय में जी-20 का कामकाज संभाल रहा है जब दुनिया एक साथ भूराजनीतिक तनावों, आर्थिक मंदी, बढ़ती खाद्य एवं ऊर्जा कीमतों के साथ ही महामारी के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों से जूझ रही है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में दुनिया जी-20 को उम्मीद के साथ देख रही है। आज, मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुखी होगी।

भारत एक दिसंबर से आधिकारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। समूह का राष्ट्र प्रमुखासरकार प्रमुख स्तर का शिखर-सम्मेलन नई दिल्ली में अगले साल 9 और 10 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 की भारत की अध्यक्षता प्रत्एक भारतीय के लिए गौरव का अवसर है और देश अलग-अलग शहरों तथा राज्यों में जी-20 की बैठकें आयोजित करेगा। उन्होंने कहा, हमारे मेहमानों को भारत की अद्भुत विविधता, समावेशी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि का पूरा अनुभव मिलेगा। हम चाहते हैं कि आप सभी लोकतंत्र की जननी भारत में इस अनोखे उत्सव में भाग लें। हम मिलकर जी-20 को वैश्विक बदलाव का उत्प्रेरक बनाएंगे।

मोदी ने जी-20 के लिए भारत की प्राथमिकताएं भी गिनाईं। उन्होंने कहा, अगले एक साल में हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि जी-20 नए विचारों की परिकल्पना तथा सामूहिक कार्वाई को तेज करने के लिए प्रमुख वैश्विक प्रवर्तक के रूप में काम करे। मोदी ने कहा, प्राकृतिक संसाधनों पर स्वामित्व की भावना आज के समय संघर्ष बढ़ा रही है और पर्यावरण की दशा का मुख्य कारण बन गई है। पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य के लिए संरक्षण की भावना ही समाधान है। मोदी ने कहा कि पर्यावरण के लिए जीवनशैली (लाइफ) अभियान इसमें बड़ा योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य टिकाऊजीवनशैली को जन-आंदोलन बनाना है। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि विकास के फायदे सार्वभौमिक और सर्व-समावेशी हैं। उन्होंने कहा, हमें विकास के लाभों को मम-भाव और सम-भाव से मानव-मात्र तक पहुंचाना होगा। वैश्विक विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। मोदी ने कहा कि जी-20 को शांति और सौहार्द के पक्ष में एक दृढ़ संदेश देना होगा। उन्होंने कहा, ए सभी प्राथमिकताएं, भारत की जी-20 अध्यक्षता की थीम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य में पूर्ण रूप से समाहित हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 दुनिया की बड़ी विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का अंतर-सरकारी मंच है। इसके सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## घोषणापत्र में साफ दिखा रूस-यूक्रेन युद्ध पर सदस्यों के बीच का मतभेद

**बाली।** जी-20 के बाली घोषणापत्र में बुधवार को रूस-यूक्रेन युद्ध पर सदस्य देशों का मतभेद साफ नजर आया, हालांकि उसमें कहा गया है कि युद्ध में फंसे असैन्य नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना आवश्यक है। सदस्य देशों के बीच मतभेदों की स्पष्टता के बीच, दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के अंत मे जारी घोषणापत्र में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में देशों का जो रूख था, यहां भी राष्ट्र अपना वही रूख दोहराते हैं। उसमें कहा गया है कि ज्यादातर सदस्य (राष्ट्र) यूक्रेन में युद्ध की कटु आलोचना करते हैं लेकिन रेखांकित किया कि इससे इतर भी विचार हैं और परिस्थितियों का आकलन अलग है। घोषणापत्र में कहा गया है, मौजूदा समय युद्ध का नहीं होना चाहिए। यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से कही थी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो की मेजबानी में आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। राष्ट्रपति विदोदो ने कहा कि नेताओं की बातचीत के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध पर लगातार चर्चा होती रही। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया। उनका प्रतिनिधित्व देश के विदेशमंत्री सेर्गेई लावरोव ने किया। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान फरवरी को शुरू किया। रूस के सैन्य अभियान की अमेरिका नीत पश्चिमी देशों द्वारा कटु आलोचना की जा रही है। घोषणापत्र के अनुसार, ज्यादातर सदस्य देशों का कहना है कि यूक्रेन संघर्ष से लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। उसमें कहा गया है, जी-20 के सदस्य देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे मंचों पर रखे गए अपने राष्ट्रीय विचारों को दोहराते हैं, जिनमें रूसी आक्रमकता की निंदा की गई थी। घोषणापत्र में कहा गया है कि ज्यादातर सदस्य इससे इत्तेफाक रखते हैं कि यूक्रेन युद्ध से विकास की गति धीमी हुई है, महंगाई बढ़ी है, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ी है। उसमें कहा गया है, अंतरराष्ट्रीय कानून और शांति तथा स्थिरता की सुरक्षा करने वाले बहुमुखी तंत्र का पालन करना आवश्यक है। जी-20 में 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। ए देश हैं.... अर्जेंटिना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्कि, ब्रिटेन और अमेरिका।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस वैन पर हमला, छह पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सशस्त्र हमलावरों ने एक पुलिस वैन पर गोलीबारी कर दी, जिसमें छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान से सटे लक्की मारवात जिले में पुलिस वैन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि हमले में पुलिस चौकी के सहायक पुलिस निरीक्षक (एएसआई) इलमदीन और पांच अन्य कांस्टेबल की मौत हो गई। लक्की मारवात के जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दल मौके पर पहुंच गया है और घेराबंदी तथा तलाशी अभियान चला रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा की है और गृहमंत्री राना सनाउल्ला ने हमले पर मुख्य सचिव और प्रांत के पुलिस प्रमुख से रिपोर्ट मांगी है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में तीसरी बार शामिल होंगे डोनाल्ड ट्रंप




**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस की दौड़ में तीसरी बार शामिल होने की मंगलवार को घोषणा की। मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के खराब प्रदर्शन और मार-आ-लागो क्लब सहित अन्य मामलों में अपने खिलाफ जारी कानूनी जांच के बीच यह घोषणा की। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार करने से इनकार करने वाले ट्रंप को अपना उम्मीदवार बनाने पर विचार करेगी या नहीं, सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। ट्रंप के हार न स्वीकार करने और उनके कथित भड़काऊ भाषणों के बीच उनके समर्थकों ने अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में कथित तौर पर हिंसा की थी। पाम बीच स्थित मार-आ-लागो क्लब में अमेरिका के 30 झंडों और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे वाले बैनर के बीच खड़े ट्रंप (76) ने अपने हजारों समर्थकों, क्लब सदस्यों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए मैं आज अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हूं। वह सुनिश्चित करेंगे कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 2024 में फिर से न चुने जाएं।

ट्रंप ने कहा, मैं आपकी आवाज हूं। इसके बाद उन्होंने संघीय निर्वाचन आयोग में आवश्यक कागजी कार्वाई पूरी की। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, मैं चुनाव में इसलिए खड़ा हो रहा हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि दुनिया ने अभी तक इस देश की असली महानता नहीं देखी है। मानो या न मानो, लेकिन हम उस शिखर पर अभी नहीं पहुंचे हैं। अमेरिका मुश्किल समय से गुजर रहा है। ट्रंप ने कहा, हम कट्टरपंथी डेमोक्रेट्स को हराएंगे, जो हमारे देश को भीतर से नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। बाइडन ने कहा था कि वह फिर से चुनाव में खड़े होना चाहते हैं, अंतिम फैसला क्रिसमस और नववर्ष के अवकाश के दौरान लेंगे।

ट्रंप ने अपने राजनीतिक सफर के बेहद नाजुक दौर में एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वह मध्यावधि चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की भारी जीत के बीच अपने अभियान की शुरुआत करना चाहते थे, लेकिन ट्रंप समर्थित ज्यादातर उम्मीदवारों की हार के चलते उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका।

# डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को निराश किया : बाइडन



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस की दौड़ में तीसरी बार शामिल होने की मंगलवार को घोषणा किए जाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने अमेरिका को निराश किया है। ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में अपने शासन से जुड़े कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को फ्लोरिडा स्थित मार-आ-लागो क्लब में घोषणा की कि वह अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव में खड़े होंगे। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि ट्रंप (76) और बाइडन के बीच फिर से मुकाबला हो सकता है। पाम बीच स्थित मार-आ-लागो क्लब में अमेरिका के 30 झंडों और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन नारे वाले बैनर के बीच खड़े ट्रंप ने अपने हजारों समर्थकों, क्लब सदस्यों और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए मैं आज अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर रहा हूं। इस बीच, बाइडन ने इंडोनेशिया के बाली से ट्वीट किया, डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को निराश किया है। बाइडन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विश्वभर के नेताओं के साथ जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।

बाइडन ने ट्विटर पर 52 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप के कार्यकाल में अमीरों के लिए अर्थव्यवस्था में धांधली की गई और इस दौरान नौकरियों के मामले में मंदी के बाद सबसे खराब स्थिति रही। उन्होंने छह जनवरी 2021 को अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में हुई हिंसा का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि ट्रंप ने उग्र भीड़ को उकसाया , चरमपंथियों को बढ़ावा दिया और महिलाओं के अधिकारों पर हमला किया। ट्रंप द्वारा 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार न करने और उनके कथित भड़काऊ भाषणों के बीच उनके समर्थकों ने छह जनवरी 2021 को कैपिटल परिसर में कथित तौर पर हिंसा की थी।

## पोलिश क्षेत्र में मिसाइल गिरना रूसी हमला नहीं थाः पोलैंड

**प्रजेवोदो (पोलैंड)।** पोलैंड ने बुधवार को कहा कि इस तरह का कोई संकेत नहीं है कि पोलिश क्षेत्र में एक मिसाइल गिरने की घटना उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देश पर जानबूझकर किया गया एक हमला था। पोलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि पोलैंड में मिसाइल विस्फोट जानबूझकर किया गया एक हमला था। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा ने कहा कि यह यूक्रेनी मिसाइल हो सकती है जो पोलैंड में गिर गई थी लेकिन उन्होंने कहा कि घटना की जिम्मेदारी रूस की है जिसने मंगलवार को यूक्रेन पर कई मिसाइल हमले किए थे। डूडा ने कहा, यूक्रेन अपनी मिसाइल को विभिन्न दिशाओं में दाग रहा था और इस बात की अधिक संभावना है कि इनमें से एक मिसाइल पोलिश क्षेत्र में गिर गई हो।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Nitin Kumar Sharma is in process to purchase the Property bearing No. A-15,Area Measuring 90 Sq. Yds., Out of Khasra No. 2, Situated at Village Meerpur Turk, in the abadi of Block E, Gali No. 6, Khajoori Khas, Karawal Nagar Road, Illaqua Shahdara, Delhi-110094 from Vimla Devi alias Bimla Devi (owners by virtue of sale deed dated 13.08.2021, document no. 1960)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# सेंसेक्स 108 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बढ़त में रहे और बीएसई सेंसेक्स करीब 108 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 107.73 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,980.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 52 सप्ताह के उच्चस्तर 62,052.57 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मामूली 6.25 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,409.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ. रेड्डीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडसइंड बैंक समेत अन्य नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार अबतक के उच्चस्तर पर कारोबार कर रहा है...। हालांकि, घरेलू वृहत आर्थिक संकेतक और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) का निवेश अनुकूल है, लेकिन उच्च मूल्य को देखते हुए घरेलू बाजार में अल्पकाल से मध्यम अवधि में सतर्क रुख देखने को मिल सकता है।

कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार सीमित दायरे में रहा। कारोबार समाप्त होने से पहले चुनिंदा लिवाली से सूचकांक बढ़त में रहे। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में रुख हल्का रहा जिसके कारण स्थानीय कारोबारियों ने कारोबार सतर्क रुख के साथ किया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट मंगलवार को बढ़त में रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 94.12 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने मंगलवार को 221.32 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## कैग ने एक संस्था के रूप में अपनी मजबूती का उदाहरण दियाः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि देश के सर्वोच्च लेखा परीक्षा निकाय नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने वर्षों से एक संस्थान के रूप में अपनी मजबूती का उदाहरण दिया है। उन्होंने सप्ताह भर चलने वाले ऑडिट दिवस समारोह में उद्घाटन भाषण देते हुए कहा कि संस्था द्वारा हासिल किया गया भरोसा, कैग प्रमुखों के प्रयासों का परिणाम है। उनके प्रयासों से ही यह संस्थान आज यहां तक पहुंचा है। धनखड़ ने कहा, यह वास्तव में संतोषजनक है कि संस्थान के रूप में कैग ने वर्षों से मजबूती का उदाहरण दिया है। यह ऊंचा दर्जा उस मौलिक नेतृत्व का परिणाम है, जिससे संस्थान लाभान्वित हो रहा है। कैग गिरीश चंद्र मुर्मू ने कहा, हमें प्रासंगिक बने रहने के लिए निरंतर नवोन्मेषण करने की जरूरत है। इस मौके पर भारत के पूर्व कैग, राज्यों के महालेखाकार, केंद्र सरकार और भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी, कैग के लेखा परीक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य मौजूद थे।

# अपोलो परियोजना के 50 साल बाद नासा के नए चंद्र रॉकेट ने उड़ान भरी

**केप केनावेरल।** नासा के नए चंद्र रॉकेट ने बुधवार तड़के तीन परीक्षण डमी के साथ अपनी पहली उड़ान भरी, जिससे अमेरिका 50 साल पहले अपने अपोलो कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर भेजने की दिशा में आगे बढ़ा है। यदि तीन-सप्ताह की परीक्षण उड़ान सफल हुई तो रॉकेट चालक दल के एक खाली कैप्सूल को चंद्रमा के चारों ओर एक चौड़ी कक्षा में ले जाएगा और फिर कैप्सूल दिसंबर में प्रशांत क्षेत्र में पृथ्वी पर वापस आ जाएगा। कई साल की देरी और अरबों से ज्यादा की लागत के बाद, अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट ने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ओरियन कैप्सूल को रॉकेट के शीर्ष पर रखा गया था, जो उड़ान के दो घंटे से भी कम समय में पृथ्वी की कक्षा से निकलकर चंद्रमा की ओर जाने के लिए तैयार था। इससे पहले करीब तीन महीने तक रॉकेट के ईंधन में रिसाव होता रहा। सितंबर के आखिर में समुद्री तूफान इयान के कारण इसका प्रक्षेपण नहीं हो सका।

यह मिशन अमेरिका के प्रोजेक्ट अपोलो का अगला चरण है। प्रोजेक्ट अपोलो में 1969 से 1972 के बीच 12 अंतरिक्षयात्रियों ने चंद्रमा पर चहलकदमी की थी। इस प्रक्षेपण से नासा के आर्टेमिस चंद्र अन्वेषण अभियान की शुरुआत मानी जा रही है। यह नाम पौराणिक मान्यता के अनुसार अपोलो की जुड़वां बहन के नाम पर रखा गया है। प्रक्षेपण निदेशक चार्ली ब्लैकवेल थॉम्पसन ने अपोलो परियोजना के बाद जन्मे सभी लोगों का जिक्र करते हुए कहा, आर्टेमिस वाली पीढ़ी, यह आपके लिए है। उन्होंने प्रक्षेपण के बाद अपनी टीम से कहा, आपने इतिहास में अपनी जगह बनाई है। नासा का उद्देश्य 2024 में अगली उड़ान में चंद्रमा के आसपास अपने चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का और फिर 2025 में आम लोगों को वहां उतारने का है। नासा की चंद्रमा पर एक बेस बनाने तथा 2030 एवं 2040 के दशक के अंत तक मंगल पर अंतरिक्षयात्रियों को भेजने की भी है। ओरियन के पृथ्वी से 3,70,000 किलोमीटर से अधिक दूर चंद्रमा पर सोमवार तक पहुंचने की उम्मीद है। ओरियन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्रियों को केवल चंद्रमा की कक्षा तक ले जाएगा, सतह तक नहीं। करीब 4.1 अरब डॉलर की लागत वाली परीक्षण उड़ान 25 दिन तक चल सकती है। नासा ने अपोलो के चंद्र लैंडर की तरह 21वीं सदी में स्टारशिप विकसित करने के लिए एलन मस्क के स्पेसएक्स को किराए पर लिया है।

## कुवैत में सात कैदियों को मृत्युदंड दिया गया

**दुबई।** कुवैत ने हत्या के जुर्म में सात कैदियों को बुधवार को मृत्युदंड दे दिया। सरकारी समाचार एजेंसी कूना (केयूएनए) की खबर के मुताबिक, जिन लोगों को मृत्युदंड दिया गया है वे सभी हत्या और अन्य आरोपों में दोषी ठहराए गए थे। खबर के मुताबिक, जिन लोगों को मौत की सज़ा दी गई है उनमें कुवैत का एक पुरुष और महिला, सीरिया और पाकिस्तान का एक-एक पुरुष और इथोपिया की एक महिला शामिल है। कुवैत ने कहा कि उन्हे मौत की सज़ा केंद्रीय कारागार में दी गई है। हालांकि उसने यह नही बताया कि उन्हे किस तरह से मृत्युदंड दिया गया है। देश मे कैदी को मौत की सज़ा देने के लिए फांसी दी जाती है। हालांकि वह मृत्युदंड देने के लिए गोली भी मारते है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Pradeep kumar is in process to purchase the Property Bearing no. RZ-77 and RZ-77A, Area Measuring 260 Sq. Yds. Out of Khasra No. 271, Situated in the area of Village Nasirpur in the abadi of West Sagarpur New Delhi from Sanjeev Mehta and M/s Naturals Leather through Suman Mehta, whereas they have lost the following documents pertaining to the said property

1. Original GPA dated 20.02.1986 executed by Pushpa Chauhan in favour of Reema Chauhan.
2. Original ATS dated 20.02.1986 executed by Pushpa Chauhan in favour of Reema Chauhan.
3. Original Will dated 20.02.1986 executed by Pushpa Chauhan in favour of Reema Chauhan.
4. Original GPA executed by Reema Chauhan in favour of B.S Chouhan

if any one found please handover the same at below address

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में तकनीक को बनाया हथियार



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत गरीबी के खिलाफ जंग में तकनीक को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने बेंगलुरु टेक समिट में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कहा कि भारत को अब लालफीताशाही के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि इसकी पहचान निवेशकों को हर तरह की सुविधा देने वाले देश के रूप में है। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन भाषण में कहा कि 2021 के बाद से यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या दोगुनी हो गई है। मोदी ने कहा, भारत अब निवेशकों के लिए रेड कार्पेट के लिए जाना जाता है। चाहे एफडीआई सुधार हो, या ड्रोन नियमों का उदारीकरण, या सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कदम, या विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन प्रोत्साहन योजनाएं, या कारोबारी सुगमता... हर जगह ए बात दिखाई देती है। उन्होंने कहा, आपके निवेश और हमारे नवाचार से चमत्कार हो सकता है। आपका भरोसा और हमारी तकनीकी प्रतिभा मिलकर कुछ भी कर सकते हैं। मैं आप सभी को साथ काम करने के लिए आमंत्रित करता हूं, क्योंकि हम दुनिया की समस्याओं को हल करने में अग्रणी हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की प्रौद्योगिकी और नवाचार ने पहले ही दुनिया को प्रभावित किया है, लेकिन भविष्य में यह भूमिका और भी बड़ी होगी। मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की ताकत को पूरी दुनिया मानती है और उन्होंने तकनीकी तथा प्रतिभा का वैश्वीकरण सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य देखभाल, प्रबंधन, वित्त - आप युवा भारतीयों को कई क्षेत्रों में आगे पाएंगे। हम अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल वैश्विक भलाई के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि भारत में भी उनका असर देखा जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारत इस साल वैश्विक नवाचार सूचकांक में 40वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, 2015 में हम 81वें स्थान पर थे। भारत में यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या 2021 से दोगुनी हो गई है। अब हम दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप केंद्र हैं। हमारे पास 81,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय कंपनियां हैं, जिनके भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र हैं। यह भारतीय प्रतिभा के कारण संभव हो सका।

मोदी ने कहा कि तकनीकी पहुंच बढ़ाकर भारतीय युवाओं को मजबूत बनाया जा रहा है। देश में मोबाइल और डेटा क्रांति हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन छह करोड़ से बढ़कर 81 करोड़ हो गए हैं। स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 15 करोड़ से बढ़कर 75 करोड़ हो गए। इंटरनेट की वृद्धि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रही है। मोदी ने कहा कि लंबे वक्त तक माना जाता था कि प्रौद्योगिकी बड़े और शक्तिशाली लोगों के लिए है। लेकिन भारत ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कैसे किया जाता है। भारत ने यह भी दिखाया है कि तकनीक को मानवीय स्पर्श कैसे दिया जाता है। भारत में प्रौद्योगिकी समानता और सशक्तिकरण का साधन है।

प्रधानमंत्री ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह लगभग 20 करोड़ परिवारों को सुरक्षा कवच प्रदान करती है। उन्होंने आगे कहा, इसका मतलब है, लगभग 60 करोड़ लोग। यह कार्यक्रम एक तकनीकी मंच पर आधारित है। भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया। इसे कोविन नामक एक तकनीक-आधारित मंच के जरिए संचालित किया गया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र के बारे में कहा कि भारत में मुक्त पाठ्यक्रमों का एक बहुत बड़ा भंडार है। विभिन्न विषयों में हजारों पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। एक करोड़ से अधिक सफल प्रमाणन हुए हैं। यह सब ऑनलाइन और मुफ्त में किया जाता है। मोदी ने कहा, हमारे डेटा टैरिफ दुनिया में सबसे कम हैं। कोविड-19 के दौरान, कम डेटा लागत ने गरीब छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने में मदद की।

# आर्थिक वृद्धि के लिए खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण, सरकार के समर्थन की जरूरतः उद्योग

**कोलकाता।** देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कई गुना वृद्धि के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए खनिज और खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उद्योग की बड़ी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने यह कहा है। खनन पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन एवं वेदांता समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील दुग्गल ने कहा कि सरकार को इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए खनिज खनन को प्रोत्साहन देने के अलावा नियामकीय रूप से लचीला रुख अपनाने और महत्वपूर्ण खनिज खनन को विनियम के दायरे से बाहर करने की जरूरत है। कोल इंडिया के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने यहां आयोजित आईएमएमई और वैश्विक खनन सम्मेलन-2022 में कहा कि भारत को आगे बढ़ना है और इसके लिए खनन क्षेत्र में विकास महत्वपूर्ण है। दुग्गल ने कहा कि खनन उद्योग को नई पीढ़ी की कंपनियों को इस क्षेत्र में आकर्षित करने के लिए अन्वेषण को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। इसके अलावा बीईएमएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमित बनर्जी ने मोबाइल, बैटरी और सौर में नए युग की प्रौद्योगिकियों के लिए उत्सर्जन में कमी और महत्वपूर्ण खनिजों के खनन पर जोर दिया। वहीं, एनएमडीसी के चेयरमैन सुमित देब ने कहा कि खनिज देश की आर्थिक वृद्धि का आधार हैं। गौरतलब है कि खनिज और खनन क्षेत्र का भारत की अर्थव्यवस्था में दो से 2.5 प्रतिशत का योगदान है। इस क्षेत्र में करीब 1.1 करोड़ लोग काम करते हैं।

**Public Notice**

General Public is hereby informed that as per the Order of Hon'ble National Anti-Profiteering Authority(NAA) Dt. 19.07.2022, in the matter of Smt. Sunita Malhotra and others V/s. M/s Godrej Properties Limited & M/s Magic Info Solutions Pvt. Ltd., Case No. 37/2022, (Project: Godrej Summit, Sector 104, Gurugram, Haryana), an amount of Rs. 4,59,286/- has disbursed towards benefit of ITC along with Interest in favor of eligible Home Buyers as per the details below:

Name of Builder / Supplier- Magic Info Solutions Private Limited.
Address: D-13, Defence Colony, New Delhi-110024
Project: "Godrej Summit"
Location: Sector 104, Gurugram. Haryana.
Amount of Profiteering: Rs. 4,59,286/-
Detailed NAA order is available on www.naa.gov.in,eligible home buyers (As per the Order of Hon'ble National Anti- Profiteering Authority (NAA) Dt. 19.07.2022) may also contact:
SGST Commissioner, Ward-98,Yyapar Bhawan, IP Estate, Delhi-110002
CGST Commissioner, Range-166.
GST Delhi East, Division Nehru Place: New Delhi-110019

**S/d**
**For Magic Info Solutions Private Limited.**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL9CL2468, | DL4CQ0048, | DL5SM6141, |
| DL4CM4377, | DL5SM8297, | DL7SAD0745, |
| DL3CBJ6616, | DL7SAA3746, | DL5SJ6960, |
| DL2FCU0050, | DL2SK1842, | DL2CAN7880, |
| HR26DG8029, | DL7SAB3044, | DL2CAH1889, |
| DL8CL7755, | DL5SP3685, | CHSNO-49659, |
| RJ19UC1089, | DL9SS0204, | DL5SB7168, |
| HR51X0680, | DL3SAW2813, | DEW5160, |
| DL4CAH0511, | DL7SN6596, | DL7SAU3669, |
| DL2FBT0786, | DL5SV2422, | DL7SAU6948, |
| DL8CK5459, | DBS9910, | DL6SJ2941, |
| DL2FCZ0030, | DBE4060, | DL1TC0076, |
| DL2FBK0002, | DL9SJ2512, | DL7SAG6716, |
| DL3FAD0040, | DBH3451, | DAI4405, |
| DL2FF0049, | DL5SH8860, | DL4SD6155, |
| HR20T5912, | DL7SAA9537, | DAD8849, |
| RJ14CL0004, | DL3SG0497, | DAD7955, |
| DL4CS8172, | DL5SQ3399, | DL7SAQ4602, |
| HR26AL2574, | DL6SX9048, | DL6SC3919, |
| UP25N6511, | DL7SAR3296, | DL7SJ9447, |
| HR26AJ5774, | DL7SA4590, | DL7SG4089, |
| DL4CG3524, | DL7SAX0101, | DL7SL5338, |
| DL4SL5364, | AR018750, | DL3SP1964, |
| DL5CF0214, | DL7SAJ8460, | DL3FAS0043, |
| DL6SE0888, | UP14AE1829, | DL7SZ8348, |
| PB10CA8148, | DL4SAR5566, | DL3SAG0227, |
| DL4CNC1323, | DL5SH1954, | DL7SAY9774, |
| DL6CM1585, | DBZ8559, | DL5SA1730, |
| DL4CA8896, | DL7SAP2140, | DL7SAK3793, |
| DL4SU9211, | DL7SAD4549, | UP14V9065, |
| DL2FDV0005, | DL6SA3297, | DL7SAF2523, |
| NOREG33, | DL7SF7763, | DL5ST4490, |
| DL4CAG2676, | UMY4197, | DL7SW8683, |
| DL2CAF6299, | DL7SX5121, | DL7SAX5588, |
| DL8CN7665, | DL5SH1519, | DL6SP9411, |
| DL7CAK6000, | GA02B2488, | DL7SJ4416, |
| DL4CAE5572, | DL5SE6073, | DL3SAH6900, |
| DL3CBU3465, | DL5SN0975, | UP16E6327, |
| DL7CB5994, | DL5SL7206, | DL3CAD6354, |
| DL8CN8038, | DL5ST3407, | DL4CND1263, |
| DL4CND0142, | DL5SX2231, | DL3CAQ6851, |
| DL2CAA1043, | DL5SP6045, | DL3CAW1769, |
| DL8CH4871, | DL5SS2075, | DL3CAK3270, |
| DL2FGM0111, | DL7SAK7196, | DL7CE5062, |
| DL4CNE9088, | DL5SV7392, | UK07DH8218, |
| DHC1016, | DL7SS7712, | DL7CH2159, |
| UP32DU4423, | DL4ST0461, | DL7SAE0736, |
| DL4SCC9764, | DL7SZ7468, | DL9CP9156, |
| DL8SAX4823, | DL7SAD6716, | CHSNO733269, |
| DL2SP5500, | DL9SH1444, | AP28AW2627, |
| DL9CF9258, | DL2SD8845, | CHSNO287464, |
| DL3CAP7526, | DL7SAD9998, | RJ20SD1053, |
| HP72C1989, | UP14AM2918, | DL7SAQ4135, |
| DHO5166, | AP28AN1497, | CHSNO424375, |
| DL3CAG7797, | DL7SAC2220, | DL5SQ4855, |
| DL1LD3007, | DL7SAJ9204, | DL7SAE7513, |
| DL3SAB8421, | DL8SQ3762, | DL7SAU6866, |
| DL2CAC3102, | JKE7412, | DL3SAK8627, |
| DL3FW7777, | DDN1495, | AP09AU0487, |
| DL5SAB2832, | UP85C1002, | DL1SP9264, |
| DL3CAL0530, | DL7SAE8330, | DL2FGG0099, |
| DL2CQ2727, | DL1SE6211, | MH43AF0010 |
| DL2CZ4697, | DL5SH2616, | |

# भाजपा प्रत्याशी रघुराज ने मैनपुरी से पर्चा भरा

**भाषा।** मैनपुरी



**मैनपुरी** संसदीय सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य ने बुधवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ माने जाने वाली इस सीट पर सपा उम्मीदवार डिंपल यादव को टक्कर देने के लिए भाजपा ने मंगलवार को पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को अपना उम्मीदवार बनाया था। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। उपचुनाव पांच दिसंबर को होगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा, उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सांसद सुब्रत पाठक, राजवीर सिंह आदि पार्टी के वरिष्ठ नेता शाक्य के नामांकन के समय मौजूद थे। शाक्य कभी शिवपाल यादव के करीबी सहयोगी थे, लेकिन इस साल की शुरुआत में वह शिवपाल की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। वह पहले समाजवादी पार्टी (सपा) में थे और बाद में वह शिवपाल यादव की पार्टी प्रसपा से जुड़ गए थे। नामांकन दाखिल करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि इस बार ईवीएम कम पड़ जाएगी जब भाजपा के मतदाता बटन दबाएंगे और भाजपा सपा से यह सीट छीन लेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेताओं ने काफी सोच-विचार के बाद रघुराज सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सांसद के यहां से चुने जाने के बाद सभी अवैध अतिक्रमण हटा दिए जाएंगे और मैनपुरी में गुंडागर्दी का कोई स्थान नहीं होगा। सपा द्वारा इस सीट पर शिवपाल सिंह यादव को स्टार प्रचारक बनाए जाने का जिक्र करते हुए मौर्य ने कहा कि भाजपा आजमगढ़ और रामपुर की सीटें सपा से छीन चुकी है और अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव इस सीट को भी बरकरार नहीं रख पाएंगे।
उन्होंने कहा कि मैनपुरी सीट भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं और उनके निरंतर प्रयासों एवं जनता के संपर्क से यह सीट सपा से छीन लेगी और एक नया रिकॉर्ड भी बनाएगी। उन्होंने कहा कि कमल खिलेगा और भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। हाल ही में, भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सपा के गढ़ में सेंध लगाई थी और पार्टी मैनपुरी में भी ऐसा ही करने की उम्मीद कर रही है।

## रालोद उम्मीदवार मदन भैया ने खतौली विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उम्मीदवार मदन भैया ने उत्तर प्रदेश की खतौली विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए बुधवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मदन भैया ने इस सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव के वास्ते रालोद और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं के साथ पर्चा दाखिल करने के लिए क्लेक्ट्रेट पहुंचे। मदन भैया को रालोद-सपा गठबंधन के उम्मीदवार घोषित किया गया था। उन्होंने पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारो से कहा कि वह किसानो, गन्ना बकाया, बेरोजगारी और अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दो को लेकर उपचुनाव लड़ेंगे।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने यहां बताया कि खतौली सीट से विक्रम सैनी की पत्नी एवं पार्टी उम्मीदवार राजकुमारी सैनी बृहस्पतिवार को अपना



पर्चा दाखिल कर सकती है। मदन भैया ने आरोप लगाया कि भाजपा बेरोजगारी, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, किसानो की समस्याओ सहित अन्य मुद्दो से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। मदन भैया की उम्मीदवारी की घोषणा रविवार को रालोद के आधिकारिक ट्विटर हैडल से की गई थी।मदन भैया, विभिन्न राजनीतिक दलो से चार बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। 1991-1993 जनता पार्टी से, 1993-1996 समाजवादी पार्टी से, 2002-2007 निर्दलीय और 2007-2012 रालोद से। उन्होने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत मे, 1989 मे जेल मे रहते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे खेकड़ा निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। वह 1991 मे उसी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा के सदस्य के रूप मे चुने गए,

# नेताजी के सम्मान से जुड़ा है मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव

**भाषा।** मैनपुरी



**मैनपुरी** लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद डिम्पल यादव ने बुधवार को कहा कि यह उपचुनाव नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के सम्मान का चुनाव है। डिंपल ने मैनपुरी स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर पार्टी की महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा,"ए चुनाव नेताजी के सम्मान का चुनाव है। मुझे उम्मीद है कि आप सब उनका सम्मान रखेंगे। नेताजी ने सदैव सबका सम्मान रखा था, उनकी सोच और विचारों को हम सब आगे लेकर जाएंगे।" गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा सीट नेताजी के नाम से मशहूर रहे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई है। डिंपल उनकी बहू हैं। इस सीट पर उपचुनाव के तहत आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। डिंपल ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2012 से 2017 तक सत्तारूढ़ रही सपा की सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू कराई थी और कन्या विद्या धन की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करती है और जनता को धोखा देती है। उन्होंने कहा, देश में महंगाई चरम पर है, रसोई गैस का सिलिंडर 1100 रुपए का हो गया है। एक गृहणी के लिए यह सब बहुत मुश्किल होता है। डिंपल ने पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि वह उनको यह उपचुनाव जिताएंगी। उन्होंने कहा"मैं चाहती हूं कि हर बूथ पर एक महिला हो। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं आगे रहें। मेरा उद्देश्य है कि मैं आपसे सीधे जुड़ सकूं।" उन्होंने एक नम्बर भी जारी किया और महिलाओं से आग्रह किया कि वे सभी इसके माध्यम से उनसे जुड़ सकती हैं।

## परीक्षा में असफल होने को लेकर युवक ने गोली मारकर कर ली आत्महत्या

**कानपुर।** कानपुर के गुजैनी में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी ने बुधवार को लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार, युवक अजीत यादव (23) प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण नही होने से अवसाद में था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) प्रमोद कुमार ने कहा कि युवक अजीत यादव (23) के पिता शिव प्रताप यादव पनकी थाने मे हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि युवक के पिता ने इस संबंध में जानकारी पुलिस को दी।डीसीपी ने कहा, "हमें परिवार के सदस्यों द्वारा बताया गया कि अजीत पिछले दो वर्षो से सिविल सेवा परीक्षा दे रहा था, लेकिन वह इसे उत्तीर्ण नही कर सका और इससे वह गंभीर अवसाद मे था।"उन्होंने बताया कि अजीत ने अपने चाचा अजय पाल की लाइसेंसी पिस्तौल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि अजय पाल सेना में कार्यरत हैं और छुट्टी पर घर आए थे। कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व विधायक शाहनवाज बलात्कार के प्रयास मामले में बरी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने बुधवार को पूर्व विधायक शाहनवाज राणा तथा दो अन्य को दिल्ली की रहने वाली एक महिला से बलात्कार के प्रयास के एक मामले में बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश (एमपीएमएलए अदालत) गोपाल उपाध्याय ने राणा, इमरान तथा सरताज को सुबूतो के अभाव मे बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील आफताब कैसर के मुताबिक पुलिस ने वर्ष 2001 मे सिविल लाइंस थानाक्षेत्र मे दिल्ली की रहने वाली एक महिला से बलात्कार की कोशिश के आरोप मे मामला दर्ज किया था। महिला की शिकायत के मुताबिक राणा और उनके साथियो ने महिला को मुजफ्फरनगर मे नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया था और उससे बलात्कार की कोशिश की थी।

## प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित कर बढ़ाया हौंसला

**जालौन** (उरई)। पूर्णादेवी इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान एवं रंगोली प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। वहीं, आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में अंताक्षरी, क्रांतिकारी वेश एवं प्रांतीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज में अंताक्षरी, क्रांतिकारी वेश एवं प्रांतीक लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक वेशभूषा की लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र ने किया। इस मौके पर प्रबंधिका संध्या हर्षे एवं प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। वहीं, पूर्णा देवी इंटर कॉलेज में सामन्य ज्ञान, रंगोली, आलेखन एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागी आकांक्षा, मुस्कान कुशवाहा, छवि सोनी, शिवांगी, फलक, नीलम, जिगर, राजा साहू, प्रशांत, समृद्ध पोरवाल, रिहान, अदनान, जोया, इकरा, रूखसार, शिवानी, दीक्षा कुशवाहा, निखिल राठौर, राज प्रजापति को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक रज्जन पुरवार ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों का मानसिक विकास होता हैं। अन्य प्रतियोगिताओं के लिए छात्रों में उत्साह रहता है। प्रतियोगिताओं में जीत हार तो लगी रहती है। लेकिन छात्र इससे मायूस न हों। बल्कि अगली प्रतियोगिता की तैयारी में व्यस्त हो जाएं। ताकि वह और अच्छा कर सकें। इस मौके पर प्रधानाचार्य दिनेश कंचन, रविशंकर त्रिपाठी, अरूण पटैरिया, अनवार आदि मौजूद रहे।

## दिलचस्प परिकल्पना है मिनी फिल्म

**वाराणसी।** अमेज़ॅन मिनी टीवी . अमेज़ॅन की फ्री वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस एक अनोखा रोमांस ड्रामा शॉर्ट फिल्म कैपिटल ए स्मॉल के साथ प्रेम फैलाने के लिए तैयार है। ऑन द बॉल प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित गौरव जोशी के साथ सुमित सुरेश कुमार द्वारा निर्देशित और सह.लिखित मिनी फिल्म में अभिनेता दर्शील सफारीप्रमुख भूमिकाओं में हैं। स्ट्रीमिंग सर्विस ने आज इस मिनी फिल्म के ट्रेलर का उद्घाटन किया, जिसका प्रीमियर विशेष रूप से 17 नवंबर को होगा।एडवरटाइजिंग प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा, कैपिटल ए स्मॉल ए जैसी दिलचस्प परिकल्पना दर्शकों के बॉन्ड को संभालने के तरीके से संवेदनशील बनाती है।

## नकेलपुरा के कार्यों का सोशल ऑडिट टीम ने किया सत्यापन

**कुठौंद** (जालौन)। ग्राम पंचायत नकेलपुरा में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक द्विवेदी सोशल ऑडिट की टीम के सदस्यों के द्वारा सोशल ऑडिट प्राथमिक विद्यालय नकेलपुरा में किया गया। इस दौरान टीम ने कच्चे एवं पक्के विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन करते हुए सीसी निर्माण, इंटरलॉकिंग बंदी, जलरोक बांध का निरीक्षण करते हुए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक द्विवेदी, तकनीकी सहायक सत्यप्रकाश खरे, प्रधान मुलायम सिंह के साथ अनेकों ग्रामीणों के समक्ष सोशल ऑडिट की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ऑडिटर दीपक द्विवेदी जॉब कार्ड धारकों से बात करते हुए पूंछा आप लोगों की मजदूरी टाइम टेबल से मिल रही कि नहीं तो उन्होंने बता दो। इस पर मजदूरों ने कहा कि उन्हें मजदूरी समय से नहीं मिल रही है। इसके लिए ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक द्विवेदी ने ग्राम प्रधान मुलायम सिंह से मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों के पैसों को समय से मिलने की बात कही जिस पर ग्राम प्रधान ने जानकारी देते हुए यह बताया की विकासखंड कुठौंद में अभी पैसा नहीं आया है पैसा आने पर सबको मजदूरी समय से भुगतान किया जायेगा।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को घर से निकाला

**उरई** (जालौन)। चार वर्ष पूर्व वैवाहिक बंधन में बंधी पिण्डारी निवासी रेशमा पर ससुरालीजनों ने जब अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करना शुरू किया तो उसने अपने पिता की गरीबी का वास्ता दिया। लेकिन यह बात ससुरालीजनों को नागवार लगी और फिर उन्होंने 7 नवंबर को उसे धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। अब वह न्याय के लिये पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटने को विवश हो रही है। पुलिस अधीक्षक को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में रेशमा पत्नी मु. मुकीम पुत्र जान मुहम्मद निवासी पिण्डारी ने बताया कि उसका विवाह उरई निवासी मुकीम पुत्र चांद खां के साथ 17 फरवरी 2018 को हुआ था। तभी से उसके ससुरालीजन पति मु. मुकीम, ननद शिमरन, देवर सलीम व मामू ससुर आजाद पुत्र हबीबुल्ले अपने पिता के घर से बाइक लाने की मांग करते हुये शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे थे। जब मैंने उनसे अपने पिता की आर्थिक स्थिति का हवाला दिया तो 7 नवंबर 2022 को उक्त लोगों ने मुझे ससुराल से धक्का मारकर घर से बाहर निकाल दिया तभी से वह अपने पिता के साथ रह रही है।

# मेरठ में बिजली का निर्माणाधीन टावर गिरने से दो श्रमिकों की मौत, छह घायल

**मेरठ ।** जनपद के थाना मुंडाली क्षेत्र के गांव अजराड़ा में बुधवार को बिजली के हाईटेंशन लाइन का निर्माणाधीन टावर गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि छह अन्य श्रमिक घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि थाना मुंडाली क्षेत्र के अजराड़ा गांव में बिजली के निर्माणाधीन टावर पर मजदूर चढ़कर काम कर रहे थे और लाइन खींचते समय टावर अचानक गिर गया। उन्होंने इस घटना में टावर पर काम कर रहे कर्मचारी उसके नीचे दब गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर दो श्रमिकों की उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में घायल अन्य छह श्रमिकों का उपचार चल रहा है। थाना मुंडाली पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम हजरत अली (25) और अजमल हक (24) निवासी गौरीपुर थाना रातुआ, जिला मालदा पश्चिम बंगाल है। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी की जान गई

**गोंडा।** गोंडा जिले में हुए एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि मोतीगंज थानाक्षेत्र के विद्यानगर निवासी दीप नारायण गुप्ता (45) अपनी पत्नी कुन्ती देवी (42) के साथ मंगलवार शाम मोटरसाइकिल से गोंडा शहर गल्ला मंडी स्थित अपनी रिश्तेदारी में आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कोतवाली देहात थानाक्षेत्र अन्तर्गत गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर परसापुर पेट्रोल पंप के पास एक पिकअप ट्रक ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इससे पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल दोनों घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि दीप नरायण ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि कुंती देवी की लखनऊले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों के शव पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

**मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोरी के साथ बलात्कार:** अमेठी। जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 12 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोरी के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है।पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही हैपीड़िता के पिता द्वारा पीपरपुर पुलिस थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक उसकी बेटी घर पर थी, जिसे गांव का ही आरोपी युवक धान काटने के बहाने खेत में ले गया और वहां उसके साथ बलात्कार किया। घटना 10 नवंबर की है। थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## हिंदू युवती का जबरन धर्म परिवर्तन करा किया निकाह फिर घर से निकाल दिया

**बाँदा।** मजदूर ठेकेदार मुस्लिम युवक ने बिहार में एक हिंदू यूवती से जान पहचान बना ली खुद को हिंदू बता कर उसे प्यार के झांसे में फंसा लिया। वह उसे बिहार से यहां अपने गांव ले आया। इस बीच जब उसे युवक के मुस्लिम होने की जानकारी हुई तो वह घर जाने की कोशिश करने लगी तो डरा धमका कर धर्म परिवर्तन करा कर उससे निकाह कर लिया। उससे एक बेटी भी पैदा हुई। अब मुस्लिम युवक ने दूसरी शादी कर उसे घर से निकाल दिया। अब युवती ने एसपी के यहां गुहार लगाई है। बिहार के जिला मुंगेर निवासी युवती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। पत्र में कहा गगया किं पैलानी थाने के अदरी गांव निवासी गफ्फार खान पुत्र सत्तार खान लेबर ठेकेदार है। वह उसके कस्बे में मजदूरों के लेने अक्सर आता जाता था उसी समय युवक से संपर्क हुआ उसने खुद को गफ्फार सिंह हिंदू बताया और उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। कुछ दिन बाद उसे वह अपने गांव अदरी ले आया यहां पता चला कि यह गफ्फार सिंह नहीं बल्कि गफ्फार खान है। इस दौरान युवती ने घर जाने का प्रयास किया तो दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया और उसे बंधक बनाए रखा। गांव में ही उसने उसे निकाह कर लिया जबरन उसके नाम के आगे बेगम लगा दिया कुछ दिनों बाद एक पुत्री हुई। युवक मां बेटी को प्रताड़ित करने लगा और उसके बाद मारपीट कर बेटी और उसे घर से निकाल दिया। उसने दूसरी मुस्लिम युवती से दूसरी शादी कर ली इस तरह हुआ लव जिहाद का शिकार हो गई महीनों से वह बेटी के साथ दर.दर की ठोकरें खा रही है। अब युवती ने एसपी से गुहार लगाते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बांदा में ही धर्मांतरण की आठवीं घटना है लगातार जबरन हिंदू बच्चियों को बेवकूफ बनाकर लव जिहाद में फंसा कर जबरदस्ती धर्मांतरण कराया जा रहा है।

## किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों को नहीं किया जायेगा बर्दाश्त:एक्सईएन

**उरई** (जालौन)। विद्युत विभाग के एक्सईएन इं. अखिलेश सिंह ने कहा कि वह विभाग में नियमों के अनुरूप ही कार्य करने में विश्वास रखते हैं। उनका प्रयास होगा कि विभाग में भी जो भी कार्य हो वह साफ सुथरा हो ताकि विभाग की कार्यशैली में सुधार हो सके। बातचीत के दौरान अधिशासी अभियंता ने कहा कि पिछले दिनों अंकित कोल्ड स्टोरेज में विद्युत चोरी का मामला पकड़ा गया था जिसमें धारा 126 के तहत कार्यवाही अमल में लायी गयी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही तथ्यों को कोई भी छिपा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि विभाग यदि कोई अच्छा कार्य करता है तो उसको लेकर कोई टीका टिप्पणी तो कर सकता है लेकिन सच्चाई को छुटलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपनी अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से भी साफ शब्दों में कहा कि वह भी अपनी कार्यशैली में बदलाव लायें और नियमानुसार की कार्य करने में विश्वास रखें। यदि आप लोग नियम के अनुरूप कार्य करेंगे तो आप लोगों पर भी कोई उंगली नहीं उठा सकेगा। बातचीत के क्रम में जब उनका ध्यान नगर में अनेकों स्थानों पर असुरक्षित रखे ट्रांसफार्मरों की ओर दिलाया जो उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में ऐसे ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाढ़ लगवाकर उन्हें सुरक्षित करने का प्रयास करें ताकि कोई भी बेजुवान की मौत न हो सके। अंत में उन्होंने कहा कि वह प्रयास करेंगे कि उनसे कोई गलती न हो फिर भी यदि होती है तो वह ऐसे मामले का संज्ञान लेकर सुधार का प्रयास जरूर करेंगे ताकि दूसरी बार किसी भी प्रकार की गलती न हो सके। क्योंकि स्वयं में सुधार करना ही बेहतर होता है।

## शिवपाल की पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

# डिंपल को जिताने का किया आह्वान



फाइल फोटो

**भाषा।** इटावा

**मैनपुरी** लोकसभा उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के स्टार प्रचारक बनने के अगले दिन प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के अध्यक्ष शिवपाल यादव ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उपचुनाव में सपा उम्मीदवार डिंपल यादव को जीत दिलाने का आह्वान किया। जसवंतनगर सीट से सपा के विधायक शिवपाल यादव ने अपने पैतृक गांव सैफई में अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की। करीब दो घंटे तक चली बैठक में यादव ने उपचुनाव में सपा उम्मीदवार डिंपल की जीत सुनिश्चित करने को कहा। गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई है। इस सीट के लिए आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में शिवपाल सिंह यादव की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जसवंतनगर भी मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के तहत आता है। शिवपाल का मैनपुरी के लोगों के साथ करीबी नाता है। मुलायम सिंह यादव की अनुपलब्धता की स्थिति में क्षेत्र में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शिवपाल उनके प्रतिनिधि के रूप में जाया करते थे। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल एक नेता के मुताबिक शिवपाल ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र को एक विशेष पहचान दी है। उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव का क्षेत्र के लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव था और उपचुनाव में सपा को जीत दिलाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेता के मुताबिक शिवपाल यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि नेताजी की बहू डिंपल यादव को मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा का प्रत्याशी बनाया गया है। शिवपाल यादव ने कहा, डिंपल हमारे परिवार की बड़ी बहू भी हैं। उन्हें जीत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर काम करें ताकि सपा उम्मीदवार को भारी मतों से जीत हासिल हो। शिवपाल यादव का डिंपल के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उतरना महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भाजपा ने इस सीट से रघुराज सिंह शाक्य को अपना उम्मीदवार बनाया है जो कभी शिवपाल यादव के करीबी सहयोगी थे। शाक्य इस साल के शुरू में भाजपा में शामिल होने से पहले प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के ही वरिष्ठ नेता थे। शाक्य ने मंगलवार को मैनपुरी में संवाददाताओं से बातचीत में शिवपाल यादव को अपना राजनीतिक गुरु बताया था और कहा था कि उन्हें उनके आशीर्वाद की भी जरूरत है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर लंबे समय से सपा का ही कब्जा है। इस सीट पर उपचुनाव के तहत मतदान पांच दिसंबर को होगा जबकि नतीजे की घोषणा आठ दिसंबर को की जाएगी। सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने पिछले सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। उस वक्त ना तो शिवपाल सिंह यादव और ना ही उनके बेटे आदित्य यादव उनके साथ शरीक थे।

# जागरुकता से साइबर अपराध को किया जा सकता है कम

## पुलिस लाइन सभागार में एचडीएफसी बैंक के साथ किया गया कार्यशाला का आयोजन




**बाँदा।** अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कार्यशाला में समस्त राजपत्रित अधिकारी व समस्त शाखा प्रभारी के साथ एचडीएफसी बैंक के समस्त अधि0ध्कर्मचारीगण रहे मौजूद साइबर अपराधों से बचने हेतु आमजनमानस को अपने किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी साझा न करने के सम्बन्ध में किया गया जागरुक। किया ।साइबर सेल द्वारा साइबर जागरुकता का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत पुलिस लाइन बांदा सभागार में भ्क्थ्ब् बैंक के साथ साइबर जागरुकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी । कार्यशाला में साइबर अपराध में प्रयोग होने वाले विभिन्न माध्यमों जैसें. फोन काल फ्राडए डेविड कार्डध्एटीएम कार्डध्एटीएम एक्सचेंज फ्राड व एटीएम क्लोन फ्राडए लॉटरीध्ईनाम के कॉल इत्यादि के लिंक भेजने सम्बन्धित फ्राडए गुगल पर गलत हेल्प लाइन नम्बर खोजने सम्बन्धी साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व इनसें बचने हेतु उनके तरिकों जैसें. मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को साझा न करनेए बैंकध्एटीएम विवरण की जानकारी न देनेए किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप ;जैसे एनी डेस्कए क्वीक सपोर्टए टीमव्यूवरए स्क्रीन मिरर आदिद्ध अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करेंए किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करने व आनलाइन खरीददारी करते समय सावधानियां बरतने के बारे में अवगत कराया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण बांदा व समस्त शाखा प्रभारी एवम एचडीएफसी बैंक के क्लस्तर हेड श्री संदीपए प्रबन्धक श्री जितेन्द्र सिंहए प्रशिक्षक श्री प्रतीक पाण्डेय और श्री आयुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली को पांच साल बाद मिल सकती है टेस्ट की मेजबानी

## ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** की टीम जब अगले साल फरवरी-मार्च में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार टेस्ट मैच खेलने के लिए भारत दौरे पर आएगी तो दिल्ली को पांच साल से अधिक समय बाद टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिल सकता है। बाकी तीन टेस्ट मैचों की मेजबानी के लिए जिन अन्य स्थलों को चुना जा सकता है उनमें अहमदाबाद और धर्मशाला तथा नागपुर या चेन्नई में से कोई एक शामिल हैं।

यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के लिए यह दूसरी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के अंतिम चार मैच होंगे। असल में भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराना होगा जो कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक रूप से चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला होती रही है लेकिन 2024 से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अगले भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में यह पांच मैचों की श्रृंखला होगी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के रोटेशन फार्मूला के अनुसार दिल्ली को टेस्ट मैच की मेजबानी मिलना तय है। दिल्ली में आखिरी टेस्ट मैच श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2017 में खेला गया था। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, दिल्ली को चार टेस्ट मैचों में से दूसरे टेस्ट मैच की मेजबानी मिल सकती है। दौरा एवं कार्यक्रम समिति की बैठक के बाद मैचों का कार्यक्रम सामने आ जाएगा। धर्मशाला जिसने मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने एकमात्र टेस्ट मैच की मेजबानी की थी उसे आगामी श्रृंखला में तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत चेन्नई या हैदराबाद में कर सकता है क्योंकि बेंगलुरु ने इस साल के शुरू में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच की मेजबानी की थी। वह दिन रात्रि टेस्ट मैच था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथा और अंतिम टेस्ट मैच आयोजित किया जा सकता है। अभी यह फैसला किया जाना बाकी है कि इन चार टेस्ट मैचों में से कौन सा मैच दिन रात्रि का होगा। बीसीसीआई ने अब तक गुलाबी गेंद से तीन टेस्ट मैचों की मेजबानी की है। यह मैच बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स, इंग्लैंड के खिलाफ मोटेरा और श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए थे। कोविड-19 के ब्रेक के बाद बीसीसीआई ने आठ टेस्ट मैचों की मेजबानी की है। इनमें से चार टेस्ट मैच इंग्लैंड (चेन्नई और अहमदाबाद), दो टेस्ट मैच न्यूजीलैंड (कानपुर और मुंबई) तथा इतने ही टेस्ट मैच श्रीलंका (चंडीगढ़ और बेंगलुरु) के खिलाफ खेले गए थे।

## टी20 विश्व कप 2024 का रोडमैप अभी से, कई खिलाड़ियों को मिलेगा मौकाः पंड्या

**भाषा।** वेलिंगटन




**भारत** के कार्यवाहक टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि 2024 टी20 विश्व कप का रोडमैप अभी शुरू हो गया है और कई खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने का दावा पुख्ता करने का मौका दिया जाएगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से दस विकेट से हार गई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर रहे पंड्या ने कहा कि टीम को विश्व कप की नाकामी से उबरना होगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा , हम सभी जानते हैं कि विश्व कप के प्रदर्शन से निराशा है लेकिन हम पेशेवर हैं और इससे उबरना होगा। हम जैसे सफलता को पीछे छोड़ देते हैं, वैसे ही इस असफलता को भी भुलाकर आगे की ओर देखना होगा। अपनी गलतियों से सबक लेना होगा। अगला टी20 विश्व कप 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। ऐसी संभावना है कि अगले दो साल में भारतीय टीम में काफी बदलाव होंगे और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे कई सीनियर खिलाड़ियों की रवानगी होगी।

पंड्या ने कहा , अगले टी20 विश्व कप में अभी दो साल है। हमारे पास नई प्रतिभाएं तलाशने के लिए समय है। काफी क्रिकेट खेली जाएगी और कई खिलाड़ियों को मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा, रोडमैप अभी से शुरू होता है लेकिन अभी बहुत जल्दबाजी है। हमारे पास काफी समय है तो हम आराम से इस पर विचार करेंगे। फिलहाल यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी यहां खेलने का मजा लें। भविष्य के बारे में बाद में बात करेंगे।

न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला में विराट, रोहित, केएल राहुल, दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। उनकी गैर मौजूदगी में शुभमन गिल, उमरान मलिक, ईशान किशन और संजू सैमसन को मौका दिया गया है।

पंड्या ने कहा , सीनियर खिलाड़ी यहां नहीं है लेकिन जिन्हें चुना गया है , वे भी डेढ दो साल से खेल रहे हैं। उन्हें काफी मौके दिए गए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वे अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं।उनके लिए काफी रोमांचित हूं। नए खिलाड़ी, नई ऊर्जा, नया रोमांच। उन्होंने कहा , कइयों के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां अच्छा खेलने पर वे चयन का दावा पुख्ता कर सकेंगे। भारत की सेमीफाइनल में हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अपने कॉलम में लिखा था कि भारत ने 2011 में वनडे विश्व कप जीतने के बाद कुछ हासिल नहीं किया है और सीमित ओवरों के इतिहास में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करने में हमेशा नाकाम रही है। इस बारे में पूछने पर पंड्या ने कहा , मुझे नहीं लगता कि हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत है। खराब खेलने पर लोग आलोचना करेंगे ही जिसका हम सम्मान करते हैं। खेल में हर कोई बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता है। हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है।

## सूर्यकुमार टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार




**दुबई ( भाषा )।** आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में बेहतरीन प्रदर्शन करके सूर्यकुमार नंबर एक बल्लेबाज बने थे जिसमें उन्होंने पांच पारियों में तीन अर्धशतक जमाए। इससे उन्हें कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 869 रेटिंग अंक मिले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 14 रन पर आउट होने के कारण इसमें दस अंक की गिरावट आई लेकिन उन्होंने शीर्ष स्थान कायम रखा। सूर्य ने विश्व कप में 189 . 68 की स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 गेंद में नाबाद 86 रन बनाए और 22 पायदान चढकर 12वें स्थान पर आ गए। शीर्ष दस में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम एक पायदान चढकर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोयू सातवें स्थान पर आ गए जबकि न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स एक पायदान खिसककर आठवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम पांचवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि डेवोन कोंवे चौथे स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में इंग्लैंड के आदिल रशीद पांच पायदान चढकर तीसरे स्थान पर आ गए। उन्होंने सेमीफाइनल में भारत और फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे सैम कुरेन दो पायदान चढकर पांचवें स्थान पर आ गए।

## क्विक न्यूज

### नेमार ब्राजील से जुड़े , विश्व कप से पहले किया अभ्यास

**तूरिन।** स्टार फॉरवर्ड नेमार ने विश्व कप से पहले पहली बार ब्राजील फुटबॉल टीम के साथ अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। फ्रांस से उड़ान की दिक्कत के कारण वह देर से टीम से जुड़े। फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन के साथ उन्होंने सत्र का पहला हिस्सा पूरा किया। पीएसजी में ही नेमार के साथ खेलने वाले डिफेंडर मारक्विन्हो भी देर से आए और उन्होने बाद मे हलका अभ्यास किया। ब्राजील ने इटली के तूरिन मे विश्व कप की तैयारियां शुरू की और शनिवार को कतर रवाना होने से पहले टीम वही रहेगी। पांच बार की विश्व कप चैम्पियन ब्राजील 24 नवंबर को पहले मैच मे सर्बिया से खेलेगी। उसके बाद उसे स्विटजरलैंड और कैमरून से खेलना है।

### डब्ल्यूटीए के 2023 कार्यक्रम में चीन में कोई टूर्नामेंट नहीं

**सेंट पीटर्सबर्ग।** डब्ल्यूटीए टूर ने 2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है जिसमे सितंबर मे होने वाले अमेरिकी ओपन तक चीन मे कोई टूर्नामेंट नही होना है। महिला टेनिस टूर ने अपने टूर्नामेंटो का कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया। सत्र का आखिरी डब्ल्यूटीए फाइनल्स 2030 तक चीन के शेंझेन मे होना है लेकिन 2020 मे कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन नही किया गया। इसके बाद 2021 में मेक्सिको और इस साल टैक्सास में इसे आयोजित किया गया। टूर के सीईओ स्टीव सिमोन ने एपी को दिए इंटरव्यू मे कहा था कि उन्हे नही पता कि 2023 में यह टूर्नामेंट कहां खेला जाएगा। उन्होंने कहा था कि चीन में इसके आयोजन से पहले कुछ मसलो का हल निकाला होगा। उन्होंने टेनिस स्टार पेंग शुआइ की सुरक्षा और कोरोना प्रतिबंधो का जिक्र किया। ग्रैंड स्लैम युगल चैम्पियन शुआइ एक पूर्व सरकारी अधिकारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद से लापता है। वह फरवरी मे बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के दौरान एक दो चौको पर नजर आई थी। उनकी सुरक्षा के मसले को लेकर डब्ल्यूटीए ने चीन मे अपने सारे टूर्नामेंट रद्द कर दिए थे।

### यंग स्टार अकादमी ने वोल्वरहैम्पटन एफसी के साथ हाथ मिलाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की यंग स्टार अकादमी ने भारत मे फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) क्लब वोल्वरहैम्पटन वांडरर्स एफसी के साथ साझेदारी की है। यंग स्टार अकादमी ने विज्ञप्ति में कहा, यंग स्टार अकादमी और वोल्व्स का विजन समान है जो फुटबॉल का विकास है। यंग स्टार अकादमी मे हम वोल्व्स की मदद से जमीनी स्तर की फुटबॉल मे क्रांति लाने का इरादा रखते है। उन्होंने कहा, इसका लक्ष्य भारत और यूरोप के बीच तकनीकी विशेषज्ञता के अंतर को पाटना और इसके जरिए बच्चो के खेल प्रतिनिधित्व को अधिकतम करना है। वोल्वरहैम्पटन की टीम अभी ईपीएल अंक तालिका में 20 टीम के बीच अंतिम स्थान पर चल रही है।

### मौजूदा चैंपियन युवराज को डिगबोई प्रतियोगिता में बढ़त

**डिगबोई।** मौजूदा चैम्पियन युवराज सिंह संधू ने इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ चैंपियनशिप के शुरूआती दौर में बुधवार को यहां नौ अंडर 63 का स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की। श्रीलंका के अनुरा रोहाना ने आठ अंडर 64 का कार्ड खेला और वह इस 75 लाख इनामी प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर है। दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल सात अंडर 65 के स्कोर के साथ तीसरे जबकि ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा चौथे स्थान पर है। उन्होंने छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। युवराज ने शानदार शुरूआत की और पहले चार होल मे ही तीन बर्डी बनाई। इसके अलावा उन्होने नौवे होल मे तथा अंतिम नौ होल मे पांच बर्डी बनाई।

### एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक सिक्किम में हुई

**गंगटोक।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की बैठक बुधवार को यहां आयोजित की गई। सितंबर में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष चुने गए कल्याण चौबे ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए जमीनी स्तर पर विकास महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा, मै देखता हूं कि सिक्किम का फुटबॉल के लिए प्यार सुनियोजित और मूल है। सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) के अध्यक्ष मेनला एथेनपा ने कहा कि यह पहली बार है जब एआईएफएफ ने राज्य में अपनी बैठक की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर सिक्किम के फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, सिक्किम को चुनने के लिए अध्यक्ष का धन्यवाद क्योंकि इससे फायदा होगा। कार्यकारी समिति के सदस्यो और चौबे ने यहां ताशी नामग्याल अकादमी (टीएनए) मैदान का दौरा किया जहां 300 खिलाड़ियो का कोचिंग शिविर चल रहा है।

## अन्वेषा आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

### समीर, सिमरन, रितिका ने नाम वापिस लिया



**सिडनी ( भाषा )।** अन्वेषा गौड़ा ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को जीत के साथ आगाज किया और वह टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हैं।

दिल्ली की 14 वर्ष की अन्वेषा इस साल छह फाइनल खेलकर चार जूनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने पिचाया एलिसिया विरावोंग को 21 मिनट में 21-9, 21-11 से मात दी। अब उनका सामना मलेशिया की गोह जिन वेइ से होगा। गोह ने भारत की तान्या हेमंत को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर वर्मा ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर ने भी नाम वापिस ले लिया। महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को चीनी ताइपै की ली चिया सिन और तेंग चुन सुन ने 21-16, 21-14 से मात दी।

## रुबलेव को हराकर जोकोविच सेमीफाइनल में

**एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट**

**एपी।** तूरिन



**पांच** बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां आंद्रे रुबलेव को 6-4, 6-। से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सातवें वरीय जोकोविच ने रुबलेव को केवल 68 मिनट में हरा दिया। यह उनकी दो मैचों में दूसरी जीत है। इस तरह से उन्होंने साल के इस आखिरी टूर्नामेंट में 11वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जोकोविच इस टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड छह खिताब की बराबरी करने की कवायद में हैं। उन्होंने यहां अपनी आखिरी खिताबी जीत 2015 में दर्ज की थी। जोकोविच ने अपने पहले मैच में स्टेफनोस सिटसिपास को हराया था। रेड ग्रुप में सिटसिपास का अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा जो अपना पहला मैच हार गए थे।

राफेल नडाल मंगलवार को अपना दूसरा मैच हारने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। कैस्पर रूड ने जहां सेमीफाइनल में जगह बना ली है वहीं फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और टेलर फ्रिट्ज गुरुवार को एक-दूसरे का सामना करेंगे जिसका विजेता ग्रीन ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचेगा।

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता रफेल नडाल एटीपी फाइनल्स में हारकर बाहर हो गए और एक बार फिर यह खिताब जीतने का उनका सपना अधूरा रह गया। शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल को पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे फेलिक्स आगर एलियास्मि ने 6-3, 6 -4 से हराया। यह ग्रुप चरण में उनकी लगातार दूसरी हार थी। इसके अलावा तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने टेलर फ्रिट्ज को हराकर नडाल का बाहर होना तय कर दिया। इस नतीजे से कार्लोस अलकाराज का साल के आखिर में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहना तय है। नडाल अपने कैरियर में दूसरी बार लगातार चार मैच हारे हैं। अमेरिकी ओपन और पेरिस के बाद यह उनकी लगातार चौथी हार थी। सत्र की शुरूआत में उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन जीता था लेकिन चोट के कारण विम्बलडन सेमीफाइनल से हटना पड़ा।

## मणिपुर लगातार दूसरी बार पूर्वोत्तर ओलंपिक खेलों में शीर्ष पर

**शिलांग ( भाषा )।** मणिपुर ने बुधवार को यहां संपन्न पूर्वोत्तर ओलंपिक खेलों में 85 स्वर्ण पदक सहित कुल 237 पदक के साथ लगातार दूसरे साल शीर्ष स्थान हासिल किया। मणिपुर ने 76 रजत और 77 कांस्य पदक भी जीते। असम 81 स्वर्ण, 60 रजत और 60 कांस्य पदक सहित कुल 201 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। देश के पूर्वोत्तर हिस्से के आठ राज्यों के खिलाड़ी 10 नवंबर से इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे। अरुणाचल प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया जबकि मेजबान मेघालय की टीम 36 स्वर्ण, 35 रजत और 78 कांस्य पदक सहित कुल 149 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रही। मेघालय की टीम पहले सत्र में सिर्फ 39 पदक ही जीत सकी थी। मुक्केबाज एमसी मेरीकोम और भारोत्तोलक मीराबाई चानू जैसे दिग्गज खिलाड़ी भारत को देने वाले मणिपुर ने बुधवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन सात स्वर्ण सहित 17 पदक जीतकर असम को पछाड़ा। मणिपुर की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को फाइनल में अरुणाचल प्रदेश को 3-0 से हराया। शिलांग में 12 स्थलों पर 18 खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग तीन हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अरुणाचल को 2019 में दूसरे सत्र की मेजबानी करनी थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण शिलांग को मेजबान शहर चुना गया। तीसरे सत्र की मेजबानी नगालैंड को करनी है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनरेड संगमा ने कहा कि बुनियादी ढांचे से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद खेलों का सफल आयोजन किया गया। क्षेत्र के कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया जबकि कुछ स्पर्धाओं का आयोजन अंडर-17 और अंडर-21 वर्ग में किया गया।

## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दीपक, वंशज की अच्छी शुरुआत

**भाषा।** नई दिल्ली

**एशियाई** युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पदक विजेताओं दीपक और वंशज ने स्पेन के ला नूसिया में आईबीए युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

भारत के अभियान की शुरुआत विश्वनाथ सुरेश ने जीत के साथ की। दीपक (75 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा मुकाबले में अल्बानिया के यूसेद निका को हराया जब रैफरी ने भारतीय मुक्केबाज के दबदबे को देखते हुए मुकाबला रोक दिया। दीपक ने एक मिनट से कुछ अधिक समय में जीत दर्ज की। वंशज भी 63.5 किग्रा वर्ग के पहले दौर के मैच में उज्बेकिस्तान के बोल्ताएव शवकात्जोन के खिलाफ पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे। उन्होंने मुकाबले में दबदबा बनते हुए 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। हरियाणा के वंशज और दीपक ने इस साल की शुरुआत में जोर्डन में हुई एएसबीसी एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते थे। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो पुरुष सहित पांच भारतीय चुनौती पेश करेंगे। लाशु यादव (70 किग्रा) और प्रांजल यादव (81 किग्रा) क्रमशः पोलैंड की मार्ता जरविंस्का और उज्बेकिस्तान की ओल्टिनोय सोतिमबोएवा के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मैच खेलेंगें जबकि प्रीति दहिया (57 किग्रा) राउंड ऑफ 32 में कोलंबिया की क्लाउडिया डेनिएला से भिड़ेंगी। पुरुष वर्ग में आशीष का सामना राउंड ऑफ 32 में ईरान के नीमा बयाती से होगा जबकि हर्ष की भिड़ंत राउंड ऑफ 64 में हंगरी के लेवेंटे ओलाह से होगी। भारतीय मुक्केबाजों ने चैंपियनशिप के पिछले सत्र में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण सहित 11 पदक जीते थे। इस साल भारत के 25 सदस्ईय दल में 13 पुरुष और 12 महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

## एशियाई एयरगन प्रतियोगिता में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन दांव पर लगे चारों स्वर्ण पदक जीत लिए। प्रतियोगिता में अभी दो दिन और बाकी हैं और भारत 21 स्वर्ण पदक जीत चुका है। दिन की पहली पदक स्पर्धा के ऑल इंडिया फाइनल में रिद्धम सांगवान ने पलक को 16-8 से हराकर साल का अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। रिद्धम ने विश्व कप के काहिरा चरण के दौरान भी इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। एक अन्य ऑल इंडिया फाइनल में मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला जूनियर स्पर्धा में ईशा सिंह को करीबी मुकाबले में 17-15 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू की तिकड़ी ने ली डेमयुंग, मोक जिन मुन और पार्क डेइहुन की कोरिया की टीम को 16-14 से शिकस्त दी। जूनियर पुरुष स्वर्ण में भी सागर डांगी, सम्राट राणा और वरूण तोमर की भारतीय टीम ने बाजी मारी। भारतीय तिकड़ी ने मुखामद कमालोव, नूरीद्दीन नूरीदिनोव और इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष जूनियर स्पर्धा के फाइनल में एकतरफा मुकाबल में 16-2 से हराया।

## शरत कमल आईटीटीएफ एथलीट आयोग में पहले भारतीय

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के खिलाड़ियों के आयोग में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। एशिया, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशनिया से आठ खिलाड़ी (चार पुरूष और चार महिला) 2022 से 2026 के लिए आयोग में चुने गए हैं।

भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को 187 वोट मिले जबकि उनसे अधिक वोट सिर्फ रोमानिया की एलिजाबेटा समारा (212) को ही मिले। चीन की लियू शिवेन महिला कोटे से चुनी गई लेकिन उन्हें सिर्फ 153 वोट मिले। शरत कमल ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , मैं काफी अभिभूत हूं। मैं समूचे एशिया और हर मतदाता को इस प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूं। इसके अलावा प्रशासकों की समिति को भी मेरा नाम आईटीटीएफ को भेजने के लिए धन्यवाद देता हूं। सात से 13 नवंबर तक हुए मतदान में विभिन्न क्षेत्रों के आठ उम्मीदवारों के चयन के लिए 283 खिलाड़ियों ने वोट डाले जो 2018 की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।दो पैरा एथलीटों को भी आयोग में जगह मिली है। शरत कमल को इस साल देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न के लिए भी चुना गया है।वह भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के भी उपाध्यक्ष हैं। वह उन दस प्रमुख खिलाड़ियों में से है जिन्हें अगले महीने होने वाले चुनाव से पहले आईओए में चुना गया।

### एशियाई कप टेबल टेनिस में भारतीयों को कड़ा ड्रा

**नई दिल्ली ( भाषा )।** दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल और भारतीयों में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जी साथियान को गुरुवार से बैंकॉक में शुरू होने वाले आईटीटीएफ एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने गए विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल का पहला मुकाबला विश्व में 16वें नंबर के चीनी ताइपे के चुआंग चिह युआन से होगा जबकि विश्व में 39वें नंबर के साथियान जापान के विश्व में 26वें नंबर के युकिया उडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व में 44वें नंबर की मनिका बत्रा इस दो लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उनका पहला मुकाबला विश्व में सातवें नंबर और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग जिंगटोंग से होगा। इस प्रतियोगिता में पहली बार पुरुष और महिला एकल के मुकाबले सीधे नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में एशिया के चोटी के 16 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वांग चुक्निन और तीसरी वरीयता प्राप्त लिन गयुआन तथा जापान के दूसरी वरीयता प्राप्त टोमोकाजू हरिमोटो और युकिया उडा शामिल हैं। साथियान और शरत का इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन छठे नंबर पर रहना है। साथियान ने 2019 में याकोहामा और शरत ने 2015 में जयपुर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## खेल मंत्रालय ने विनेश फोगाट को बुल्गारिया में अभ्यास की मंजूरी दी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** खेल मंत्रालय ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को बुल्गारिया के बेलमेकेन में पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता सेराफिम बरजाकोव की देखरेख में ऊंचाई वाले स्थल पर अभ्यास करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता फोगाट के साथ उसके फिजियो अश्विनी पाटिल भी बेलमेकेन जाएंगे। बेलमेकेन समुद्र तल से लगभग 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह 19 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिविर सात नवंबर से शुरू होगा जिसमें कुछ अन्य शीर्ष पहलवानों जैसे बिलियाना डुडोवा (2021 विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता) और एवेलिना निकोलोवा (2020 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के भी शामिल होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि विनेश और उनके फिजियो का सारा खर्च भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत उठाया जाएगा।